राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 भारत में जीतना बेहद कडी चुनौती, इंग्लैंड के ऑलराउंडर क्रिस वोस.......

छीसगढ़ चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने जारी की उमीदवारों की तीसरी...... 12

वर्ष : 14 | अंक : 154 | नई दिल्ली, शनिवार, 14 अक्टूबर, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

बागी' विधायकों की अयोग्यता मामले में अध्यक्ष 17 अक्टूबर तक समय बताएं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष से कहा कि वह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के बागी विधायकों के खिलाफ शुरू की गई अयोग्यता की कार्यवाही पर फैसला करने की समय-सारिणी 17 अक्टूबर तक बताएं। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने फैसला करने में देरी पर नाखुशी जाहिर करते हुए कहा, अयोग्यता की कार्यवाही को दिखावे तक सीमित नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा, ₹अध्यक्ष दसवीं अनुसूची के तहत न्यायाधिकरण के रूप में कार्य करता है और वह इस अदालत के अधिकार क्षेत्र में संशोधन योग्य है। उसके समक्ष कार्यवाही को दिखावे तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए। हमें विश्वास की भावना पैदा करनी होगी। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि वह इस अदालत के आदेश को खारिज नहीं कर सकते, इस लिए उन्हें इस मामले का फैसला करना होगा। पीठ ने सॉलिसिटर जनरल से कहा, 'आपको अध्यक्ष को अवगत कराना चाहिए, उन्हें एक समय-सारणी तय करनी होगी...हमारे आदेश का कार्यान्वयन नहीं हो रहा है, यह हमारी चिंता है।' शीर्ष अदालत ने कहा कि उसने इस मामले में फैसला करने के लिए 14 जुलाई को नोटिस जारी किया था और 18 सितंबर को इसके बारे में फिर से समय-सारिणी तय करने को कहा था। पीठ ने मौखिक रूप से कहा, ₹हम यह कहने के लिए बाध्य हैं कि उन्हें दो महीने के भीतर निर्णय लेना होगा। कोई नहीं कह रहा है कि क्या निर्णय लेना है। विचार यह है कि अगले चुनाव तक इसे यूं ही न चलने दिया जाए और मामले को निरर्थक बना दिया जाए। हम सरकार की हर शाखा का सम्मान करते हैं, लेकिन इस अदालत का आदेश लागू करना होगा।' पीठ ने श्री मेहता को अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेने के लिए मंगलवार को समय-सारिणी के बारे में शीर्ष अदालत को अवगत कराने का निर्देश दिया। पीठ के समक्ष श्री मेहता ने कहा कि याचिकाकर्ता पक्ष अध्यक्ष के समक्ष एक के बाद एक दस्तावेज दाखिल करता रहा है और वे प्रक्रिया तय नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि अदालत को इस याचिका पर सुनवाई नहीं करनी चाहिए कि संवैधानिक पदाधिकारी (अध्यक्ष) को दिन-प्रतिदिन क्या करना चाहिए। शीर्ष अदालत की संविधान पीठ ने 11 मई 2023 को अध्यक्ष को उचित अवधि के भीतर मामले का फैसला करने का निर्देश दिया था। पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे समूह की नई याचिका में यह भी कहा गया है कि अध्यक्ष ने 23 जून 2022 से लंबित अयोग्यता याचिकाओं के संबंध में कोई बैठक नहीं बुलाई है, जबकि सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के 11 मई 2023 के आदेश के बाद उन्हें तीन अभ्यावेदन भेजे गए थे, जिसमें उन्हें उचित अवधि के भीतर निर्णय लेने का आदेश दिया गया था। शीर्ष अदालत ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और शिंदे सरकार में शामिल हुए अन्य विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेने में देरी के खिलाफ राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के जयंत पाटिल की एक अलग याचिका पर भी नोटिस जारी किया।

मौसम

अधिकतम तापमान 35.6°C

न्यूनतम तापमान 26.9°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

हां	30%
नहीं	50%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	61,140
चांदी	73,500
सेंसेक्स	67,597
निफ्टी	20,133

संक्षिप्त खबरें

सीबीआई ने दो लापता मणिपुरी छात्रों के मामले में मुख्य षड्यंत्रकर्ता को गिरफ्तार किया

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दो लापता मणिपुरी छात्रों के मामले का मुख्य षड्यंत्रकर्ता होने के संदेह में 22 वर्षीय एक युवक को पुणे से गिरफ्तार किया है। दोनों छात्रों के बारे में माना जा रहा है कि उनकी हत्या कर दी गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीबीआई की एक विशेष टीम ने पाओलुनमांग को बुधवार को पुणे से गिरफ्तार किया और अदालत में पेश करने के लिए उसे गुवाहाटी ले गई। उन्होंने बताया कि विशेष अदालत ने उन्हें 16 अक्टूबर तक सीबीआई की हिरासत में भेज दिया है। उन्होंने बताया कि सीबीआई को इस मामले में पाओलुनमांग के मुख्य षड्यंत्रकर्ता होने का संदेह है। केंद्रीय एजेंसी ने एक अक्टूबर को मामले में दो पुरुषों पाओमिनलुन हाओकिप, स्मालसॉम हाओकिप और दो महिलाओं ल्हिंगनेइचोंग बैतेकुकी, टिननेइलिंग हेंथांग को गिरफ्तार किया था। फिजाम हेमनजीत (20) और 17 वर्षीय लड़की हिजाम लिनथोइंगंबी छह जुलाई को लापता हो गए।

बंटी हुई दुनिया नहीं कर सकती बड़ी वैश्विक चुनौतियों का समाधान : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को जी 20 देशों के संसद अध्यक्षों से कहा कि संकटों और टकरावों से जूझ रहे विश्व के सामने आतंकवाद जैसी बड़ी चुनौतियां हैं जिनका समाधान बंटी हुई दुनिया नहीं कर सकती, इसीलिए यह मिलकर साथ चलने और व्यापक भागीदारी से निर्णय लेने का समय है। श्री मोदी ने आज यहां यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में जी 20 देशों के संसदीय अध्यक्षों के नौवें पी 20 सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए इजरायल तथा फलस्तीन के बीच जारी भीषण संघर्ष तथा रूस एवं यूक्रेन टकराव के परिप्रेक्ष्य में कहा,' दुनिया के अलग-अलग कोनों में जो कुछ भी घट रहा है, उससे आज कोई भी अछूता नहीं है। संघर्ष और टकराव से आज दुनिया संकटों से जूझ रही है।' प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में सुधारों की वकालत करते हुए कहा,' यह संकटों से भरी दुनिया किसी के भी हित में नहीं है। मानवता के सामने जो बड़ी चुनौतियां हैं, उनका समाधान एक बंटी हुई दुनिया नहीं दे सकती। यह शांति और भाईचारे का समय है, साथ मिलकर चलने का समय है, साथ आगे बढ़ने का समय है। यह सबके विकास और कल्याण का समय है।' श्री मोदी ने कहा कि वैश्विक विश्वास के संकट को दूर करना होगा और मानव केंद्रित सोच पर आगे बढ़ना जरूरी है। उन्होंने कहा,' हमें विश्व को एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य की भावना से देखना होगा। दुनिया से जुड़े फैसले लेने में भागीदारी जितनी अधिक होगी, उतना ही बड़ा इम्पैक्ट होगा।' उन्होंने कहा कि भारत ने इसी भावना पर आगे बढ़ते हुए अफ्रीकी संघ को जी 20 का स्थायी सदस्य बनाने का प्रस्ताव रखा और सभी ने इसे स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में अफ्रीकी देशों की संसदों के अध्यक्ष इस सम्मेलन में हिस्सा ले रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दशकों से सीमा पार आतंकवाद का सामना कर रहा है और इसमें भारतीय संसद पर आतंकवादी हमला भी शामिल है। उन्होंने कहा,' भारत ऐसी अनेक आतंकी वारदातों से निपटते हुए आज यहां पहुंचा है। अब दुनिया को भी एहसास हो रहा है कि टैररिज्म दुनिया के लिए कितनी बड़ी चुनौती है। टैररिज्म चाहे कहीं भी होता हो, किसी भी कारण से होता हो, किसी भी रूप में होता है, लेकिन वो मानवता के विरुद्ध होता है। ऐसे में टैररिज्म को लेकर हम सभी को लगातार सख्ती बरतनी ही होगी।' श्री मोदी ने आतंकवाद की परिभाषा को लेकर दुनिया में आम सहमति नहीं बनने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा,' मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि टैररिज्म की परिभाषा को लेकर आम सहमति ना बन पाना ये बहुत दुखद है। दुनिया के इसी रवैये का फायदा मानवता के दुश्मन उठा रहे हैं। दुनिया-भर की पार्लियामेंट्स को, रिप्रेजेंटेटिव्स को ये सोचना होगा कि टैररिज्म के विरुद्ध इस लड़ाई में हम कैसे मिलकर काम कर सकें।' उन्होंने कहा कि दुनिया की चुनौतियों से निपटने के लिए जन-भागीदारी से बेहतर माध्यम नहीं हो सकता। प्रधानमंत्री ने कहा,' मेरा हमेशा से ही मानना रहा है कि सरकारें बहुमत से बनती हैं, पर देश सहमति से चलता है। हमारी पार्लियामेंट्स, और ये पी 20 फोरम भी इस भावना को सशक्त कर सकती है।' भारत में संसदीय परंपराओं का इतिहास हजारों वर्ष पुराना बताते हुए उन्होंने इनमें देशवासियों के अटूट विश्वास का उल्लेख किया। उन्होंने कहा,' इसकी एक बड़ी वजह है जिसे आपको जानना और समझना बहुत अहम है। ये शक्ति है, हमारी विविधता, हमारी विशालता, हमारी वाइब्रेंसी। हमारे यहां हर आस्था के लोग हैं। सैकड़ों तरह का खानपान, सैकड़ों तरह का रहन-सहन हमारी पहचान है। भारत में सैकड़ों भाषाएं बोली जाती हैं, हमारे यहां सैकड़ों बोलियां हैं।' उन्होंने कहा, '21वीं सदी में भारत की ये वाइब्रेंसी, विविधता में एकता, हमारी बहुत बड़ी शक्ति है। ये वाइब्रेंसी हमें हर चुनौती से लड़ने की, हर मुश्किल का मिलकर समाधान करने की प्रेरणा देती है।' भारत में संसद और चुनावों की परंपरा को हजारों वर्ष पुराना बताते हुए उन्होंने कहा कि देश में आम चुनावों बड़ा उत्सव का रूप ले लेते हैं। उन्होंने सम्मेलन में आये सभी प्रतिभागियों को चुनाव के दौरान भारत आकर चुनावी प्रक्रिया को देखने का निमंत्रण भी दिया। उन्होंने भारत में चुनावों तथा संसदीय परंपराओं में सकारात्मक सुधारों का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ायी जा रही है और हाल ही में संसद तथा विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर ऐतिहासिक पहल की गयी है। इससे संसदीय परंपरा और समृद्ध होगी। इससे देश में संसदीय परंपराओं में अटूट विश्वास का भी पता चलता है।

शुक्रवार को 9वें जी20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन (पी20) का उद्घाटन करेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को सुबह लगभग 11 बजे यशोभूमि, नई दिल्ली में 9वें जी 20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन (पी 20) का उद्घाटन करेंगे। शिखर सम्मेलन की मेजबानी भारत की संसद द्वारा भारत की जी 20 प्रेसीडेंसी के व्यापक ढांचे के तहत की जा रही है। भारत की जी 20 प्रेसीडेंसी की थीम के अनुरूप, 9वें पी 20 शिखर सम्मेलन का विषय एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के लिए संसद है। इस कार्यक्रम में जी 20 सदस्यों और आमंत्रित देशों की संसदों के अध्यक्ष भाग लेंगे। 9-10 सितंबर को नई दिल्ली जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में अफ्रीकी संघ के जी20 का सदस्य बनने के बाद पैन-अफ्रीकी संसद पहली बार पी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेगी। इस पी 20 शिखर सम्मेलन के दौरान विषयगत सत्र चार विषयों सार्वजनिक डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से लोगों के जीवन में परिवर्तन; महिलाओं के नेतृत्व वाला विकास; एसडीजी में तेजी लाना; और सतत ऊर्जा संक्रमण पर केंद्रित होंगे। प्रकृति के साथ सद्भाव में हरित और टिकाऊ भविष्य की दिशा में पहल पर विचार-विमर्श करने के लिए आज (12 अक्टूबर) लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवन शैली) पर एक शिखर सम्मेलन-पूर्व संसदीय मंच भी आयोजित किया जाएगा।

आतंकवाद के खिलाफ सख्त रूख अपनाये जाने की जरूरत: मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इजरायल और फलस्तीन में जारी संघर्ष के बीच सभी तरह के आतंकवाद को मानवता के लिए सबसे बडी चुनौती बताते हुए आज कहा कि टकराव और संघर्ष से भरी दुनिया किसी के हित में नहीं है तथा आतंकवाद से निपटने के लिए लगातार सख्त रवैया अपनाये जाने की जरूरत है। इजरायल और फलस्तीन के बीच संघर्ष का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए उन्होंने जोर देकर कहा कि परस्पर विश्वास की कमी का सामना कर रही तथा बंटी हुई दुनिया टकरावों का समाधान नहीं कर सकती। श्री मोदी ने शुक्रवार को यहां यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में जी 20 देशों के संसदीय अध्यक्षों के नौवें पी 20 सम्मेलन का उदघाटन करते हुए कहा, 'आतंकवाद चाहे कहीं भी होता हो, किसी भी कारण से, किसी भी रूप में होता है, लेकिन वो मानवता के विरुद्ध होता है ।ऐसे में आतंकवाद को लेकर हमें निरंतर सख्ती बरतने की जरूरत है !' उन्होंने कहा कि दुनिया अभी संघर्षों और टकराव से जूझ रही है और इस तरह की दुनिया किसी के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि यह बंटी हुई दुनिया टकरावों का समाधान नहीं कर सकती । उन्होंने कहा, 'यह शांति और भाईचारे का समय है, साथ मिलकर चलने का समय है, साथ आगे बढ़ने का समय है। यह सबके विकास और कल्याण का समय है।' श्री मोदी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद की परिभाषा को लेकर आम सहमति नहीं बनना दुखद है। आतंकवादी संगठन इसका फायदा उठा रहे हैं। दुनिया भर की संसदों को मंथन करना होगा कि जनभागीदारी के आधार पर इससे कैसे निपटा जाये। प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी को एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य के मूल मंत्र तथा भावना के साथ आगे बढते हुए विश्वास के संकट को दूर करना होगा। संयुक्त राष्ट्र में सुधारों की वकालत करते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया से जुडे फैसलों में निर्णय लेते समय भागीदारी जितनी बडी होगी उन निर्णयों का प्रभाव भी उतना ही बडा होगा। इस संदर्भ में उन्होंने अफ्रीकी संघ को जी 20 देशों के समूह में शामिल करने की भारत की पहल का उदाहरण भी दिया। भारतीय संसद पर आतंकवादी हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने बडी हिम्मत और ताकत से उसका मुकाबला किया और इसी तरह की चुनौतियों से निपटते हुए ही भारत आज यहां तक पहुंचा है। श्री मोदी ने देश में संसदीय परंपराओं में आम सहमति तथा विचार विमर्श के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार भले ही बहुमत से बनती हो लेकिन देश विचार विमर्श तथा आम सहमति से चलता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत मं हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढायी जा रही है और हाल ही में संसद तथा विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर ऐतिहासिक पहल की गयी है। इससे संसदीय परंपरा और समृदध होगी।इससे देश में संसदीय परंपराओं में अटूट विश्वास का भी पता चलता है।

अडाणी मामले में ताजा खुलासों से 12,000 करोड़ रुपये की हेराफेरी का संकेत मिलता है: कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि एक विदेशी समाचार पत्र द्वारा अडाणी समूह से संबंधित मामले में किए गए ताजा खुलासे से संकेत मिलता है कि 'दो वर्षों में 12,000 करोड़ रुपये से अधिक की हेराफेरी हुई होगी।' पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान में इसे आधुनिक भारत का "सबसे बड़ा घोटाला" करार दिया और दावा किया कि करोड़ों भारतीय नागरिकों की जेब से वस्तुतः चोरी की गई है। उन्होंने सत्तारूढ़ भाजपा सरकार पर अडाणी समूह को संपत्ति हासिल करने में 'मदद करने' का भी आरोप लगाया। रमेश ने यह आरोप भी लगाया कि भाजपा के पास चुनावी बॉन्ड का पैसा है जिसकी बदौलत वह विधायक खरीदती और विपक्षी दलों को तोड़ती है। इन आरोपों पर अडाणी समूह की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है। रमेश ने बयान में कहा, "यह आधुनिक भारत का सबसे बड़ा घोटाला है। इसमें लालच और संवेदनहीनता के साथ-साथ भारत के लोगों के प्रति उदासीनता का मिश्रण है। यह इस विश्वास पर आधारित है कि ऐसा कोई घोटाला नहीं है जिसे 'मैनेज' नहीं किया जा सके और ऐसा कोई मुद्दा नहीं है जिससे ध्यान न भटकाया जा सके।" कांग्रेस नेता ने कहा, "लेकिन शहंशाह गलत हैं। भारत पर 'मोडानी' का कब्जा नहीं होगा। भारत की जनता 2024 में जवाब देगी।" उनके मुताबिक, ब्रिटिश समाचार पत्र 'फाइनेंशियल टाइम्स' के ताजे खुलासे में 2019 और 2021 के बीच अडाणी के 31 लाख टन मात्रा वाले 30 कोयला शिपमेंट का अध्ययन किया गया, जिसमें कोयला व्यापार जैसे कम मुनाफे वाले व्यवसाय में भी 52 प्रतिशत लाभ पाया गया। अमेरिकी कंपनी 'हिंडनबर्ग रिसर्च' द्वारा अडाणी समूह के खिलाफ 'अनियमितताओं' और स्टॉक मूल्य में हेरफेर का आरोप लगाए जाने के बाद से कांग्रेस इस कारोबारी समूह पर निरंतर हमलावर है और आरोपों की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच कराए जाने की मांग कर रही है। अडाणी समूह ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में लगाए गए सभी आरोपों से इनकार किया है। उसका कहना है कि उसकी ओर से कोई गलत काम नहीं किया गया है।

ईवीएम से चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता, दक्षता बढ़ी है: मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि लगभग 100 करोड़ भारतीय अगले वर्ष लोकसभा चुनाव में मतदान करने के पात्र होंगे। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) ने देश की चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता और दक्षता बढ़ा दी है। मोदी ने यहां जी20 के सदस्य देशों की संसदों के पीठासीन अध्यक्षों एवं सभापतियों (पी20) के नौवें सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रतिनिधियों को "लोकतंत्र के उत्सव" (2024 की गर्मियों में प्रस्तावित लोकसभा चुनाव) को देखने के लिए अगले साल फिर से भारत आने के वास्ते आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में भारी मतदान देश की संसदीय परंपराओं में लोगों के भरोसे को दशार्ता है। पिछले संसदीय चुनाव में 91 करोड़ पात्र मतदाताओं में से 67 प्रतिशत से अधिक ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। उन्होंने कहा कि देश की चुनावी प्रक्रिया का आधुनिकीकरण किया गया है और अब पिछले 25 वर्ष से ईवीएम का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ईवीएम से चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता आई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब चुनाव परिणाम मतगणना शुरू होने के कुछ घंटों के भीतर ही पता चल जाते हैं। कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए हैं। कुछ दलों ने मतपत्र प्रणाली का फिर से इस्तेमाल किये जाने की मांग की है। मोदी ने याद किया कि पिछले लोकसभा चुनाव में लोगों ने उनकी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को लगातार दूसरी बार विजयी बनाया था। उन्होंने कहा कि यह दुनिया की सबसे बड़ी चुनावी कवायद थी, जिसमें पंजीकृत मतदाताओं की कुल संख्या पूरे यूरोप की आबादी से अधिक थी। उन्होंने प्रतिनिधियों को बताया कि 2019 के चुनाव में महिलाओं की रिकॉर्ड भागीदारी देखी गई। राजनीतिक भागीदारी के बढ़ते दायरे का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले आम चुनाव में 600 से अधिक राजनीतिक दलों ने हिस्सा लिया था और एक करोड़ सरकारी कर्मचारियों ने चुनाव का काम किया था। उन्होंने कहा कि चुनाव के लिए 10 लाख मतदान केंद्र बनाए गए थे।

आतंकवाद मानवाधिकार में वोट देने और सरकार चुनने का अधिकार भी शामिल है.................

आतंकवाद, हिंसा मानवाधिकारों के खिलाफ हैं, भारत शांति में विश्वास करता है : कोविंद

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग
National Human Rights Commission
स्थापना दिवस
FOUNDATION DAY

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शुक्रवार को कहा कि हर तरह के आतंकवाद और हिंसा के कृत्य मानवाधिकार के बुनियादी सिद्धांतों के विरुद्ध हैं और इनकी निंदा होनी चाहिए। श्री कोविंद ने कहा कि भारत बराबर मानवाधिकारों का सम्मान करता है और कहीं भी युद्ध शुरू किए जाने के बजाय शांति में विश्वास रखा है। पूर्व राष्ट्रपति राजधानी में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के 30वें स्थापना दिवस समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, ह्यह्यभारत सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में हिंसा और आतंकवाद की निंदा करता है। इस अवसर पर मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा ने कहा कि हिंसक उग्रवाद-मानवाधिकारों, अंतरराष्ट्रीय शांति, सुरक्षा और सतत विकास के लिए खतरा है, इसलिए जागरूकता बढ़ाने के लिए इस क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार में वोट देने और सरकार चुनने का अधिकार भी शामिल है। राज्य को हिंसा-मुक्त चुनाव सुनिश्चित करना चाहिए, ताकि नागरिक मौलिक लोकतांत्रिक अधिकारों का आनंद उठा सकें। श्री कोविंद ने कहा कि मानवाधिकार आयोग ने इन 30 वर्षों में मानवाधिकारों के संवर्धन, संरक्षण और समाज के वंचित तथा कमजोर वर्गों के अधिकारों का पूरा समर्थन किया है। पूर्व राष्ट्रपति ने इस अवसर पर हाल में भारत की अध्यक्षता में नई दिल्ली में हुए जी20 देशों के शिखर सम्मेलन में अफ्रीकी यूनियन को अफ्रीकी संघ को समूह का पूर्ण सदस्य बनाये जाने का उल्लेख किया और कहा कि हमारा यह प्रयास दशार्ता है कि हम 'वसुधैव कुटुंबकम' यानी पूरी दुनिया एक परिवार है, के सिद्धांत पर विश्वास करते हैं और उस पर कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में भारत ने जी-20 की अध्यक्षता के दौरान विश्व मंच पर अपनी उपस्थिति और अपने प्रभाव को और बढ़ाया है तथा मानवाधिकारों के हित में, जलवायु संबंधी चुनौतियों का समाधान करने, नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों को बढ़ावा देने और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ाने पर जोर दिया है। न्यायमूर्ति मिश्रा ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, ट्विटर और टीवी बहसों में अक्सर मानवाधिकारों का उल्लंघन होता है। व्यक्तियों की गरिमा और प्रतिष्ठा को ठेस पहुँचती है। मीडिया बहसों का गिरता स्तर चिंता का कारण है। सभी संबंधित पक्षों की जिम्मेदारी है कि वे यह सुनिश्चित करें कि युवा पीढ़ी पर असभ्य बहस और संवाद का बुरा प्रभाव न पड़े। मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि बदलती शिक्षा प्रणाली को लेकर विद्यार्थियों में आत्महत्याओं की संख्या बढ़ रही है, जो चिंताजनक है। विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा हो रही हैं। शिक्षा नीति में किसी भी तरह का भेदभाव समाप्त होना चाहिए और कम से कम स्नातक स्तर तक शिक्षा अनिवार्य कर दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि शारीरिक और मानसिक कल्याण के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं हर इंसान का अधिकार हैं। हालांकि, बिना सहमति के चिकित्सा उपचार और प्रयोग के लिए कोई नियम नहीं है। न्यायमूर्ति मिश्रा ने डिजिटल प्रौद्योगिकी और नवाचार में प्रगति को स्वीकार करते हुए कहा कि डेटा गोपनीयता, ई-कॉमर्स, बैंकिंग धोखाधड़ी, व्यापार और अंतरराष्ट्रीय अपराध सिंडिकेट से संबंधित साइबरस्पेस में लोगों के अधिकारों के उल्लंघन की रक्षा के लिए कानूनी ढांचा गति नहीं पकड़ पाया है। उन्होंने कहा कि आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट करने के लिए बिचौलियों को जवाबदेह बनाया जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए अध्यक्ष ने कहा कि ऊर्जा परिवर्तन के कारण प्रभावित श्रमिकों के लिए वैकल्पिक रोजगार के अवसर सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। न्यायमूर्ति मिश्रा ने कहा, हमारा जोर आविष्कार के लिए जरूरी मौलिक चिंतन क्षमता विकसित करने पर होना चाहिए। भारत में भाषाओं की विविधता है। हमारी शिक्षा विभिन्न भारतीय भाषाओं में साहित्य को बढ़ावा देने और हमारी संस्कृति को समृद्ध करने की दिशा में केंद्रित होनी चाहिए। उन्होंने भिखारियों, ट्रांसजेंडर, यौनकर्मियों, अनाथों और तस्करी के शिकार नाबालिगों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए दस्तावेज और आधार कार्ड उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों से अपील की।

संक्षिप्त समाचार

हजारों की स्मैक के साथ कार सवार गिरफ्तार

रूड़की, एजेंसी। पुलिस ने एक कार सवार को हजारों की कीमत की स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार को सीज कर दिया है। साथ ही युवक को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। कोतवाली गंगनहर पुलिस को बुधवार की देर शाम सूचना मिली थी कि एक कार सवार युवक स्मैक ले जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने नेहरू स्टेडियम के पास घेराबंदी कर कार को रोक लिया। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो 14.50 स्मैक मिली। पुलिस कार सवार युवक को कोतवाली ले आई। कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि स्मैक के साथ समीर निवासी मोहल्ला पठान चौक लंढौरा, मंगलौर को गिरफ्तार किया है। साथ ही उसके पास से एक इलेक्ट्रानिक तराजू भी बरामद की है। पूछताछ में समीर ने बताया कि उसने स्मैक छोटे निवासी मच्छी मोहल्ला, रुड़की से खरीदी थी। वह यहां से स्मैक की खरीदारी कर आसपास के क्षेत्र में बेचता है। साथ ही बताया कि कार वह अपने दोस्त यूनुस से मांगकर लाया था। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि स्मैक की कीमत करीब 45 हजार रुपये है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। साथ ही उसके संपर्क में रहने वालों को भी चिह्नित किया जा रहा है।

प्रधानाचार्य के खिलाफ सांकेतिक धरने का नोटिस जारी

रूड़की, एजेंसी। डीएवी इंटर कॉलेज के सहायक अध्यापक अरविंद कुमार ने प्रधानाचार्य पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। आरोप है कि प्रधानाचार्य लगातार उनके द्वारा दिए जा रहे प्रत्यावेदनों एवं प्रार्थना पत्रों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। उनके आकस्मिक अवकाशों में नियम विरुद्ध कटौती कर दी। इसके अलावा उन्होंने सीपीएसएन के खाते में जमा राशि को जीपीएफ में जमा न करना, 7वें वेतन आयोग के एरियर की धनराशि का भुगतान न करने, जीपीएफ से अग्रिम धनराशि की निकासी में व्यवधान करना, कॉलेज में नियम विरुद्ध की गई प्रवक्ता पद पर पदोन्नतियों को निरस्त न करने, बिना सृजित पद के अवैतनिक नियुक्तियों को निरस्त न करना आदि आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि 15 अक्तूबर को सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक एक दिवसीय सांकेतिक प्रदर्शन करेंगे।

पुण्य के प्रभाव से प्राप्त होती है भागवत : कोठारी

रूड़की, एजेंसी। प्राचीन शिव मंदिर ढंढेरा में चल रही श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन व्यासपीठ से पंडित सतीश चंद्र शास्त्री कोठारी ने कहा कि हमारे जीवन में मंगल पुण्यों की जब वृद्धि होती है। तब ही हमें श्रीमद्भागवत जैसे श्रेष्ठ सत्संग का लाभ होता है। बुधवार को हुई कथा में पंडित सतीश चंद्र शास्त्री कोठारी ने कहा कि बहुत जन्मों के पुण्यों के प्रभाव से ही भागवत हमें प्राप्त होते हैं। हम सबको अपने जीवन के सुंदर उपार्जन से धर्मानुष्ठान करना चाहिए। हम सब अपने कल्याण का मार्ग प्रशस्त करना चाहते हैं तो हमें भगवान के श्रीचरणों का आश्रय लेना चाहिए। भगवान के दिव्य चरित्रों के श्रवण से हमारे जीवन में दिव्यता आती है। इस दौरान श्रीकृष्ण के बालचरित्रों, पूतना वध, अनेकों असुरों का दमन, गोवर्धन लीला आदि कथा का श्रवण किया गया। इस दौरान अनिल पुंडीर, अशोक पुंडीर, राहुल चौहान, संजीव कुशवाहा, सुभाष पुंडीर, प्रेम वल्लभ उप्रेती, राम सिंह पुंडीर आदि मौजूद रहे।

पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के श्यामपुर खंड का गठन

ऋषिकेश, एजेंसी। गुमानीवाला स्थित एक शिक्षण संस्थान में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें समिति के श्यामपुर खंड का गठन किया गया। बृहस्पतिवार को आयोजित बैठक के परिचय सत्र में गतिविधि समिति के विभाग संयोजक राजेंद्र पांडे ने आमंत्रित सदस्यों को पर्यावरण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। समिति की ओर से प्रदत्त समाधान के लिए इको मित्रम एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करने का आह्वान किया। इसके बाद सर्वसहमति से दायित्वों का आवंटन किया गया। जिसमें हंसराज बेलवाल को खंड संयोजक, दर्शन लाल उनियाल को शिक्षण संस्थान, मंशा गौड़ को धार्मिक संस्थान, कुसुम जोशी को नारी शक्ति व सुलोचना बिष्ट को स्वयंसेवी संस्थान विभाग का प्रमुख बनाया गया है। इसके अलावा हंसराज बेलवाल को पेड़, मंशा गौड़ को जल व कैलाश कुमार को पॉलीथिन प्रमुख नियुक्त किया गया है। इस मौके पर प्रधानाचार्य योगेश्वर सेमवाल, रामरतन रतूड़ी, प्रियंका नेगी, समीक्षा सेमवाल आदि मौजूद रहे।

ऋषिकेश महानगर में मंडलमों का गठन करेगी कांग्रेस

ऋषिकेश, एजेंसी। रेलवे रोड स्थित कांग्रेस भवन में जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल के नेतृत्व में बैठक हुई। इसमें ऋषिकेश क्षेत्र के अंतर्गत पांच ब्लॉक और आठ मंडलम का गठन करने का निर्णय लिया गया। महानगर कांग्रेस ऋषिकेश के अध्यक्ष राकेश सिंह और वरिष्ठ नेता सुधीर राय रावत ने कहा कि संगठन की मजबूती मंडलम का गठन किया जाना है। कहा कि ऋषिकेश महानगर क्षेत्र अंतर्गत 8 से 10 वार्डों के लगभग के साथ 20 बूथ पर एक ब्लॉक का गठन किया जाना है। उन्होंने कहा कि आठ से 10 वार्डों पर एक एक वार्ड का गठन किया जाएगा। 4 से 5 वार्ड को मिलाकर एक मंडलम का गठन किया जाएगा।

बेटियों को पढ़ाने से होता है शिक्षित समाज का निर्माण

रूड़की, एजेंसी। बालिका दिवस पर हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज में चित्रकला प्रदर्शनी आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. केपी सिंह, सचिव डॉ. हर्ष कुमार दौलत, प्राचार्य डॉ. आरसी पालीवाल और डॉ. अजीत राव ने की। प्रदर्शनी एवं लघु नाटिका के माध्यम से जनसंदेश दिया गया कि हमें बेटियों को पढ़ाना और आगे बढ़ाना है। डॉ. केपी सिंह ने कहा कि बेटियों को पढ़ाने से हम एक शिक्षित समाज का निर्माण करते हैं। डॉ. हर्ष कुमार दौलत ने कहा कि लघु नाटिका ने बहुत अच्छा संदेश दिया है।

बिना पंजीकरण संचालित मिला मदरसा, संचालक सहित चार पर केस दर्ज

ऊधम सिंह नगर, एजेंसी। किच्छा के पुलभट्टा के सिरौलीकला में बिना पंजीकरण मदरसा संचालित करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों पर केस दर्ज किया है। मदरसे में 35 बच्चे पढ़ाई करते हैं।

पुलभट्टा के सिरौलीकला में बिना पंजीकरण मदरसा संचालित करने के मामले में पुलिस ने प्रबंधक सहित चार लोगों पर केस दर्ज किया है। नामजद तीन आरोपी मदरसे के शिक्षक हैं। मदरसे में 35 बच्चे पढ़ाई करते हैं।

बृहस्पतिवार को वार्ड नंबर-19 सिरौलीकला क्षेत्र में बिलाल मस्जिद के उपर फैजाने रजा मदरसा संचालित हो रहा था। एसओ कमलेश भट्ट टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो 35 बच्चे मौलवियत की पढ़ाई करते मिले थे। मदरसे में बच्चों की मूलभूत सुविधाओं का बाथरुम, टायलेट के साथ ही फायर उपकरण नहीं थे। पुलिस को मदरसे का प्रबंधक संचालन की अनुमति नहीं दिखा सके।

पुलिस ने मदरसे के प्रबंधक शकील निवासी वार्ड नंबर-19 सिरौलीकला, मदरसे में पढ़ाने वाले शिक्षक मो.इलियास और मो. रिजवान निवासी धावनी बुजुर्ग थाना खजुरिया जिला रामपुर और हैदर अली निवासी मिश्ररवाला थाना कुण्डा जिला उधम सिह नगर के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार प्रबंधक ने सत्यापन भी नहीं कराया है। यहां बच्चों के साथ दुर्व्यहार भी किया जाता है।

बता दें कि, बृहस्पतिवार को पुलिस को वार्ड नंबर 19 सिरौलीकला में बिलाल मस्जिद के उपर फैजाने रजा मदरसा संचालित होने की सूचना मिली थी। एसओ कमलेश भट्ट टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो मदरसे में बच्चों को पढ़ाते हुए मो. इलियाश और मो. रिजवान निवासी धावनी बुजुर्ग थाना खजुरिया जिला रामपुर मिले। बताया कि मदरसे में सिरौलीकला और बरेली जिले के 35 बच्चे पढ़ते हैं।

जीजा ने साली को युवक संग पकड़ा, हंगामा

रूड़की, एजेंसी। जीजा ने साली को एक अनजान युवक के साथ पकड़ लिया। इसे लेकर हंगामा हो गया। इब्राहिमपुर मसाई निवासी एक युवक और नागल, मेहवड़ निवासी युवती सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र स्थित एक होटल से बाहर आ रहे थे। इस बीच युवती के जीजा ने अनजान युवक के साथ देखा तो वह मौके पर पहुंचा और जानकारी ली। साथ ही साली का मोबाइल छीनकर चेक करने लगा। इसे लेकर युवती ने विरोध। इस पर हंगामा हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी ली और मामला शांत कराया। दसके बाद तीनों मौके से चले गए।

सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र स्थित नंदा कॉलोनी, ढंढेरा निवासी बच्चन सिंह राणा ने पुलिस को बताया कि उनके घर के पास ही एक व्यक्ति ने डेयरी खोल रखी है। आरोप है कि डेयरी से वह गंदगी घर के बाहर सड़क पर फेंक देता है। विरोध करने के बाद भी वह लगातार गंदगी फेंक रहा है। साथ ही गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दे रहा है। कोतवाली प्रभारी आरके सकलानी ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। कुछ लोग संपत्ति को लेकर विवाद कर रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस छह लोगों को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि अमित त्यागी निवासी नगला इमरती, विकास निवासी शिकारपुर, मंगलौर, सैय्यद हसन, सलमान निवासी जौरासी और राकेश कश्यप निवासी मोहनपुरा का शांतिभंग में चालान कर दिया गया है।

किच्छा का आतंकी कनेक्शनः मकान मालिक के दो खातों में नहीं मिला संदिग्ध लेनदेन

रुद्रपुर, एजेंसी। किच्छा के सिरौलीकला में दो आंतकियों को किराये पर कमरा देने वाले मकान मालिक से हुई पूछताछ में पुलिस को कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। पुलिस ने मकान मालिक के दो बैंक खातों की डिटेल भी खंगाली लेकिन कोई संदिग्ध लेनदेन नहीं पाया गया। पुलिस उसके भाई और माता-पिता के खाते खंगाल रही है। इधर, एसएसपी ने मामले की जांच के लिए स्पेशल टीम गठित करने की बात कही है।

दो अक्तूबर को दिल्ली की स्पेशल सेल ने अलग-अलग जगहों से आतंकी मो. शाहनवाज आलम, मोहम्मद रिजवान अशरफ और मो. अरशद वारसी को गिरफ्तार किया था। पुलिस रिमांड में स्पेशल सेल की पूछताछ में शाहनवाज ने किच्छा के सिरौलीकला में कुछ दिन रुकने की बात स्वीकारी थी। एसटीएफ, नैनीताल पुलिस और खुफिया एजेंसी ने भी दिल्ली जाकर आतंकियों से पूछताछ की थी।

किच्छा के सिरौलीकला में आतंकियों के रुकने की जानकारी के बाद जिला पुलिस हरकत में आ गई थी। जब पुलिस ने छानबीन की तो आतंकियों को किराये पर कमरा देने वाले को चिह्नित कर पूछताछ की गई। पूछताछ में पता चला कि दो आतंकी शाहनवाज और रिजवान नवंबर 2021 में सिरौलीकला आए थे। उन्होंने एक कॉलोनी में दोमंजिले में कमरा किराये पर लिया था और 1100 रुपये एडवांस में दिए थे। वे तीन दिनों तक यहां रुके थे और लगातार आईडी मांगने के दबाव के चलते चौथे दिन कमरा छोड़कर चलते बने थे।

इधर, तीन दिन में मकान मालिक से सात बार पूछताछ के बाद भी संदिग्ध जानकारियां पुलिस को नहीं मिल सकी। पुलिस ने कॉल डिटेल के साथ ही मकान मालिक के दो बैंक खाते और उसकी मां, पिता व भाई के तीन खातों का नवंबर 2021 से अब तक का ब्योरा खंगाला है लेकिन मकान मालिक के खातों में संदिग्ध लेनदेन नहीं मिला है। पुलिस बाकी परिजनों के तीन खातों के लेनदेन खंगाल रही है।

सुरक्षा दीवार गिरने से खाली कार क्षतिग्रस्त

रानीखेत, एजेंसी। मिशन इंटर कॉलेज की सुरक्षा दीवार गिरने से सड़क किनारे खड़ी खाली कार क्षतिग्रस्त हो गई। कार स्वामी महेश डांगी ने बताया कि बृहस्पतिवार को वह मजखाली से मरीज लेकर निजी अस्पताल आए थे। सड़क किनारे कार खड़ी कर वह मरीज को अस्पताल में ले गए। इसके बाद वह मरीज को हल्द्वानी ले जाने की तैयारी करते समय यह हादसा हो गया। उन्होंने बताया कि कार को काफी नुकसान हुआ है। उधर छावनी परिषद के स्वच्छता निरीक्षक एपी सिंह ने मलबा हटाने और दीवार की मरम्मत के लिए विद्यालय प्रबंधन को नोटिस देने की बात कही। इधर प्रधानाचार्य सुनील मसीह ने इस घटना को प्राकृतिक आपदा बताया। कहा कि वहां कोई पार्किंग स्थल नहीं है। इस घटना में विद्यालय की कोई गलती नहीं है।

दर्द से तड़पता रहे फक्कड़ बाबा, एक घंटे देर से पहुंची एंबुलेंस

ऋषिकेश, एजेंसी। ग्रामीण क्षेत्र के बाद अब शहरी क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सेवाएं बीमार हो रही हैं। मरीज और तीमारदारों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है। इसमें सबसे अधिक परेशानी मरीजों को आपातकालीन सेवा 108 वाहन से हो रही है। दुर्घटना स्थल से फोन करने के बाद भी 108 वाहन समय पर मरीजों के पास नहीं पहुंच रहा है। इससे लोगों में आक्रोश का माहौल है। बृहस्पतिवार को मुनि की रेती स्थित पूर्णानंद आस्था पथ पर एक फक्कड़ बाबा दर्द से तड़पते रहे। स्थानीय लोगों के फोन करने के एक घंटे के बाद एंबुलेंस पहुंची। इसके बाद फक्कड़ बाबा को एसपीएस राजकीय चिकित्सालय में भर्ती किया गया। नगर पालिका मुनिकीरेती ढालवाला के पूर्व अध्यक्ष शिवमूर्ति कंडवाल और ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट के संस्थापक हरिओम शर्मा ने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य विभाग 108 सेवा के नाम पर लाखों रुपये को ठिकाना लगा रहा है। जिसका लाभ मरीज और तीमारदारों को समय पर नहीं मिल रहा है।

किसानों ने ऊर्जा निगम को दिया सात दिन का अल्टीमेटम

रूड़की, एजेंसी। भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने किसानों की बिजली संबंधित समस्याओं को हल करने के लिए सात दिन का अल्टीमेटम दिया है। सात दिन में समस्याओं का समाधान नहीं होने पर एससी कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने की चेतावनी दी। वहीं किसानों की अन्य समस्याओं को लेकर तहसीलदार को भी ज्ञापन सौंपा।

बुधवार को भाकियू रोड़ गुट की एक बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी पदम सिंह रोड़ के नेतृत्व में प्रशासनिक भवन में आयोजित की गई। बैठक में किसानों की विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की गई। किसानों ने बताया कि क्षेत्र में बरसात के दौरान कई खंभे टूट गए थे तो कुछ बह गए थे लेकिन इन्हें अब तक नहीं लगाया गया। कई जगह ट्रांसफार्मर चोरी हो गया या खराब हो गया, उसे भी बदला नहीं जा रहा है।

इस समय गन्ने की फसल को सिंचाई की जरूरत हो रही है। वहीं कई किसानों ने उनके क्षेत्र में दोबारा मुआवजे के लिए सर्वे नहीं होने की शिकायत की। चौधरी पदम सिंह रोड़ ने कहा कि ऊर्जा निगम के अधिकारी हठधर्मिता पर उतर आए हैं। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में तो समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दे देते हैं लेकिन बाद में कोई ध्यान नहीं दिया जाता।

उन्होंने एसडीओ को ज्ञापन सौंपकर किसानों की समस्याओं को सात दिन में हल करने का अल्टीमेटम दिया। कहा कि यदि इस सात दिन में समस्याओं का हल नहीं किया गया तो आठवें दिन एससी कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया जाएगा। वहीं उन्होंने तहसीलदार को भी ज्ञापन देकर मुआवजे के लिए जल्द से जल्द दोबारा सर्वे शुरू करने की मांग की। इस मौके पर सचिन कुमार, विजेंद्र, नाजिम, पप्पू, सतीश, इरशाद, इकबाल, पवन, हमीद, देशराज, मनोज, प्रताप सैनी, रामदास आदि मौजूद रहे।

वाराणसी में तीन दिवसीय संस्कृति संसद दो नवंबर से

हरिद्वार , एजेंसी। वाराणसी में दो नवंबर से आयोजित की जा रही तीन दिवसीय संस्कृति संसद में देशभर के संत व हिंदू धर्माचार्य सनातन धर्म से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार करेंगे।

बृहस्पतिवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष और श्रीपंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के सचिव श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने बताया कि अखिल भारतीय संत समिति, अखाड़ा परिषद और श्री काशी विद्वत परिषद के मार्गदर्शन में गंगा महासभा की ओर संस्कृति संसद होगी। इसमें सभी 13 अखाड़े, अखिल भारतीय संत समिति व सनातन धर्म के सभी 127 संप्रदायों के धर्माचार्य भाग लेंगे।

गंगा महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जीतेंद्रानंद सरस्वती ने बताया कि 2 से 5 नवंबर तक वाराणसी के रुद्राक्ष अंतरराष्ट्रीय सहयोग एवं सम्मेलन केंद्र में आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि संस्कृति संसद की समाप्ति के बाद संत गांव-गांव जाकर लोगों को अयोध्या में श्रीराम मंदिर के उद्घाटन का निमंत्रण पत्र देंगे।

2024 में विजयी होकर फिर जागनाथ के दर्शन करने आऊंगा जागेश्वर - मोदी

अल्मोड़ा, एजेंसी। बाबा जागनाथ के दर्शन करने का सौभाग्य मुझे मिला है। बाबा के आशीर्वाद से 2024 के चुनाव में विजयी होकर फिर से उनके दर्शन करने आऊंगा, यह बात पीएम मोदी ने जागेश्वर धाम के पुजारियों से कही। पुजारियों ने उन्हें लोकसभा चुनाव में विजयी होने का आशीर्वाद देते हुए दोबारा जागेश्वर धाम आने का आमंत्रण दिया जिसे उन्होंने स्वीकारा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जागेश्वर धाम को केदारनाथ की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। इससे इस धाम का विकास होगा। ऐसे में इस धाम को धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में पूरे विश्व में नई पहचान मिलेगी।

बृहस्पतिवार को पीएम मोदी जागेश्वर धाम पहुंचे और पूजा-अर्चना की। उनके यहां से लौटते समय पुजारी प्रतिनिधि नवीन चंद्र भट्ट सहित अन्य पुजारियों और जागेश्वर विधायक मोहन सिंह मेहरा ने उनसे दोबारा जागेश्वर आने की बात कही। पुजारी प्रतिनिधि भट्ट ने बताया कि पीएम का जागेश्वर से खास जुड़ाव है। उन्होंने बताया कि सभी ने पीएम को 2024 में विजयी होने का आशीर्वाद दिया। इस पर पीएम ने कहा कि वह लोकसभा चुनाव के बाद निश्चित तौर पर जागेश्वर धाम आएंगे। इस धाम का मास्टर प्लान के तहत विकास किया जा रहा है। इसे केदारनाथ की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। यहां सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। ऐसे में यह धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा और बाबा जागनाथ के इस धाम को पूरे विश्व में ख्याति मिलेगी। संवाद

अल्मोड़ा का जागेश्वर प्रदेश के साथ ही पूरे विश्व की आस्था का केंद्र है। देश के कई हिस्सों के साथ ही विदेशों से पर्यटक बाबा जागनाथ का आशीर्वाद लेने यहां पहुंचते हैं। यहां सुविधाओं का

खेलकूद में संकुल चितई ओवरऑल चैंपियन

अल्मोड़ा, एजेंसी। हवालबाग ब्लॉक की जीआईसी अल्मोड़ा के मैदान में हुई ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दम दिखाया। संकुल चितई ओवरऑल चैंपियन रहा। 50 मीटर दौड़ के प्राथमिक बालक वर्ग में दीपक खोलिया, बालिका वर्ग में अंकिता मेहरा, 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में देवानंद, बालिका वर्ग में पावनी, 200 मीटर बालक वर्ग में हर्षित कनवाल, बालिका वर्ग में अंकिता मेहरा प्रथम रहे। जूनियर वर्ग की 100 मीटर दौड़ के बालक वर्ग में रोहन आर्या, बालिका वर्ग में हिमानी लटवाल, 200 मीटर दौड़ के बालक वर्ग में नीरज मेहता, बालिका वर्ग में हिमानी लटवाल प्रथम रहे। हिंदी और अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता के प्राथमिक वर्ग में रौनक प्रथम रहे।

गठिया जोड़ों का दर्द ही नहीं कई बीमारियों का संकेत

ऋषिकेश, एजेंसी। गठिया जोड़ा का दर्द ही नहीं बल्कि कई गंभीर बीमारियों का संकेत भी देता है। यदि सोकर उठने के बाद शरीर में कुछ समय तक जकड़न रहती है या फिर 20 से 40 साल तक के व्यक्तियों को कमर में दर्द की शिकायत है तो इसे गंभीरता से लेने की जरूरत है। यह गठिया के शुरुआती लक्षण हैं।

एम्स के आंतरिक चिकित्सा विभाग में पांच सालों से रुमेटोलॉजी स्पेशलिटी क्लिनिक संचालित किया जा रहा है, जो गठिया से पीड़ित लोगों के लिए फायदेमंद साबित हो रहा है। रुमेटोलॉजी रोग विशेषज्ञ डॉ. वेंकटेश एस पाई बताते हैं कि गठिया बीमारी का एक लक्षण है। गठिया सिर्फ जोड़ों को ही प्रभावित नहीं करता है बल्कि इससे फेफड़ों के आसपास पानी भरने, फेफड़ों के सिकुड़ने, हार्ट में पानी भरने, किडनी के फिल्टर खराब होने, खून की कमी, नशों की बीमारी, शरीर के अंगों का सुन्न और झनझनाहट होना, शरीर में दाने व चकत्ते होना, खासी में खून आना, व्यवहार में परिवर्तन और दौरे आने की शिकायत भी हो सकती है। गठिया होने के प्रमुख कारण आनुवंशिक, अत्यधिक धूम्रपान और शराब का सेवन है। एक अवस्था है। जिसमें शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली जोड़ों पर हमला करती है और दर्द, सूजन और जोड़ों की अकड़न का कारण बनती है। गठिया किसी भी उम्र में किसी भी व्यक्ति (पुरुष, महिलाओं अथवा बच्चों) को हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार पुरुषों की तुलना में महिलाओं में गठिया होने की संभावना तीन गुना से ज्यादा होती है।

पीएम मोदी की धमक, सीएम धामी की धूम

देहरादून , एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिथौरागढ़ दौरे की धमक से धामी सरकार गदगद है। गढ़वाल में चारधाम यात्रा की तरह कुमाऊं में मानसखंड यात्रा के लिए जो गलियारा तैयार करने का मुख्यमंत्री जो सपना देख रहे हैं, पीएम ने उसे नई उड़ान दे दी है। बकौल पीएम, हमारी सरकार केदारखंड और मानसखंड की कनेक्टिविटी पर बहुत जोर दे रही है।

जो लोग केदारनाथ और बदरीनाथ धाम जाते हैं, वे आस्था के केंद्र जागेश्वर धाम, आदि कैलाश और ओम पर्वत भी आसानी से आ सकेंगे। मानसखंड मंदिर माला मिशन से कुमाऊं के अनेक मंदिरों तक आना-जाना आसान होगा।

पीएम ने सड़क व रेल कनेक्टिविटी के जरिये गढ़वाल और कुमाऊं को जोड़ने के लिए आगे का रोडमैप भी दे दिया।

वे धामी को हर मदद के लिए आश्वस्त भी कर गए।यही सीएम धामी भी चाहते हैं। पिछले करीब छह महीनों के दौरान जब-जब उनकी पीएम मोदी से दिल्ली में मुलाकात हुई, वे उन्हें कुमाऊं आने का न्योता देना नहीं भूले। इसके पीछे उनकी यही मंशा रही कि गढ़वाल की चारधाम यात्रा की तरह तीर्थ यात्री कुमाऊं के पवित्र मंदिरों में दर्शन करने आएं।

पीएम ने जिस तरह केदारधाम को वैश्विक पहचान दी है, उसी तरह दुनिया जागेश्वर धाम, आदि कैलाश और ओम पर्वत को देखने को उमड़े। जानकारों का मानना है कि पीएम के दौरे से एक नया डेस्टिनेशन तो तैयार हुआ ही है, साथ ही कुमाऊं मंडल के लिए यात्रा को एक नया दृष्टिकोण भी मिल गया। जानकारों का मानना है कि पीएम राजकाज के मोर्चे पर धामी का मनोबल मजबूत कर गए।

दौरे की शुरुआत के लिए पीएम ने पिथौरागढ़ को ही क्यों चुना इसके धार्मिक, सामरिक ही नहीं सियासी निहितार्थ भी हैं। चीन सीमा के पास आदि कैलाश और ओम पर्वत के दर्शन, पूजा अर्चना, वहां तैनात जवानों के बीच जाना, सीमांत गांवों के लोगों के साथ संवाद करना, हर घटना का अपना संदेश है।

इस यात्रा में एक सियासी संदेश भी छिपा है। मसलन, लोकसभा चुनाव नजदीक हैं और उससे पहले पिथौरागढ़ के बागेश्वर में विधानसभा का उपचुनाव हो चुका है। प्रचंड बहुमत वाली सरकार के लिए बागेश्वर में जीत का कम अंतर चिंता वाली बात होना लाजिमी है। लोकसभा क्षेत्र के इस सियासी पहाड़ में जो दरारें दिखाई दे रही हैं।

कोमल आर्या और कमल कुंवर ने जीती 100 मीटर की दौड़

बागेश्वर, एजेंसी। विक्टर मोहन जोशी राजकीय इंटर कॉलेज के खेल मैदान में प्राथमिक और जूनियर वर्ग की दो दिनी ब्लॉक स्तरीय शीतकालीन प्रतियोगिता का आगाज हो गया है। प्रतियोगिता में विकासखंड के कई विद्यालयों के खिलाड़ी भागीदारी कर रहे हैं। खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ राइंका के प्रधानाचार्य दीप चंद्र जोशी ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ भागीदारी करने के लिए कहा। प्रतियोगिता के 100 मीटर की दौड़ में कोमल आर्या और कमल कुंवर ने अपने-अपने वर्ग में पहला स्थान पाया। विशेष व्यायाम में सैनिक स्कूल के विद्यार्थियों ने हैरतअंगेज करतब दिखाकर निर्णायकों को प्रभावित किया और विजेता बने। हिंदी सुलेख में प्रियांशी, मानचित्र में गोकुल कमार, गोला क्षेपण में अर्जुन कुमार और चक्का क्षेपण में आयुष कुमार ने पहला स्थान पाया। प्रतियोगिता के संयोजक राजेंद्र सिंह भैसोड़ा ने बताया कि प्रतियोगिताओं के सफल संचालन के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका स्वर्गीय बसंती हरड़िया के पति मोहन सिंह हरड़िया ने उनकी स्मृति में आर्थिक सहयोग दिया है। सामाजिक कार्यकर्ता राजेश वर्मा ने भी मदद की है। संचालन भारतेंदु पंत ने किया। इस मौके पर रमेश सिंह रावत, रतन सिंह धपोला, गिरीश चंद्र धौनी, दिलीप मेहरा, संजय पूना, तारा सिंह सोरागी, अंजू परिहार, किरन पंत, खष्टी वर्मा आदि मौजूद रहे।

मोदी सरकार की तानाशाही और संजय सिंह की गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी का प्रचंड विरोध प्रदर्शन

शांतिपूर्वक तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहे आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर पुलिस बल का प्रयोग किया गया

जानकारी

- आम आदमी पार्टी की आवाज दबाने के लिए किए जा रहे हैं फर्जी मुकदमे, संविधान को खत्म करना चाहती है बीजेपी: आप संगठन महामंत्री डॉक्टर संदीप पाठक

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी और मोदी सरकार की तानाशाही के खिलाफ शुक्रवार को आम आदमी पार्टी ने भाजपा मुख्यालय के बाहर प्रचंड विरोध प्रदर्शन किया। दिल्ली के कोने कोने से आए हजारों आप कार्यकताओं और समर्थकों ने हाथों में नारों से लिखी तख्तियां लेकर भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सांसद संजय सिंह को तुरंत रिहा करने की मांग की। शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन कर रहे आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं के साथ दिल्ली पुलिस ने बल का प्रयोग किया। भाजपा मुख्यालय की तरफ बढ़ते हुए आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार और भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मोदी जब-जब डरता है-ईडी को आगे करता है, मोदी तेरी तानाशाही, नहीं चलेगी-नहीं चलेगी, संजय सिंह को रिहा करो, लोकतंत्र की हत्या बंद करो के नारे लगाए। इस दौरान आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता आप सांसद संजय सिंह के फोटो का मास्क पहने हुए दिखाई दिए।

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा विपक्ष के नेताओं के साथ जिस तरह की ज्यादती की जा रही है आज उसे पूरा देश देख रहा है। देश देख रहा है कि किस तरीके से आम आदमी पार्टी की आवाज को दबाने के लिए फर्जी मुकदमे किए जा रहे हैं। आज भाजपा देश से विपक्ष को खत्म करने की साजिश रच रही है। आज जो भी बीजेपी से सवाल पूछता है उसे जेल में डाल दिया जाता है। जितने भी भ्रष्टाचारी हैं वह जेल के बाहर हैं और जो ईमानदार लोग हैं उनको जेल में कैद कर रखा है। जब आम आदमी पार्टी ने मोदी सरकार और अडानी के खिलाफ आवाज उठाई तो उन्होंने उसे आवाज को दबाने के लिए ईडी और सीबीआई को आगे कर दिया। आम आदमी पार्टी की मुखर आवाज संजय सिंह को उन्होंने झूठे आरोप में जेल में बंद कर दिया। आज मोदी सरकार सत्ता को हड़पने के लिए किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार है। मोदी सरकार लोकतंत्र की हत्या करने पर तुली हुई है। भाजपा देश के संविधान को खत्म करना चाहती है। ईडी और सीबीआई समेत अन्य सरकारी संस्थाएं मोदी सरकार के दबाव में काम कर रही हैं।

दिल्ली सरकार में मंत्री और प्रदेश अध्यक्ष गोपाल राय ने कहा कि आज देश में बेरोजगारी अपनी चरम सीमा पर है। मोदी सरकार देश के युवाओं को रोजगार देने के बजाय विपक्ष के नेताओं को जेल में डालने पर लगी हुई है। मोदी जी जानते हैं कि आम आदमी पार्टी की लोकप्रियता देश में तेजी से बढ़ती जा रही है। इसीलिए आम आदमी पार्टी को रोकने के लिए बीजेपी सरकार एक-एक करके आम आदमी पार्टी के नेताओं को जेल में बंद कर रही है। अपने राजनीतिक फायदे के लिए केंद्र सरकार ईडी और सीबीआई का गलत इस्तेमाल कर रही है। जो भी मोदी सरकार के खिलाफ आवाज उठाता है उसके घर ईडी और सीबीआई के छापे पड़ जाते हैं और जितने भी भ्रष्टाचारी हैं वह भाजपा की वाशिंग मशीन में धुलकर सफेद हो जाते हैं। आम आदमी पार्टी के विधायक और प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप पांडे ने कहा कि बीजेपी द्वारा संजय सिंह को अवैध तरीके से गिरफ्तार किया गया है। मोदी सरकार द्वारा संजय सिंह की गिरफ्तारी लोकतंत्र और संविधान की हत्या है। इनको लगता है कि जेल में डालने से हम लोग डर जाएंगे, मैं मोदी सरकार को कहना चाहता हूं की ना तो हम डरेंगे ना ही पीछे हटेंगे। हम इसी तरह मोदी सरकार की आंखों में आंखें डालकर सवाल पूछते रहेंगे। मोदी सरकार की पुलिस का हम डटकर सामना करेंगे। संजय सिंह की रिहाई के लिए हम सड़क से लेकर न्यायालय तक की लड़ाई लड़ते रहेंगे। जल्द ही सच्चाई और ईमानदारी की जीत होगी, मोदी सरकार की हार होगी। विरोध प्रदर्शन में शामिल आम आदमी पार्टी के विधायक और प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार ने कहा कि जिस तरह फर्जी तरीके से संजय सिंह को गिरफ्तार किया गया है उसका विरोध करने के लिए आज हम यहां पहुंचे हैं। देश जानता है कि जिस केस में संजय सिंह को गिरफ्तार किया गया है वह पूरी तरह झूठा और फर्जी है। मनीष सिसोदिया जी के केस में सुप्रीम कोर्ट पहले ही कह चुका है कि पिछले 15 महीने में ईडी और सीबीआई ने जो जांच की है उसमें कुछ नहीं निकला है। अगर यह केस ट्रायल में जाएगा तो मात्र 10 मिनट के अंदर ही यह खत्म हो जाएगा। मैं मोदी जी से कहना चाहता हूं कि आम आदमी पार्टी आंदोलन से निकली हुई पार्टी है। आम आदमी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता अपनी जान दे देगा लेकिन वह कभी तुम्हारे सामने नहीं झुकेगा। इंसाफ और सच्चाई की जीत होगी, आखिर में संजय सिंह जी और मनीष सिसोदिया जी जेल से रिहा होंगे। वहीं, प्रदर्शन में शामिल आम आदमी पार्टी के विधायक और प्रदेश उपाध्यक्ष जरनैल सिंह ने कहा कि संजय सिंह जी की निराधार गिरफ्तारी के विरोध में हम यहां पर प्रदर्शन करने के लिए पहुंचे हैं। शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन करना हमारा संवैधानिक अधिकार है लेकिन हमारे प्रदर्शन रोकने के लिए पुलिस बल का प्रयोग किया जा रहा है। हमारे साथी और हमारी बहनों को जिस तरीके से पुलिस द्वारा घसीटा जा रहा है वह बेहद शर्मनाक है। मैं कहना चाहता हूं मोदी जी ईडी को अपना कार्यकर्ता बनाना बंद करें। कुछ समय में आपकी सरकार जाने वाली है। अब मोदी सरकार का पाप का घड़ा भर चुका है।

बेहद खराब श्रेणी में पहुंची दिल्ली के सात इलाकों की हवा

नई दिल्ली। दिल्ली की हवा में प्रदूषक कणों की मात्रा बढ़ती जा रही है। शुक्रवार को दिल्ली के सात इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक 300 से पार यानी बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गया। हालांकि, समग्र तौर पर अभी राजधानी में हवा खराब श्रेणी में ही है। हवा की रफ्तार कम होने और तापमान में धीरे-धीरे कमी आने के चलते प्रदूषक कण भी वातावरण में ज्यादा देर तक ठहर रहे हैं। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, शुक्रवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 256 अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को खराब श्रेणी में रखा जाता है। गुरुवार को यह सूचकांक 220 अंक पर था, यानी चौबीस घंटे के भीतर ही इसमें 36 अंकों की बढ़ोतरी हुई। चिंता की बात यह है कि शुक्रवार को दिल्ली के सात इलाकों का सूचकांक 300 के पार पहुंच गया। पश्चिमी विक्षोभ से मिलेगी राहत : दिल्लीवालों के लिए राहत भरी बात यह है कि शनिवार के बाद दिल्ली-एनसीआर में पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिल सकता है।

रोहताश नगर में कांग्रेस की बैठक आयोजित : मुकेश पांचाल

नई दिल्ली। रोहतास नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की मीटिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाबरपुर जिले के इंचार्ज बदर कुरैशी पहुंचे इस कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश पांचाल द्वारा दस कार्यकताओं को नियुक्ति पत्र दिए गए बदर कुरैशी द्वारा यह नियुक्ति पत्र दिए गए कार्यक्रम की शुरूआत नासिर जावेद द्वारा पार्टी की गाइड लाइन का बखान किया गया, जिसमें एक ब्लॉक अध्यक्ष के नीचे दो मंडलम अध्यक्ष बनाने का कार्य सभी ब्लॉक अध्यक्षों को दीया गया है। बदर कुरैशी ने कहा कि पार्टी को मजबूत करने के लिए हर ब्लॉक स्तर पर ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं को जोड़ा जाएगा और कार्यकर्ताओं को सम्मान दिया जाएगा। इस अवसर पर जवाहर सिंह कुशवाहा, ईश्वर सिंह बिड्ढ, पंडित श्री कृष्ण शांडिल्य, आरडी कौशिक, जे एस कटारिया, राजकुमार कौशल, पीतांबर शर्मा, रामकिशन पांचाल, प्रीति, शिवकुमार पांचाल, रवीश पांचाल, शिवदत्त शर्मा, परमानंद शर्मा, बृजेश कुमार, नासिर जावेद, सगीर हसन, दुष्यंत कुमार, डॉक्टर अरुण पाल, राजकुमार शर्मा, शिवकुमार पांचाल, सारिक, शोएब, रामबीर, राजेंद्र कुमार के अलावा ब्लॉक कॉन्ग्रेस कमेटी के पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉक्टर जय राम अरुण पाल एवं जे.एस कटारिया ने अपने विचार रखे और रोहतास नगर ब्लॉक कॉन्ग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश पांचाल के कार्यों की सराहना की कहां मुकेश पांचाल सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान करते हैं। मुकेश पांचाल अन्न कई समितियों से जुड़े हुए हैं, क्षेत्र के लोग मुकेश पांचाल को बहुत प्यार एम समान देते हैं कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली प्रदेश कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष सुनील कुमार ने की इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से सभी को धन्यवाद कहा गया मुकेश पांचाल ने कहा सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर आने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को भारी मतों से जीताने का कार्य करें बदर कुरैशी ने भी ब्लाक कांग्रेस कमेटी के द्वारा कार्यों की सराहना की।

119वां नवरात्रि महोत्सव व शक्ति अनुष्ठान की तैयारी

नई दिल्ली। देश का दिल दिल्ली में सबसे प्राचीन धार्मिक अनुष्ठानों में चर्चित शाहदरा गोरख पार्क स्थित श्री राजमाता झंडेवाला मंदिर में आयोजित 119वें नवरात्र महोत्सव एवम शक्ति अनुष्ठान की तैयारियां स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज के सान्निध्य में जोरों शोरों से चल रही है। संस्थान के सहप्रबंधक राम वोहरा ने बताया कि श्री राजमाता झंडेवाला मंदिर परिसर को भीतर, बाहर से रंग बिरंगे कपड़े, कृतिम फूलों लाइटों से सजाया संवारा गया है।मंदिर गर्भगृह स्थित गुफा में जम्मू कटरा वैष्णो देवी की तर्ज पर पिंडियो का अलौकिक सौंदर्य भक्तों को वैष्णो देवी दर्शन दिल्ली में ही आनंदित करेगा।मां भगवती की विशाल प्रतिमा को प्रतिदिन जिस देवी की पूजा का विधान होगा उसी के स्वरूप के अनुसार श्रृंगार किया जायेगा। स्वच्छता, सुंदरता, संगीत, प्रसाद वितरण, साज सज्जा, सुरक्षा हेतु सेवादारों के दल बनाए गए हैं। प्रथम नवरात्र रविवार के शुभ दिन दोपहर 11 बजे संस्थान के महापुरुषों द्वारा चंडी यज्ञ से शुभारंभ किया जाएगा।तत्पश्चात स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज द्वारा नवरात्रि महिमा पर प्रकाश डालते हुए भजन कीर्तन के बाद मंदिर गर्भगृह में खेत्री बिजन, अखंड ज्योत प्रज्वलित करते ही जन कल्याण व विश्व शांति की कामना से पूर्ण नवरात्रि मौन व्रत प्रारंभ हो जायेगा।शनिवार सप्तमी तक प्रतिदिन सुबह हवन यज्ञ, दोपहर 3 से 6 बजे तक भगवती चौकी में प्रसिद्ध कलाकार महामाई का गुणगान करेंगे जिनके साथ नृत्य नाटिका कलाकार देवी देवताओं पर आधारित झांकियां प्रस्तुत करेंगे।श्री राजमाता जी अन्नक्षेत्र के अंतर्गत चल रहे भंडारे के अलावा व्रतधारिओं के लिए फलाहार भंडारा प्रसाद वितरण किया जायेगा। दुर्गाष्टमी रविवार समापन समारोह में भव्य भगवती चौकी शाम 5 से देर रात तक आयोजित की जा रही है।चौकी की ज्योति प्रचंड के साथ ही स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज द्वारा रखा पूर्ण नवरात्रि का मौन व्रत संपन्न होगा।चौकी में विश्व प्रसिद्ध पटियाला घराने के सतविंदर वडाली महामाई का गुणगान करेंगे। इस संदर्भ में राम वोहरा ने कहा कि हम स्वयं को बहुत सौभाग्यशाली मानते हैं जिनको मां भगवती ने अपनी पूजा अर्चना साधना आराधना के साथ साथ अपने भक्तों की सेवा करने का मौका दिया है।

आभूषणों का निर्यात शीर्षक से सेमिनार का आयोजन : अशोक सेठ

नई दिल्ली। एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी), दिल्ली ने अग्रणी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म अमेजॅन के सहयोग से अमेजॅन पोर्टल पर ई-कॉमर्स के माध्यम से आभूषणों का निर्यात शीर्षक से एक सेमिनार का आयोजन किया। संजीव भाटिया, सहायक निदेशक, जीजेईपीसी उत्तरी क्षेत्र ने व्यक्तिगत रूप से और जूम पर आभासी माध्यम से उपस्थित लोगों का गर्मजोशी से स्वागत किया। जीजेईपीसी के उत्तरी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष अशोक सेठ ने प्रतिभागियों को संबोधित किया और आभूषण निर्यात के लिए ऑनलाइन ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों के उपयोग के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। इस आयोजन में रत्न और आभूषण व्यापार के विभिन्न क्षेत्रों से 97 प्रतिभागियों ने भाग लिया। विशेष रूप से, सेमिनार में महत्वाकांक्षी महिला उद्यमियों, दूरदर्शी आभूषण डिजाइनरों और प्रसिद्ध सेलिब्रिटी ज्वैलर्स की रुचि आकर्षित हुई, जो इस आधुनिक चैनल के माध्यम से आभूषण निर्यात के बारे में जानकारी चाहते थे। सत्र में ई-कॉमर्स (ज्वैलरी) डिवीजन के अमेजॅन प्रमुख (उत्तरी क्षेत्र) केतन बग्गा द्वारा जानकारीपूर्ण प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनके साथ अमेजॅन के आभूषण निर्यात डिवीजन में बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर सुश्री सिमरन कोचर भी शामिल हुईं। 97 प्रतिभागियों में से 64 शारीरिक रूप से सेमिनार हॉल में उपस्थित थे, जबकि 33 जूम के माध्यम से शामिल हुए, जिससे यह एक अच्छी उपस्थिति वाला और आकर्षक कार्यक्रम बन गया। प्रश्नोत्तरी सत्र में जीवंत आदान-प्रदान और गहन चर्चाएं हुईं, जिससे जीजेईपीसी दिल्ली टीम के समर्पित प्रयासों के लिए दर्शकों की सराहना हुई। सेमिनार का समापन क्षेत्रीय अध्यक्ष द्वारा सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करने और धन्यवाद देने के साथ हुआ।

बवाना औद्योगिक क्षेत्र में नहीं देना होगा पार्किंग शुल्क

नई दिल्ली। बवाना और नरेला औद्योगिक क्षेत्र में निजी एजेंसियों द्वारा वाहनों से लिया जा रहा पार्किंग और प्रवेश शुल्क अब नहीं देना होगा। औद्योगिक क्षेत्र के फैक्टरी मालिकों के साथ बैठक के बाद दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने भरोसा दिया है कि बवाना में 15 अक्तूबर से पार्किंग चार्ज नहीं लिया जाएगा। इसे लेकर सरकार जल्द ही अहम फैसला लेगी। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) के चेयरमैन बृजेश गोयल के नेतृत्व में फैक्टरी मालिकों ने उद्योग मंत्री सौरभ भारद्वाज से मुलाकात की। दिल्ली राज्य औद्योगिक और बुनियादी ढांचा विकास निगम लिमिटेड (डीएसआईआईडीसी) और बवाना इंफ्रा के अधिकारियों के साथ चली बैठक में उद्यमियों ने बिंदुवार अपनी समस्याओं को रखा। फैक्ट्री मालिकों ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में टोल बैरियर नहीं होना चाहिए, इससे जाम लगता है। उद्यमियों पर पार्किंग का अतिरिक्त शुल्क नहीं भी लगाया जा रहा। इस वजह से ट्रांसपोर्टेशन लागत बढ़ जाएगी। इस मौके पर बवाना इंफ्रा के अधिकारियों ने कहा कि टोल बैरियर केवल व्यावसायिक वाहनों के लिए है। स्कूटर, बाइक और निजी कार को शुल्क नहीं देना होगा। इसका भी उद्यमियों ने विरोध किया। बताया जा रहा है कि बैठक में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने फैक्टरी मालिकों की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि किसी भी तरह का टोल बैरियर इंडस्ट्रियल एरिया में नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पार्किंग शुल्क के नाम पर कोई बैरियर नहीं लगाया जाएगा। इससे करीब 16 हजार व्यापारियों के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलेगा।

हमने मुद्दा उठाया, उसके बाद हुआ फैसला: भाजपा

दिल्ली भाजपा का कहना है कि गुरुवार को हमने बैठक बुलाई गई थी, जिसमें बवाना औद्योगिक क्षेत्र के व्यापारियों ने प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा का सामने पूरा मामला रखा था। बैठक में उद्यमियों ने बताया था कि औद्योगिक क्षेत्र में 12 मीटर और 24 मीटर चौड़ी सड़कों पर करीब 40 टोल प्वाइंट बना दिए हैं, जिन पर व्यावसायिक वाहनों से भारी पार्किंग शुल्क वसूला जा रहा। आज स्थिति इतनी खराब हो गई है कि टैम्पू व ऑटो वाले को पार्किंग देनी पड़ रही है। इससे ट्रांसपोर्टेशन का चार्ज भी महंगा हो रहा है। उद्यमियों ने आरोप लगाया कि छोटी गाड़ियों के लिए प्रति वर्ष 6, 600 रुपये और बड़ी गाड़ियों से 9, 900 रुपये का पार्किंग चार्ज वसूला जा रहा है। इस पर प्रदेश अध्यक्ष ने व्यापारियों ने आंदोलन करने की बात कही थी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के साथ उद्यमियों की बैठक के बाद ही दिल्ली सरकार के मंत्री ने उद्यमियों संग बैठक की।

प्रो. मनुराधा चौधरी जेएनयू छात्रों की नई डीन

नई दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने प्रोफेसर मनुराधा चौधरी को नया छात्र डीन (डीओएस) नियुक्त किया है। विश्वविद्यालय के अनुसार, प्रो. मनुराधा तीन साल की अवधि के लिए भारतीय भाषा केंद्र, भाषा साहित्य और सांस्कृतिक अध्ययन केंद्र के प्रो. सुधीर प्रताप सिंह का स्थान लेंगी। ज्ञात हो कुछ महीनों से जेएनयू में छात्रसंघ चुनाव को लेकर छात्र आंदोलन कर रहे हैं। वह बार-बार डीन ऑफिस के बाहर जमा होकर अपनी मांग दोहराते हैं। कॉलेजों में दाखिला, चुनाव, हॉस्टल आवंटन सहित तमाम जगहों पर डीन की भूमिका महत्वपूर्ण मानी गई है।

बेटे ने की पिता की गला रेतकर हत्या

नई दिल्ली। पंजाबी बाग इलाके में शराब पीने की आदत और प्रताड़ना से परेशान होकर सिविल डिफेंस में कार्यरत युवक ने अपने पिता की सर्जिकल ब्लेड से गला रेतकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद वह गुपचुप तरीके से अंतिम संस्कार करने के लिए श्मशान घाट पहुंच गया, लेकिन वहां के पंडित की सतर्कता से वह सलाखों के पीछे पहुंच गया। गला कटा हुआ देख पुजारी ने उससे पूछताछ की, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं देने पर पुजारी ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस के सामने आरोपी ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान रिंकू यादव (21) के रूप में हुई है। वह पिता सतीश यादव (51) एक भाई और दो बहनों के साथ मादीपुर इलाके में रहता है। वह सिविल डिफेंस में काम करता है और पिछले दो माह से उसे ड्यूटी नहीं मिली थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 12 अक्तूबर को पश्चिम पुरी श्मशान घाट के प्रभारी संजीव चौहान ने बताया कि एक व्यक्ति अपने पिता का अंतिम संस्कार करने आया है। मरने वाले का गला और हाथ रेता हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को देखा, उसका गला और हाथ रेता हुआ था। मरने वाले की पहचान मादीपुर गांव निवासी सतीश यादव के रूप में हुई। पुलिस ने शव को लेकर आने वाले युवक को हिरासत में ले लिया।

हर इमरजेंसी स्थिति में फेल हो जाती है आप सरकार : बिधूड़ी

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (वेब वार्ता)। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि राजधानी में किसी भी संकट के आने पर केजरीवाल सरकार की पोल खुल जाती है। प्रदूषण का रियल टाइम सोर्स पता लगाने के लिए जोरशोर से लगाई गई मशीनें अब दिल्ली में सांसों का संकट पैदा होते ही खुद ही हांफने लगी हैं। पिछले तीन दिनों से प्रदूषण के आंकड़े नहीं मिल रहे और न ही उनका सोर्स पता चल पा रहा है। यही नहीं, इसके लिए शुरू की गई सुपरसाइट भी बंद पड़ी है।

बिधूड़ी ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार की तरफ से प्रदूषण के खिलाफ जंग का झूठा प्रचार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रियल टाइम आधार पर प्रदूषण के स्रोतों की पहचान के लिए राउज एवेन्यू के सर्वोदय बाल विद्यालय में सुपरसाइट और मोबाइल एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन की शुरूआत 30 जनवरी को की थी। दावा किया गया था कि रियल-टाइम सोर्स अपोर्शनमेंट परियोजना से दिल्ली में किसी भी स्थान पर वायु प्रदूषण में वृद्धि के लिए जिम्मेदार कारकों की पहचान करने में मदद मिलेगी। साथ ही यह वाहन, धूल, बायोमास जलने, पराली जलाने और उद्योग उत्सर्जन जैसे विभिन्न प्रदूषण स्रोतों के वास्तविक समय के प्रभाव को समझने में भी मदद मिलेगी। यह भी कहा गया था कि इससे हर घंटे पता चलेगा कि किस वजह से प्रदूषण है और तीन दिन का पूर्वानुमान भी मिल सकेगा। इसके अलावा यहां डैशबोर्ड और पोर्टल भी है। यह सारा कार्य डीपीसीसी की देखरेख में किया जा रहा है।बिधूड़ी ने कहा कि सच्चाई यह है कि कई दिनों से मोबाइल वैन से तो आंकड़ों का पता ही नहीं चल पा रहा, अब डैशबोर्ड भी बंद पड़ा है।

पिछले तीन दिन से पता ही नहीं चल पा रहा कि दिल्ली के प्रदूषण में किस कारक की कितनी हिस्सेदारी है। दिल्ली में हाल ही हवा बिगड़नी शुरू हुई है और सरकार के बड़े दावों वाली यह परियोजना भी दम तोड़ गई है। हैरानी की बात यह है कि डैशबोर्ड पर कोई हिस्ट्री भी नहीं आती। इससे पुराने रिकॉर्ड का भी अता-पता नहीं है। उन्होंने कहा कि नगर निगम में आम आदमी पार्टी आई और डेंगू के मरीज बढ़ने शुरू हुए तो 7 अगस्त के बाद से डेंगू के साप्ताहिक आंकड़े जारी करना भी बंद कर दिया गया। अब प्रदूषण बढ़ा है तो प्रदूषण के आंकड़े मिलने बंद हो गए हैं। कोरोना महामारी के दौरान जब अस्पताल के बेड, दवाइयां, ऑक्सीजन और एम्बुलेंस की जरूरत पड़ी तो तो उनकी कमी से न जाने कितने लोगों को जान से हाथ धोना पड़ा। इमरजेंसी हालत में यह सरकार इसी तरह फेल हो जाती है।

प्लास्टिक दाना बनाने की फैक्टरी में भीषण आग

नई दिल्ली। बाहरी दिल्ली के उद्योग नगर स्थित तीन मंजिला प्लास्टिक दाना फैक्टरी में शुक्रवार सुबह भीषण आग लग गई। सूचना पर पहुंची दमकल की 30 गाड़ियों ने चार घंटे के भीतर आग पर काबू पा लिया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। समाचार लिखे जाने तक फैक्टरी में कूलिंग की प्रक्रिया चल रही थी। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि उद्योग नगर मेट्रो स्टेशन के पास यह फैक्टरी स्थित है। शुक्रवार सुबह फैक्टरी के ग्राउंड फ्लोर से धुआं निकलना शुरू हुआ और जल्द ही पूरी इमारत आग की लपटों से घिर गई। दमकल विभाग को सुबह छह बजे आग लगने की सूचना मिली थी। दमकल ने आग की भयावहता को देखते हुए 30 गाड़ियों को आग बुझाने के काम में लगाया। करीब आठ बजे आग को आगे बढ़ने से रोक दिया गया और दस बजे आग पर काबू पा लिया गया। चूंकि इमारत बेहद गर्म होने की वजह से कमजोर होने की आशंका थी, इसलिए देर रात तक कूलिंग प्रक्रिया जारी रही। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इमारत में केमिकल और प्लास्टिक का सामान होने की वजह से आग तेजी से फैली। फिलहाल शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। दमकल विभाग के अधिकारी ने बताया कि समय रहते इमारत में मौजूद लोग बाहर निकलने में कामयाब हो गए थे। फिलहाल कूलिंग प्रक्रिया खत्म होने के बाद तलाशी अभियान चलाया जाएगा। हालांकि, अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं नहीं : सचदेवा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार के स्कूलों में बुनियादी शैक्षणिक सुविधाएं नहीं हैं। स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक नहीं हैं। अधिकांश स्कूलों में 90 से 130 छात्रों को एक कक्षा में बैठाया जाता है। दो शिक्षक एक ही कमरे में दो अलग-अलग कक्षाओं को संचालित करते हैं, जो सरकार के शिक्षा मॉडल की विफलता को दशार्ता है। सचदेवा ने कहा कि सरकार जब शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के दावे कर रही है तो उस वक्त पर सभी स्कूलों में सभी संकाय की पढ़ाई की सुविधा बच्चों को मिलनी चाहिए। दिल्ली सरकार के स्कूलों में शिक्षकों की कमी है, जिसको लेकर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

केजरीवाल सरकार और एमसीडी के स्कूलों में एक बार फिर उत्सव की तरह हुआ मेगा पीटीएम का आयोजन

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

केजरीवाल सरकार व एमसीडी के सभी स्कूलों में शुक्रवार को उत्सव के रूप में मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया। स्कूलों में आयोजित मेगा पीटीएम में पेरेंट्स जबरदस्त उत्साह के साथ शामिल हुऐ पहली बार मेगा पीटीएम का आयोजन दो दिनों के लिए किया जा रहा है ताकि जो पैरेंट्स किसी कारणवश शुक्रवार को स्कूल न आ पाए वो शनिवार को स्कूल आ सके। पहले ही दिन बड़ी संख्या में पैरेंट्स ने पीटीएम में भाग लिया। एक तरफ दिल्ली सरकर के स्कूलों में पेरेंट्स का कॉन्फिडेंस और उनके चेहरे की खुशी ये साबित कर रही थी कि इन स्कूलों में उनके बच्चों के भविष्य की शानदार नींव डाली जा रही है और बच्चों को वर्ल्ड-क्लास एजुकेशन दी जा रही है। तो दूसरी तरह एमसीडी के स्कूलों में पेरेंट्स इस विश्वास के साथ आए थे कि अब दिल्ली सरकार के स्कूलों की तरह एमसीडी में भी उनके बच्चों के स्कूल शानदार बनेंगे और उन्हें बेहतरीन शिक्षा मिल सकेगी मेगा पीटीएम के मौके पर शिक्षामंत्री आतिशी व डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल ने वीर सावरकर सर्वोदय विद्यालय, कालकाजी व नगर निगम प्राथमिक विद्यालय, गोविन्दपुरी में आयोजित हो रहे पीटीएम में शामिल होकर पेरेंट्स व बच्चों के साथ बातचीत की

इस मौके पर ट्वीट करते हुए मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने कहा कि, बच्चों की कामयाबी में उनके अभिभावकों का बहुत बड़ा योगदान होता है। आज दिल्ली सरकार और एमसीडी के सभी स्कूलों में अभिभावकों का ही दिन है। आज और कल दिल्ली सरकार और नगर निगम के सभी स्कूलों में मेगा-पीटीएम का आयोजन हो रहा है। सभी अभिभावकों से मेरी गुजारिश है कि हमेशा की तरह आज भी आप अपने बच्चों के साथ उनके स्कूल में आएँ, बच्चों की प्रगति पर टीचर्स से बात करें और भविष्य के लिए कैसे और बेहतर कर सकते हैं उस पर खुलकर चर्चा करें। हमने मिलकर यहाँ तक का सफर तय किया है, आगे भी ऐसे ही मिलकर काम करेंगे। इस मौके पर शिक्षा मंत्री ने कहा की, आज दिल्ली सरकार और एमसीडी के सभी स्कूलों में मेगा पीटीएम एक उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है और मुझे इस बात की खुशी है कि मेगा पीटीएम में पैरेंट्स बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे है शिक्षकों से बच्चो के लर्निंग, उनके प्रदर्शन को और बेहतर बनाने के तरीकों पर चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेगा पीटीएम अभिभावकों और शिक्षकों को एक साथ लाता है और उन्हें बच्चों के भविष्य के लिए बेहतर रणनीति बनाने में मदद करता है उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्व में हमने शिक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाई और इसका नतीजा है कि आज दिल्ली सरकार के सभी स्कूल शानदार बन गये है मुख्यमंत्री जी ने जैसी शिक्षा अपने बच्चों को दिलवाई, वो उससे ज्यादा अच्छी शिक्षा दिल्ली के बच्चों को देना चाहते है। इसलिए हमअपने स्कूलों को शानदार बनाते हुए हर तबके के बच्चों के लिए वर्ल्ड-क्लास एजुकेशन सुनिश्चित कर रहे है। हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि हर बच्चे को शानदार शिक्षा मिलनी चाहिए क्योंकि बच्चे केवल किसी परिवार का भविष्य मात्र नहीं होते बल्कि देश का भविष्य भी है मेगा पीटीएम में पेरेंट्स की बढ़ती भागीदारी पर शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि, पीटीएम में पेरेंट्स की भागीदारी दशार्ता है कि टीचर्स के साथ साथ पेरेंट्स भी अपने बच्चों के पढ़ाई व भविष्य को लेकर सजग हो रहे है उन्होंने कहा कि मेगा पीटीएम इसलिए जरुरी है क्योंकि बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेदारी और उनके आगे बढ़ने की जिम्मेदारी किसी एक व्यक्ति की नहीं होती हमारे बच्चे तभी आगे बढ़ेंगे जब टीचर और पेरेंट्स मिलकर उनकी पढ़ाई पर ध्यान देंगे इस दिशा में मेगा पीटीएम पेरेंट्स और टीचर्स को साथ लाने का काम कर रहा है शिक्षा मंत्री ने पेरेंट्स से अपील करते हुए कहा कि, जब आपका बच्चा पढाई कर रहा हो तो उसके सामने कुछ समय बैठे, उससे बाते करें, बच्चे को सहज महसूस करवाऐ उन्होंने कहा कि बहुत से बच्चे अपने माता पिता से ज्यादा खुलकर बातें नहीं कर पाते है तो मै उन सभी पेरेंट्स से एक बात कहना चाहती हूं कि आप अपने बच्चों के साथ कम से कम आधा घंटा का समय जरुर व्यतीत करे और उनके परेशानियों को समझने का कोशिश करे

आप शासित निगम नहीं कर पा रहा है कूड़े का निस्तारण, : राजा इकबाल सिंह

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष व पूर्व महापौर राजा इकबाल सिंह ने आज निगम में शासित आम आदमी पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब से आम आदमी पार्टी ने निगम सत्ता सँभाली है तब से निगम के सभी कार पूरी तरह ठप हो चुके हैं। आम आदमी पार्टी ने जहां दिल्ली के नागरिकों से तीनों कूड़े के पहाड़ों को साल भर में खत्म करने का वादा किया था, वही उसके स्थान पर आम आदमी पार्टी ने अपनी विफलता के कारण दिल्ली में विभिन्न जगहों पर कूड़े के नए छोटे छोटे पहाड़ बना दिए हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली की तीनों लैंडफिल साइट भलस्वा, ओखला और गाजीपुर को 2024 तक खत्म किया जाना था मगर आम आदमी पार्टी के कारण अब इन तीनों लैंडफिल साइट पर कूड़े का निस्तारण नहीं हो पा रहा है जिसके कारण यह तीनों कूड़े के पहाड़ दिल्ली से जल्दी हटते नजर नहीं आ रहे हैं। श्री सिंह ने बताया कि आम आदमी पार्टी नागरिकों की आँखों में धूल झोंकने के लिए इन कूड़े के पहाड़ों को फैला रही है ताकि इनकी ऊँचाई ज्यादा न दिखाई दें और नागरिकों के मध्य कूड़े के पहाड़ों की ऊँचाई कम होने का भ्रम फैलाया जा सके। उन्होंने बताया कि जब से आम आदमी पार्टी ने निगम में सत्ता सँभाली है तब से कूड़ा निस्तारण की प्रक्रिया न के बराबर हो गई है जिसके कारण दिल्ली में जगह जगह कूड़े के ढेर लग गए हैं और आम नागरिक बुरी तरह से परेशान हैं। उन्होंने बताया कि लैंडफिल साइटों पर लगातार नया कूड़ा पहुँच रहा है जिसके कारण पुराने कूड़े का निस्तारण नहीं हो रहा है और लैंडफिल साइटों पर घोड़े की तादाद लगातार बढ़ती जा रही है। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी ने जहाँ एक और दिल्ली का कूड़ा कूड़ा करने का कार्य किया है वहीं उसके साथ अब आम आदमी पार्टी के शासन में दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर मलबे के ढेर भी देखे जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी दिल्ली को कूड़े और मलबे का शहर बनाने में लगी हुई है।

राजा इकबाल सिंह ने बताया कि आम आदमी पार्टी ने निगम के सभी कर्मचारियों व अधिकारियों को महीने की पहली तारीख को वेतन देने के नाम पर जोर शोर से जश्न मनाया था वह लाखों रुपये खर्च किए थे मगर आम आदमी पार्टी का यह वादा पूरी तरह खोखला झूठा निकला। आम आदमी पार्टी के शासन में अभी भी निगम कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा है व पेंशन कर्मी अपनी पेंशन के लिए परेशान हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक निगम कर्मचारियों का अधिकारियों का वेतन जारी नहीं किया गया है। उन्होंने आम आदमी पार्टी के महापौर से माँग की है कि त्योहार के सीजन को देखते हुए कर्मचारियों के अधिकारियों का वेतन जल्द से जल्द जारी किया जाए। बिधूड़ी ने कहा कि सच्चाई यह है कि कई दिनों से मोबाइल वैन से तो आंकड़ों का पता ही नहीं चल पा रहा, अब डैशबोर्ड भी बंद पड़ा है। पिछले तीन दिन से पता ही नहीं चल पा रहा कि दिल्ली के प्रदूषण में किस कारक की कितनी हिस्सेदारी है। दिल्ली में हाल ही हवा बिगड़नी शुरू हुई है और सरकार के बड़े दावों वाली यह परियोजना भी दम तोड़ गई है। हैरानी की बात यह है कि डैशबोर्ड पर कोई हिस्ट्री भी नहीं आती। इससे पुराने रिकॉर्ड का भी अता-पता नहीं है। उन्होंने कहा कि नगर निगम में आम आदमी पार्टी आई और डेंगू के मरीज बढ़ने शुरू हुए तो 7 अगस्त के बाद से डेंगू के साप्ताहिक आंकड़े जारी करना भी बंद कर दिया गया। अब प्रदूषण बढ़ा है तो प्रदूषण के आंकड़े मिलने बंद हो गए हैं। कोरोना महामारी के दौरान जब अस्पताल के बेड, दवाइयां, ऑक्सीजन और एम्बुलेंस की जरूरत पड़ी तो तो उनकी कमी से न जाने कितने लोगों को जान से हाथ धोना पड़ा। इमरजेंसी हालत में यह सरकार इसी तरह फेल हो जाती है।

बेहद खराब श्रेणी में पहुंची दिल्ली के सात इलाकों की हवा

नई दिल्ली। दिल्ली की हवा में प्रदूषक कणों की मात्रा बढ़ती जा रही है। शुक्रवार को दिल्ली के सात इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक 300 से पार यानी बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गया। हालांकि, समग्र तौर पर अभी राजधानी में हवा खराब श्रेणी में ही है। हवा की रफ्तार कम होने और तापमान में धीरे-धीरे कमी आने के चलते प्रदूषक कण भी वातावरण में ज्यादा देर तक ठहर रहे हैं। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, शुक्रवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 256 अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को खराब श्रेणी में रखा जाता है। गुरुवार को यह सूचकांक 220 अंक पर था, यानी चौबीस घंटे के भीतर ही इसमें 36 अंकों की बढ़ोतरी हुई। चिंता की बात यह है कि शुक्रवार को दिल्ली के सात इलाकों का सूचकांक 300 के पार पहुंच गया। पश्चिमी विक्षोभ से मिलेगी राहत : दिल्लीवालों के लिए राहत भरी बात यह है कि शनिवार के बाद दिल्ली-एनसीआर में पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिल सकता है। इसके चलते रविवार, सोमवार और मंगलवार को बीच-बीच में बूंदाबांदी होने की संभावना है। इस दौरान बादलों की आवाजाही भी बनी रहेगी। इससे प्रदूषण से राहत मिलेगी, वहीं अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट भी होगी और ठंड का अहसास बढ़ेगा।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें
पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, शनिवार, 14 अक्टूबर, 2023

केजरीवाल का पराली गलाने के लिए निःशुल्क बायो डी-कंपोजर के छिड़काव का अभियान शुरू :गोपाल राय

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

दिल्ली के कृषि विभाग ने शुक्रवार को तिगीपुर गांव से पराली को गलाने के लिए बायो डी-कंपोजर के छिड़काव की शुरूआत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकास मंत्री गोपाल राय बायो डी-कंपोजर के छिड़काव की शुरूआत करते हुए कहा कि दिल्ली के अंदर बासमती और गैर बासमती धान के सभी खेतों में सरकार की तरफ से निःशुल्क बायो डी-कंपोजर का छिड़काव किया जाएगा। इसके लिए अभी तक 880 किसानों ने फॉर्म भरा है। दिल्ली सरकार इस साल 5 हजार एकड़ से ज्यादा खेतों में निःशुल्क बायो डी-कंपोजर का छिड़काव करेगी। बायो डी-कंपोजर के छिड़काव के लिए 13 टीमों का गठन किया गया है।

विकास मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली में ठंड के मौसम में बढ़ने वाले प्रदूषण की समस्या के समाधान के लिए दिल्ली सरकार ने 15 सूत्रीय विंटर एक्शन प्लान बनाया है। ठंड के मौसम में पराली जलना भी प्रदूषण को बढ़ाने में एक अहम भूमिका निभाती है। ऐसे में इस समस्या का समय रहते उचित समाधान किया जा सकें, इसलिए सरकार ने पिछले साल की तरह इस बार भी पराली गलाने के लिए खेतों में बायो डी-कंपोजर का निःशुल्क छिड़काव शुरू किया है। दिल्ली के अंदर कुछ हिस्सों में ही धान की खेती की जाती है। दिल्ली में पराली से प्रदूषण न हो, इसीलिए पिछले साल बायो डी-कंपोजर का निः शुल्क छिड़काव किया गया था। जिसका बहुत ही सकारात्मक परिणाम रहा है। इससे पराली गल गई और खेत की उपजाऊ क्षमता में भी बढ़ोतरी देखी गई। किसानों के सामने एक समस्या यह भी रहती है कि धान की फसल की कटाई और गेहूं की बुवाई के बीच में समय अंतराल कम होता है। इसलिए सरकार समय रहते अभी से इस काम में जुट गई है, ताकि सारी कवायद में देरी भी न हो और किसानों को बेहतर परिणाम भी मिल सकें। मंत्री गोपाल राय ने बताया दिल्ली कि सरकार इस साल 5 हजार एकड़ से ज्यादा खेतों में निःशुल्क बायो डी-कंपोजर का छिड़काव करवाएगी। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो किसान फॉर्म भर दिए हैं, उनके खेतों में जल्द से जल्द निःशुल्क बायो डी-कंपोजर का छिड़काव करा दिया जाए। बायो डी-कंपोजर के छिड़काव के लिए अभी तक 880 किसानों ने फॉर्म भरा है। उन्होंने बताया कि बायो डी-कंपोजर के छिड़काव को लेकर 13 टीमों का गठन किया गया है। विकास मंत्री गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली सरकार सीधे पूसा से बायो डी-कंपोजर का घोल खरीदा है और उनकी निगरानी में आज से यह छिड़काव शुरू किया गया है। दिल्ली के अंदर बासमती और गैर बासमती धान के सभी खेतों में सरकार द्वारा निःशुल्क बायो डी-कंपोजर का छिड़काव किया जाएगा। मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली के किसानों से अपील की है कि जिन किसानों ने अभी तक किसी वजह से छिड़काव के लिए फॉर्म नहीं भरा है, वे अभी भी फॉर्म भर सकते हैं और उनके खेतों में भी निःशुल्क छिड़काव कराया जाएगा।

गाजियाबाद नगर निगम में शामिल होगी खोड़ा और लोनी नगर पालिका, विकास कार्यों को मिलेगी तेजी

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam

गाजियाबाद नगर निगम की सीमा का जल्द ही विस्तार होगा। नगर पालिका परिषद खोड़ा मकनपुर और नगर पालिका परिषद लोनी को गाजियाबाद नगर निगम में शामिल किया जाएगा। इससे लोनी और खोड़ा में विकास कार्य तेजी से हो सकेंगे।

दिल्ली से सटे यह दोनों क्षेत्र लंबे समय से बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। इस वजह से ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह और नगरआयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक से इस संबंध में प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बृहस्पतिवार को रैपिडएक्स ट्रेन के उद्घाटन से पहले तैयारियों का जायजा लेने के लिए गाजियाबाद पहुंचे थे। निरीक्षण से पहले सीआइएसएफ गेस्टहाउस में उन्होंने जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इसमें साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा और लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर ने लोनी में पेयजल की समस्या के बारे में बताया। इसके साथ ही कूड़ा निस्तारण की समस्या के बारे में जानकारी दी। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से जवाब मांगा तो संतोषजनक उत्तर नहीं मिला।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन क्षेत्रों में समस्याओं का समाधान तभी हो पाएगा जब ये दोनों नगर पालिकाएं गाजियाबाद नगर निगम में शामिल हो जाएं। उसी वक्त उन्होंने अधिकारियों को प्रस्ताव जल्द से तैयार कर शासने को भेजने के निर्देश दिए। गाजियाबाद नगर निगम में वर्तमान में 100 वार्ड है। खोड़ा और लोनी के शामिल होने से गाजियाबाद के वार्डों की संख्या 175 से लेकर 200 तक हो सकती है। ऐसा हुआ तो यह प्रदेश का सबसे बड़ा नगर निगम होगा। लखनऊ के लिए भरी जाएगी हिंडन एयरपोर्ट से उड़ान बैठक के दौरान ही जनप्रतिनिधियों ने कहा कि दिल्ली एनसीआर से बड़ी संख्या में लोग लखनऊ और आसपास के जिलों में आवागमन करते हैं। लंबी दूरी के लिए ट्रेन, बस या चोपहिया वाहन से सफर करना पड़ता है। गतंव्य तक जाने के लिए अधिक समय लगता है। गाजियाबाद में हिंडन एयरपोर्ट है यदि यहां लखनऊ के लिए उड़ान सेवा शुरू हो जाए तो लोगों को राहत मिलेगी। इस पर मुख्यमंत्री ने केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह से कहा कि गाजियाबाद से लखनऊ के लिए उड़ान सेवा शुरू कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करें, जिससे कि जल्द ही उड़ान सेवा शुरू हो सके। अब जीडीए संचालित करे कैलास मानसरोवर भवन इंदिरापुरम में बने कैलास मानसरोवर भवन का संचालन वर्तमान में पर्यटन विभाग द्वारा किया जाता है। लेकिन इसकी देखरेख न हो पाने का भी मुद्दा उठाया गया। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही यह भवन जीडीए को हैंडओवर कर दिया जाएगा जिससे कि समस्या न हो। हरनंदी नदी के प्रोजेक्ट को लेकर भी चर्चा की गई। इस पर मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे ने बताया कि नदी के सुंदरीकरण को लेकर तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तैयारी नहीं इस पर तेजी से काम किया जाए और जल्द से जल्द हरनंदी नदी रिवर फ्रंट गाजियाबाद में बनाया जाए। शत्रु संपत्ति मामले का जल्द करें निस्तारणमोदी नगर में शत्रु संपत्ति का मामला लंबे समय से चर्चा में है। इसको लेकर लोगों ने जिला प्रशासन से लेकर शासन तक गुहार लगाई है। इस पर मुख्यमंत्री खुद संज्ञान लिया और जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि इस मामले का निस्तारण जल्द से जल्द करें। किसी भी व्यक्ति का कोई नुकसान नहीं होना चाहिए। लोगों से जिला प्रशासन के अधिकारी वार्ता कर समस्या का हल निकालें।

एक माह में शुरू हो जाएगी चांदनी चौक की गांधी मैदान पार्किंग, व्यापारियों को मिलेगा लाभ

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

चांदनी चौक में पार्किंग की समस्या के निजात दिलाने के लिए बनाई गई गांधी मैदान पार्किंग अगले एक माह में शुरू हो जाएगी। इसके निर्माण के बाद इसके कंपलीशन सर्टिफिकेट से संबंधी सभी प्रक्रिया को पूरा करने की प्रक्रिया चल रही है। अगले एक सप्ताह में जैसे ही इसके निर्माण पूरे होने के लिए मिलने वाला कंपलीशन सर्टिफिकेट जारी हो जाएगा तब ही इसकी उद्घाटन की तारीख तय करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

अरविंद केजरीवाल करेंगे उद्घाटन

निगम सूत्रों के मुताबिक इसके वरिष्ठ अधिकारियों की इस परियोजना पर पूरी नजर हैं। ऐसे में कंपलीशन सर्टिफिकेट जारी होते ही इसका उद्घाटन कराया जाएगा। संभवतः दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और महापौर शैली ओबेराय इस पार्किंग का उद्घाटन करेंगे।

वर्ष 2019 में तत्कालीन केंद्रीय मंत्री और चांदनी चौक से ही सांसद डा. हर्षवर्धन ने तत्कालीन उत्तरी निगम के महापौर आदेश गुप्ता की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में शिलान्यास किया गया था। 2338 वाहनों के लिए इसमें पार्किंग की सुविधा है। इसमें तीन तल बेसमेंट हैं। जबकि आठ तल पर शापिंग कांप्लेक्स हैं। इस पार्किंग को प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप (पीपीपी) माडल के तहत बनाया गया है। इसमें निगम ने एक निजी कंपनी को जगह उपलब्ध कराई हैं।

इनकी होगी कमाई इस कंपनी ने ही पार्किंग कम शापिंग कांप्लेक्स विकसित किया है। शापिंग कांप्लेक्स की दुकानें लीज पर देकर कंपनी अपनी आय करेगी। जबकि पार्किंग का संचालन निगम के जिम्मे होगा। इसमें निगम द्वारा तय शुल्क पर ही यह पार्किंग की सुविधा नागरिकों को मिलेगी। 18524 वर्गमीटर भूमि पर यह पार्किंग एक हजार करोड़ की लागत से बनी है। इस पर निगम ने कोई खर्चा नहीं किया है।

उल्लेखनीय है कि इस पार्किंग का निर्माण तीस माह में पूरे होने की समय सीमा रखी गई थी लेकिन, 2020 में कोरोना आने के बाद लगे देशव्यापी लाकडाउन और प्रदूषण के कारण निर्माण कार्यों पर लगे प्रतिबंध के चलते इसे समय रहते पूरा नहीं किया जा सका। पार्किंग निर्माण होने से चांदनी चौक आने वाले लोगों को मिलेगी राहत चांदनी चौक में लाखों की संख्या में लोग प्रतिदिन आते हैं। ऐसे में अभी उन्हें अपने वाहन या तो परेडग्राउंड पार्किंग में खड़े करने पड़ते हैं या फिर लाल किला पार्किंग में वाहनों को वह खड़ा करते हैं। इसके बाद लोग पैदल या रिक्शा के माध्यम से चांदनी चौक में पहुंचते हैं। गांधी मैदान पार्किंग शुरू हो जाएगी तो लोगों को पार्किंग की सहूलियत तो मिलेगी ही साथ ही चांदनी चौक के मध्य में पार्किंग स्थित होने की वजह से अपने तय मार्केट में पहुंचने के लिए भी ज्यादा जद्दोजहद नहीं करनी पड़ेगी।

रैपिडएक्स में यात्रियों के सफर को आसान बनाएगा ये एप, एक क्लिक पर मिलेगी जानकारी

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

रैपिडएक्स में सफर करने वाले यात्रियों को सभी जानकारी मोबाइल एप से ही मिल जाएंगी। एक क्लिक पर ही स्टेशन से जुड़ीं सभी सूचनाएं खुलकर आ जाएंगी। एप में टिकट बुक करने, सामान खोने की शिकायत करने, स्टेशन पर मिलने वाली सुविधा समेत सभी विकल्प होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसे लांच करेंगे। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम ने रैपिडएक्स कनेक्ट नाम से एप बनाया है। यात्रियों को एप में स्टेशन मार्गदर्शन (नेविगेशन) की सुविधा भी मिलेगी। इस फीचर का प्रयोग करने के लिए यात्रियों को नेविगेशन के विकल्प पर क्लिक करने के बाद नजदीकी स्टेशन पर लगे क्यूआर कोड को स्कैन करना होगा। यात्रियों को अगर प्लेटफार्म पर जाना है तो एप उन्हें नेविगेशन के माध्यम से वहां ले जाएगा। स्टेशन में मौजूद सभी सुविधाएं जैसे वाशरूम, वाटर मशीन, ग्राहक सेवा केंद्र समेत अन्य जानकारियां भी आसानी से एक क्लिक में मिल सकेंगी। सामान खोने पर शिकायत दर्ज कर सकेंगे यात्री कई बार यात्रियों का सामान स्टेशन या कोच में खो जाता है। यात्री इसकी शिकायत भी मोबाइल एप से ही दर्ज करा सकेंगे। खोना हुआ सामान मिलने के बाद इसकी सूचना यात्री के मोबाइल पर पहुंच जाएगी। इसके लिए हर स्टेशन पर खोए सामान को जमा करने के लिए केंद्र बनाए गए हैं। एप पर आई शिकायत के माध्यम से उस सामान का मिलान कर यात्री को बुलाकर सौंपा जाएगा। प्रस्थान व गंतव्य स्थान का चयन कर टिकट बुक कर सकेंगे यात्री एप के माध्यम से बिना किसी परेशानी के यात्रा टिकट बुक कर सकेंगे। टिकट जनरेट करने के लिए यात्रियों को सबसे पहले प्रस्थान स्टेशन व गंतव्य स्टेशन का चयन करना होगा। इसके बाद यात्री को स्टैंडर्ड कोच, प्रीमियम कोच व राउंड ट्रिप का विकल्प चुनना होगा। इसके बाद मोबाइल स्क्रीन पर किराए की राशि दिखाई देगी। इस राशि के भुगतान के बाद पेपर रहित टिकट जनरेट हो जाएगा। इस क्यूआर कोड को गेट पर स्कैन करते ही अंदर प्रवेश कर सकेंगे। यात्री घर बैठे भी किराए का पता लगा सकेंगे यात्री घर बैठे ही यह पता लगा सकेंगे कि प्रस्थान स्टेशन से गंतव्य स्टेशन तक पहुंचने के लिए कितने किराये का भुगतान करना होगा। इसके अलावा यात्रा के रूट की विस्तृत जानकारी भी मिल जाएगी। सफर को आसान बनाने के लिए एप में ये सभी सुविधाएं दी जाएंगी।

संजय सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में आप कार्यकताओं ने भाजपा कार्यालय के पास प्रदर्शन किया

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) कार्यकताओं ने आबकारी नीति में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले को लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह की गिरफ्तारी के खिलाफ शुक्रवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यालय के पास प्रदर्शन किया। भाजपा के खिलाफ नारे लगाते हुए आप कार्यकताओं ने दीनदयाल उपाध्याय (डीडीयू) मार्ग स्थित पार्टी मुख्यालय की ओर बढ़ने की कोशिश की, लेकिन पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों ने उन्हें रोक दिया। अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ सिंह की याचिका को दिन के दौरान सूचीबद्ध करने पर दिल्ली उच्च न्यायालय के सहमति जताने के कुछ घंटों बाद यह प्रदर्शन हुआ। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति संजीव नरूला की पीठ के समक्ष राज्यसभा सदस्य संजय सिंह के वकील द्वारा तत्काल सुनवाई के लिए मामले का उल्लेख किया गया था। सिंह के वकील ने कहा कि उन्हें गिरफ्तारी का उचित आधार नहीं बताया गया। एक निचली अदालत ने सिंह को 13 अक्टूबर तक प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में भेज दिया था। दिल्ली सरकार ने 17 नवंबर, 2021 को उत्पाद शुल्क नीति लागू की थी, लेकिन भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच सितंबर 2022 में इसे रद्द कर दिया था।

नरेला में व्यक्ति की चाकू गोद कर हत्या

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के नरेला इलाके में 19 वर्षीय युवक की कथित तौर पर उसके दोस्तों ने ही चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार पीड़ित की अपने दोस्तों के साथ बहस हो गयी जिसके बाद उन लोगों ने उस पर हमला किया। पुलिस ने बताया कि यह घटना बृहस्पतिवार देर रात को हुई जब पीड़ित गुलशन अपने घर जा रहा था, तभी उसके तीन दोस्तों ने उस पर चाकू और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। घटना का एक कथित सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया में प्रसारित हुआ है जिसमें कुछ लोगों को गुलशन पर हमला करते देखा जा सकता है। पुलिस ने कहा कि पीड़ित को कई चोटें आईं और उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि विवाद के कारणों का अब तक पता नहीं चला है, हालांकि, गुलशन और उसके दोस्तों ने एक रेहड़ी पर मोमोज खाते समय बहस की थी। अधिकारी ने बताया कि हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम गठित की गई हैं।

पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की हत्या के मामले में 18 अक्टूबर को फैसला

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

दिल्ली की एक अदालत ने 2008 में टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की हत्या के मामले में शुक्रवार को अपना फैसला 18 अक्टूबर के लिए सुरक्षित रख लिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रवीन्द्र कुमार पांडे ने फैसला सुनाए जाने के समय सभी आरोपियों को अदालत में उपस्थित रहने का निर्देश दिया। अदालत ने छह अक्टूबर को कहा था कि बचाव और अभियोजन पक्ष की दलीलें पूरी हो चुकी हैं। उसने अतिरिक्त दलीलों या स्पष्टीकरण के लिए सुनवाई 13 अक्टूबर के लिए स्थगित कर दी थी। सौम्या विश्वनाथन 30 सितंबर, 2008 को देर रात अपनी कार से घर लौट रही थी, उसी दौरान उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने दावा किया था कि उनकी हत्या का मकसद लूटपाट था। हत्या के सिलसिले में पांच लोगों रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत मलिक, अजय कुमार और अजय सेठी को गिरफ्तार किया गया था और वे मार्च 2009 से हिरासत में हैं। पुलिस ने आरोपियों पर कठोर महाराष्ट्र संगठित अपराध रोकथाम अधिनियम (मकोका) लगाया था। मलिक एवं दो अन्य आरोपी रवि कपूर और अमित शुक्ला को 2009 में आईटी पेशेवर जिगिशा घोष हत्या मामले में दोषी करार दिया जा चुका है। पुलिस ने कहा था कि जिगिशा घोष की हत्या में इस्तेमाल हथियार की बरामदगी के बाद विश्वनाथन की हत्या के मामले का खुलासा हुआ। निचली अदालत ने 2017 में जिगिशा घोष हत्या मामले में कपूर और शुक्ला को मौत की सजा और मलिक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। हालांकि, अगले वर्ष, उच्च न्यायालय ने जिगिशा हत्या मामले में कपूर और शुक्ला की मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया था और मलिक की आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा था।

फाइनेंशियल टाइम्स अखबार ने आंकड़ों के साथ, भारत में चल रही अडानी ग्रुप की कथित लूट का पदार्फाश किया : भारद्वाज

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी
आम आदमी पार्टी

पार्टी मुख्यालय में हुई एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने लंदन के एक अखबार फाइनेंशियल टाइम्स में छपी एक रिपोर्ट के का हवाला देते हुए केन्द्र में बैठी भाजपा सरकार की नाक के नीचे चल रहे एक बड़े कथित भ्रष्टाचार का खुलासा करते हुए बताया, कि इस देश में अडानी ग्रुप द्वारा देश की जनता के पैसे को कथित कोयले की दलाली के माध्यम से कैसे लूटा जा रहा है और सरकार खामोशी से बैठकर इस लूट को होते हुए देख रही है क सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि देश का कोयला इस्तेमाल न करके विदेशों से कोयला आयात किया जा रहा है और उस कोयले को अपने ही देश में दोगुने दामों पर बेचा जा रहा है कउन्होंने कहा कि जिस प्रकार से यह कोयला विदेशों से मंगाकर भारत में दोगुने दामों पर बेचा जा रहा है उसका भार सीधे तौर पर इस देश की जनता की जेब पर पड़ेगा कउन्होंने बताया कि यह कोयला हमारे देश के बिजली बनाने वाले प्लांटों में इस्तेमाल किया जाता है कविदेशों से खरीदे हुए इस कोयले को यदि बिजली प्लांटों में इस्तेमाल किया जाएगा, तो उसकी कीमत की भरपाई करने के लिए यह पैसा इस देश की जनता की जेब से बिजली के बिल में जोड़कर वसूला जाएगा कउन्होंने बताया कि अखबार में छपी रिपोर्ट इस मामले से जुड़े सभी डाटा को एकत्र करके छापी गई है कउन्होंने बताया कि रिपोर्ट में लगाए गए आरोप बिलकुल वैसे ही प्रतीत होते हैं जैसे कि पूर्व में भी 2014 में अदानी ग्रुप पर लग चुके हैं

इस रिपोर्ट में प्रस्तुत किए गए आंकड़ों का हवाला देते हुए सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि आंकड़ों को देखकर साफ जाहिर होता है, कि किस प्रकार से इस देश की जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा लूटा जा रहा है कउन्होंने बताया कि रिपोर्ट में दिए गए आंकड़ों में यह दर्शाया गया है, कि जब कोयला किसी अन्य देश से भारत के लिए आयात होता है, तो उदाहरण के तौर पर उसकी कीमत 1 करोड़ रुपये है, परंतु जब वह भारत पहुँचता है, तो उसकी कीमत लगभग दुगनी अर्थात 2 करोड़ या उससे भी अधिक दिखाई जाती है कइस कथित भ्रष्टाचार पर एक और खुलासा करते हुए सौरभ भारद्वाज ने बताया कि यदि इस रिपोर्ट को हम ध्यान से देखें तो एक महत्वपूर्ण बात निकलकर सामने आती है, कि अडानी ग्रुप इस कोयले के आयात का व्यापार 3 कंपनियों के साथ ही लगातार कर रहे हैं कउन्होंने कहा कि इन कम्पनियां का व्यापार रिकॉर्ड देखने पर यह भी पता चलता है कि यह कंपनियां अपना अधिकतर बिजनेस सिर्फ. अडानी ग्रुप के साथ ही करती हैं कउन्होंने कहा कि यह बेहद ही चौंकाने वाली बात है की छोटी छोटी कंपनियां लाखों मिलियन डॉलर का बिजनेस कर रही हैं कइस रिपोर्ट को देखकर ऐसा प्रतीत होता है की जैसे आयात और निर्यात के बिजनिस का एक ढोंग रचाकर देश की जनता को लूटा जा रहा है करिपोर्ट के आधार पर बड़ी ही चौंकाने वाली बात बताते हुए सौरभ भारद्वाज ने कहा कि इस प्रकार से वह कंपनियां वह लोग जो कथित मनी लॉन्डरिंग का काम करते हैं, इस प्रकार की प्रक्रिया को अपनाते हैं कप्रक्रिया को विस्तार से समझाते हुए उन्होंने बताया कि इस प्रकार से कंपनियां अपने ही परिचितों से विदेशों से माल खरीद कर एक करोड़ के माल को दो करोड़ में खरीदा हुआ दिखाकर अपने शेयर होल्डर्स को बेवकूफ बनाती है और शेयर होल्डर्स को जो 1 करोड़ का लाभ हो सकता था, जो कि कंपनी ने 2 करोड़ बताकर अपने ही परिचित को दे दिया वह लाभ खा जाती हैं केंद्र में बैठी भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए सौरभ भारद्वाज ने कहा कि यह जो पूरा मामला है, इसमें बड़ी बात यह नहीं कि अडानी ग्रुप विदेशों से कोयला सस्ते दामों पर आयात करके अपने देश में दोगुने दामों पर बेच रहा है, बल्कि इसमें बड़ी बात यह है कि यह कथित ठगी जो इस देश की जनता के साथ हो रही है, वह सरकार की देख रेख में हो रही है कक्योंकि अपने देश का कोयला बिजली बनाने के लिए थर्मल पावर स्टेशन में इस्तेमाल न करके, अदानी ग्रुप द्वारा विदेशों से मंगाए गए कोयले को दोगुने दामों पर खरीद कर अदानी ग्रुप को लाभ पहुँचाने का काम यह सरकार कर रही है और इस देश की जनता पर डाका मारने का काम कर रही है कसौरभ भारद्वाज ने कहा, कि यदि इस रिपोर्ट को गौर से पढ़ा जाय तो यह दिखाई पड़ता है, कि अडानी ग्रुप के इस पूरे कारोबार में तीन मध्यस्थ हैं, जिनमें से एक ताइवान में है, एक दुबई में है, और एक सिंगापुर में स्थित है क इन मध्यस्थों के माध्यम से अडानी ग्रुप विदेशों से कोयला आयात करके भारत में लाता है कउन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट में दिए गए आंकड़ों को देखा जाए तो बेहद ही चौंकाने वाले तथ्य सामने आते हैं करिपोर्ट के मुताबिक पिछले दो साल में अडानी ग्रुप ने इन मध्यस्थों से लगभग पाँच बिलियन डॉलर का कोयला आयात किया और सामान्य कीमत और आयात की गई कीमत की तुलना करने पर पता चलता है, कि यह कीमत बाजार की कीमत से लगभग दोगुनी कीमत पर आयात किया गया कएक बड़ी ही चौंकाने वाली बात का खुलासा करते हुए सौरभ भारद्वाज ने बताया कि जिन तीन कंपनियों के द्वारा अदानी ग्रुप कोयला का व्यापार करता है

दिल्ली में प्ररदूषण से जंग में हांफने लगी सुपरसाइट, नहीं मिल रहे आंकड़े

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

रियल टाइम सोर्स अपार्शन्मेंट अध्ययन के लिए राउज एवेन्यू में चल रही सुपरसाइट प्रदूषण से जंग में खुद ही हांफने लगी है। पिछले तीन-चार दिन से इसकी वेबसाइट आर आसमान डॉट कॉम बंद पड़ी है। न प्रदूषण के आंकड़े मिल पा रहे हैं और न ही किसी अधिकारी से इसकी वजह पता चल पा रही है। 30 जनवरी से शुरू हुआ था क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेश रियल टाइम आधार पर प्रदूषण के स्रोतों की पहचान के लिए राउज एवेन्यू के सर्वोदय बाल विद्यालय में सीएम अरविंद केजरीवाल ने इस सुपरसाइट और मोबाइल एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन की शुरूआत 30 जनवरी को की थी।

दावा था कि रियल टाइम सोर्स अपार्शन्मेंट स्टडी से हर घंटे पता चलेगा कि कहां और किस वजह से प्रदूषण है। साथ ही अगले तीन दिन का पूवार्नुमान मिल सकेगा। वाहन, उद्योग और बायोमास बर्निंग की वजह से किसी क्षेत्र में होने वाले प्रदूषण का पता चलेगा और उससे लड़ने में भी मदद मिलेगी।

मोबाइल बैन की मदद से हॉट स्पॉट एरिया में प्रदूषण के कारणों का पता लगाकर उसे कम करने की कोशिश होगी। हॉट स्पॉट क्षेत्र में प्रदूषण क्यों ज्यादा है, यह पता चलता रहेगा और फिर उसी स्रोत पर ध्यान देते हुए प्रदूषण कम करने की कोशिश होगी। मोबाइल वैन दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में भेजी जाएगी, जिससे हर कोने में प्रदूषण स्रोतों के बारे में पता चल पाएगा। यह एडवांस मशीन लर्निंग माडल के आधार पर अगले तीन दिनों के लिए पीएम- 2.5 स्तरों का पूवार्नुमान बताएगी।

नहीं पता चल रहे मोबाइल वैन का आंकड़े इसके अलावा यहां डैशबोर्ड और पोर्टल भी रहेगा। यह सारा कार्य डीपीसीसी की देखरेख में किया जा रहा है। समस्या यह है कि मोबाइल वैन के आंकड़ों का पता ही नहीं चल पा रहा तो अब डैशबोर्ड भी बंद पड़ा है। पिछले तीन दिन से पता ही नहीं चल पा रहा कि दिल्ली के प्रदूषण में किस कारक की कितनी हिस्सेदारी है।

इस समय जबकि दिल्ली में हवा बिगड़ रही है, डैशबोर्ड का कई दिनों तक खराब पड़े रहना चिंताजनक है। एक अहम बात यह कि डैशबोर्ड पर आकाईव भी नहीं है जिससे कुछ दिन पहले की स्थिति पता चल सके। हैरत की बात यह है कि इसकी जानकारी अधिकारियों तक को नहीं है। संपर्क करने पर भी किसी से कोई जवाब नहीं मिलता।

सुपरसाइट के प्रभारी आइआइटी कानपुर के प्रो. मुकेश शर्मा फोन ही नहीं उठाते, तो डीपीसीसी की वरिष्ठ विज्ञानी नंदिता मोइत्रा खुद को हर समय बैठक में बताती हैं। यहां तक कि डीपीसीसी के सदस्य सचिव डा. के एस जयचंद्रन ने भी मोबाइल पर संदेश भेजने के बावजूद कोई जवाब नहीं दिया कि यह समस्या क्यों आ रही है और कब तक ठीक हो पाएगी।

खराब श्रेणी में पहुंची हवा की गुणवत्ता कई दिनों तक मध्यम दिल्ली की हवा एक बार फिर से खराब श्रेणी में पहुंच गई। बृहस्पतिवार को दिल्ली का एक्यूआइ 200 के पार हो गया। मानसून की वापसी के बाद यह सीजन का तीसरा दिन है, जब वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में रहा।

दिल्ली के कई इलाकों का एक्यूआइ 300 के पार यानी बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। मानसून की वापसी के बाद छह और सात अक्टूबर को 200 के पार यानी खराब श्रेणी में पहुंच गया था। इसके बाद हवा की गति बढ़ी और प्रदूषक कणों का बिखराव तेज हो गया। लिहाजा, प्रदूषण की स्थिति से राहत मिली, लेकिन बृहस्पतिवार को एक बार फिर से हवा खराब श्रेणी में पहुंच गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, बृहस्पतिवार को दिल्ली का एक्यूआइ 220 रहा। इस स्तर की हवा को खराब श्रेणी में रखा जाता है। एक दिन पहले बुधवार को यह 193 यानी मध्यम श्रेणी में रहा था। चौबीस घंटे के भीतर इसमें 27 अंकों की बढ़ोतरी हुई है। अगले दो दिनों के बीच भी वायु गुणवत्ता के लगभग इसी स्तर पर रहने की संभावना है। उधर, एनसीआर के शहरों की बात करें तो फरीदाबाद का 198, गाजियाबाद का 192, ग्रेटर नोएडा का 223, गुरुग्राम का 140, जबकि नोएडा का 178 दर्ज किया गया। ग्रेटर नोएडा का एक्यूआइ खराब जबकि अन्य सभी जगह मध्यम श्रेणी में रहा।

छह साल में सबसे ठंडी रही गुरुवार की सुबह मौसमी उतार-चढ़ाव के बीच दिन के समय भले ही गर्मी अभी बरकरार है, लेकिन राजधानी में सुबह और शाम का मौसम सुहाना होने लगा है। इसी कड़ी में बृहस्पतिवार की सुबह छह साल के दौरान सबसे ठंडी रही। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में बृहस्पतिवार का अधिकतम तापमान 34.7 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से एक डिग्री ज्यादा है।

वहीं, न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री कम 16.4 डिग्री सेल्सियस रहा। अक्टूबर के पहले पखवाड़े में इतना कम तापमान 16.6 डिग्री सेल्सियस नौ अक्टूबर 2018 में दर्ज किया गया था। बृहस्पतिवार को हवा में नमी का स्तर 94 से 42 प्रतिशत तक रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान सामान्य से कम, जबकि अधिकतम तापमान ज्यादा ही रिकार्ड होगा।

सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों को न्याय मिलने की शुरूआत 2014 के बाद ही हुई : अमित शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि 1984 के सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों को न्याय मिलने की शुरूआत 2014 में नरेन्द्र मोदी सरकार बनने के बाद ही हुई। यहां दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि 2014 के बाद 1984 के दंगों से संबंधित 300 मामले फिर से खोले गए और प्रत्येक मृतक के परिवार को 5 लाख रुपये का मुआवजा दिया गया।

उन्होंने कहा, 1984 के दंगों को कोई नहीं भूल सकता। मोदी सरकार के सत्ता में आने तक उन दंगों के मामले में किसी को सजा नहीं हुई। कई जांच आयोग बने, लेकिन नतीजा नहीं निकला। लेकिन मोदी ने एसआईटी बनाई, 300 मामले दोबारा खोले और जो दोषी थे उन्हें जेल भेजना शुरू किया। शाह ने कहा कि इतने सालों के बाद मोदी सरकार ने 3,328 मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये मुआवजा देने की प्रक्रिया को पूरा किया गया।

सिख गुरुओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि सिख समुदाय के लोग धर्म और कर्म दोनों को समान रूप से लेकर आगे बढ़ते हैं और जब धर्म के लिए बलिदान की बात आती है तो एक सच्चा सिख कभी पीछे नहीं हटता। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संघर्ष के दिनों से आज देश की सुरक्षा तक सिख भाइयों का बलिदान बेमिसाल है।

शाह ने सिख गुरुओं को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा, मैं सिख धर्म की गुरु परंपरा के सामने सिर झुकाता हूं। सिख पंथ की 10 पीढ़ियों की गुरु परंपरा ने दुनिया के सामने हमलावरों के अन्याय और बर्बरता के खिलाफ संघर्ष और बलिदान का एक उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया है। उन्होंने कहा कि नौवें सिख गुरु तेग बहादुर का देश के लिए योगदान कभी नहीं भुलाया जा सकता। शाह ने कहा कि कश्मीर की जनता पर मुगल शासक औरंगजेब के अत्याचारों के खिलाफ उनका सर्वोच्च बलिदान उनकी महानता को दशार्ता है। गृह मंत्री ने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरु तेग बहादुर की स्मृतियों का उत्सव मनाने का फैसला किया था तो निर्णय लिया गया था कि उनके स्तुतिगान की शुरूआत लाल किले पर उसी स्थान से होगी जहां उनके बलिदान की घोषणा की गयी थी।

सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव के संदर्भ में शाह ने कहा कि उन्होंने कई देशों में सभी धर्मों में समानता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा, उनके चरण कर्नाटक से लेकर मक्का तक पड़े थे। निस्वार्थ प्रेम के संदेश को प्रसारित करने के लिए उन दिनों इतनी लंबी पैदल यात्रा की कोई कल्पना नहीं कर सकता था। शाह ने सिख धर्म में महिलाओं के सशक्तीकरण की परंपरा का भी उल्लेख किया।

संक्षिप्त खबरें

लोजपा (रा) के अरवल नगर परिषद का नगर अध्यक्ष बने अखिलेश

अरवल। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के संगठन को विस्तार करते हुए अखिलेश कुमार को अरवल नगर परिषद का नगर अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया सत्येन्द्र रंजन आगामी लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के पक्ष में बिहार से 40 लोकसभा सीट जितने के साथ एवं 2025 में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद चिराग पासवान के मुख्यमंत्री बनाने के संकल्प के साथ जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने संगठन को विस्तार करते हुए नगर परिषद क्षेत्र के युवा नेता अखिलेश कुमार को अरवल नगर परिषद का नगर अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है ।उन्होंने कहा कि अखिलेश कुमार को नई जिम्मेवारी देने से लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के संगठन को मजबूती प्रदान करने में ताकत मिलेगी । संगठन विस्तार के अवसर पर युवा प्रदेश महासचिव पप्पू राज , जिला प्रवक्ता रविन्द्र कनौजिया, अधिवक्ता राजकिशोरप्रसाद , अधिवक्ता, विजय कुमार पासवान, सजीवन गांधी मुख्य रूप से शामिल है ।

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री ने किया पिंडदान

गया ।अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री सह सांसद श्री भोला सिंह जी का गयाजी में पिंड दान करने हेतु पहुंचे ।अपने पूर्वजों को मोक्ष प्राप्ति हेतु फल्गु विष्णु पद, सीताकुंड, बैतरणी अक्षयवट सहित विष्णु चरण का दर्शन किए अपने पुरोहित के द्वारा पिंडदान कराए इस अवसर पर अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व प्रदेश मीडिया प्रभारी अशोक प्रसाद भारती, जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर उपस्थित थे।

पंचायत सरकार भवन के लिए 120/180 फिट जमीन मापी

वंशी (अरवल) सोनभद्र वंशी सूर्यपुर प्रखंड मुख्यालय में सोनभद्र पंचायत सरकार भवन की भूमि का अग्रणी शुक्रवार को की गई ।अंचलाधिकारी विकेश कुमार के नेतृत्व में वंशी थाना मुख्यालय स्थित 120 फीट / 180 फीट जमीन मापी किया ।सीओ ने बताया कि जिलापदाधिकारी वर्षा सिंह के निर्देश पर सरकारी जमीन मापी की गई । उस पर पंचायत सरकार भवन की निर्माण को लेकर पर्याप्त जमीन है । पंचायत सरकार भवन निर्माण से पंचायत के लोगों को सुविधा उपलब्ध होगी।

बिजली के चपेट में आने से हुई मृत्यु

करपी (अरवल) किंजर थाना क्षेत्र के नगला गांव निवासी फारुक कंसारी को बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई, पुलिस ने सबको अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस अरवल भेज दिया, पोस्टमार्टम कराकर मृतक परिजनों के अंतिम परीक्षण के लिए सौंप दिया, वह इस घटना से परिजनों में रो रो कर बुरा हाल, घटना से गांव मातम में तब्दील।

जातीय जनगणना में चंद्रवंशी समाज के साथ सौतेला व्यवहार किया विरोध

आरा। जिला अध्यक्ष संतोष कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व मे शुक्रवार को सरकार का विरोध किया गया ।जिसमे राष्ट्रीय मंत्री हरेराम चन्द्रवंशी जी बिहार सरकार पर बरसे शाम 4:30 बजे त्रिभुआनी कोठी मोड़ (आरा जंक्शन) पर किया गए। जिला महामंत्री ने 1931 की जनगण 1.75%था ।आज के समय 1.65% हो गया सबकी आबादी बड रही है और मेरी जाती का जनसंख्या घट गाई। कार्यक्रम मे शामिल-बिकास चन्द्रवंशी देव कुमार सिंह सुदर्शन चंद्रवंशी उदय चंद्रवंशी धीरज चंद्रवंशी प्रमोद चंद्रवंशी चंद्रवंशी आलोक चंद्रवंशी विपिन चंद्रवंशी उमंग चंद्रवंशी एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सड़क दुर्घटना वाद के पीड़िता को मिला रिकॉर्ड 40 लाख का मुआवजा

औरंगाबाद ।जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष श्री संपूणार्नंद तिवारी के द्वारा पलामू नगर थाना काण्ड संख्या 12 /2017 के मृतक असरफी तिवारी के पत्नी शकुंतला देवी , निवासी ग्राम राजोगरी, थाना लेशलीगंज पलामू, वर्तमान गंगटी थाना देव को 40 लाख का मुआवजा प्रदान किया गया ।जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम द्वारा बताया गया कि दिनांक 09.09.2023 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना वाद संख्या 12/2017 को समझौते के आधार पर निस्तारण कराया गया था ।उक्त घटना के सम्बन्ध में जानकारी मिली कि पलामू नगर थाना काण्ड संख्या 12/2017 के मृतक असरफी तिवारी पिता स्व राम बरन तिवारी निवासी ग्राम ग्राम राजोगरी, थाना लेशलीगंज पलामू जो सिचाई विभाग डाल्टेनगंज में पदस्थापित थे को कार्यालय से घर पैदल जाने के क्रम में बस संख्या जे एच 03 जी- 7186 से टक्कर के द्वारा दुर्घटना होने के कारण मृत्यु हुई थी।

बोधगया में बालू खनन से धर्मारण्य वेदी के अस्तित्व पर होगा खतरा : ग्रामीण जनता

प्रात : किरण संवाददाता

गया। बोधगया के मुहाने नदी स्थित धर्मारणय पिंड बेदी पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में पिंड दानी श्रद्धालु अपने पूर्वजों का पिंडदान करने पहुंच रहे हैं जिस कारण से बोधगया एवं आसपास के इलाकों में प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था एवं सुविधा चुस्त दिख रहा है, अब इसी मुहाने नदी स्थित धर्मारणय वेदी मुहाना नदी ब्लॉक 47 का बालू घाट संख्या 1 मोराटाल का निविदा कर खानन करने का आदेश दिया जा चूका है, धर्मारणय वेदी के पंडा समाज के लोगों का कहना है कि मुहाने नदी स्थित धर्मारण्य पिंड बेदी पर कालांतर से और पिंडदान,कर्मकांड और तर्पण का विशेष विधान माना गया है पुराने के अनुसार प्राचीनतम 54 वेदियों मे से एक धर्मारण्य वेदी को माना गया है, यहां पर पितृ दोष व प्रेत आत्मा की शांति के लिए त्रिपिंडी श्राद्ध का विशेष महत्व है, जिस कारण से प्रतिदिन हजारों की संख्या में महिला व पुरुष पिंडदान करने पहुंच रहे हैं, कहा जाता है इसकी विशेषता महाभारत काल से ही है स्कंद पुराण के अनुसार महाभारत युद्ध के दौरान कुरुक्षेत्र में मारे गए अर्जुन पुत्र अभिमन्यु व सभी योद्धाओं के आत्मा की शांति एवं पश्चाताप के लिए भगवान श्री कृष्ण युधिष्ठिर के साथ यहां आए थे और धर्मारन ने पिंडवेदी पर कर पिंडदान व तर्पण किया था, धर्मारण्य वेदी का कुछ भाग मुहाने नदी में है एवं कुछ भाग तट पर स्थित है, पिंडदान करने वाले श्रद्धालु इसी तट पर नदी में स्नान कर कर्मकांड और पिंडदान के बाद नदी में तर्पण करते हैं।

इसी भूभाग का बालूरघाट का निविदा कारण विभाग द्वारा दिया गया है, पंडा समाज के लोगों ने बताया कि अगर यहां खनन किया जाएगा तो धर्मारण्य वेदी के अस्तित्व पर खतरा है क्योंकि बालू खनन के बाद मिट्टी का कटाव तेजी से होगा और फिर बेदी परिसर की स्खलन निश्चित है इसीलिए हम लोग तो चाहेंगे सरकार द्वारा यहां का खनन आदेश नहीं दिया जाए, पूर्व में भी यहाँ खनन से अधिक गड्ढे के कारण 3 स्थानीय लोगों की जान जा चुकी है।

जिसके कारण इसकी शिकायत पीड़ित परिजनों के द्वारा वरीय पदाधिकारी से किया गया था और प्राचीनतम तीर्थ स्थल होने के कारण स्थानीय ग्रामीणों ने दो माह पूर्व भी राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद एवं जिला पदाधिकारी से सामूहिक रूप में लिखित आवेदन देकर मुहाने नदी के ब्लॉक 47 का बालूघाट संख्या 1 मोराटाल का खनन आदेश रद्द करने का मांग किया गया था राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद प्रखंड कार्यालय में किया गया जिसमें वहां भी ग्रामीणों द्वारा विरोध कर निविदा रद्द करने का मांग किया गया था जिसके बाद उपस्थित पदाधिकारी द्वारा न देने की आश्वासन दिया गया था।

विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला महासंगम 2023 के आज अंतिम दिन

प्रात : किरण संवाददाता

गया। विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला महासंगम 2023 के आज अंतिम तिथि अर्थात आज अमावस्या के तिथि पर देश-विदेश से आये विभिन्न पिंडदानियों के साथ-साथ मगध क्षेत्र के लोकल व्यक्तियों द्वारा भी आज के तिथि में तर्पण करने की परंपरा है। आज पितृ तर्पण का अंतिम तिथि में तीर्थयात्री अपने पूर्वजों को अंतिम तर्पण करते हुए घर वापसी लेते हैं। पितृ पक्ष के अंतिम तिथि पर भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन आज अहले सुबह 4 बजे से ही विभिन्न स्थानों पर पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराई गई है। ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रहे इसके लिए अतिरिक्त ट्रैफिक के जवानों को मेला क्षेत्र में लगाया जाएगा।

ऐसा मान्यता है कि लोग आज अंतिम तिथि में तर्पण करने के पश्चात विष्णुपद मंदिर में भगवान के दर्शन करने जाते हैं इसे लेकर प्रशासन द्वारा भीड़ नियंत्रण के उद्देश्य से पूरी आवश्यक तैयारी कर ली है। इसे ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन सभी लोकल नागरिकों से अपील करता है कि गयाजी डैम निर्माण होने के कारण लोग घाट पर ही तर्पण करेंगे, जबकि पिछले कई वर्षो जब फल्गु नदी में पानी नहीं रहती थी, तो लोग नदियों में जाकर तर्पण करते थे।

नदी में पानी रहने के कारण लोग घाट पर ही तर्पण करेंगे। अत्यधिक भीड़ की स्थिति ना बने इसके लिए पिता महेश्वर, पंचदेव धाम, ब्राह्मणी घाट, गजाधर घाट, सीता कुंड, केंदुई घाट तथा अन्य घाट जो फल्गु नदी के समानांतर है। सभी में आप अपनी सहूलियत के अनुसार तर्पण करें। जिला प्रशासन अपील करता है कि अमावस्या के तिथि में एक साथ सारे लोग देव घाट पर भीड़ न लगावे। प्रशासन द्वारा इन संबंधित सभी घाटों पर पर्याप्त व्यवस्था रखी गई है। सभी आमजन भीड़ से बचने हेतु अन्य घाटों का भी प्रयोग करें।

सदर अस्पताल में सीसी टीवी कैमरा लगाने की मांग : क्यामुद्दीन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य व इंसाफ मंच के राज्य सचिव क्यामुद्दीन अंसारी ने एक ब्यान जारी कर कहा है कि आज अहले शुबह जब मै टहल रहा था तो एक कौल आया सदर अस्पताल के प्रसुति वार्ड से कि एक व्यक्ति के बच्चा चोरी का प्रयास हुआ है ।फौरन मै और हिम्मत यादव और फिरोज अहमद सदर अस्पताल पहुंचे ।सदर अस्पताल मे जिला पार्षद भीम यादव सोनू जी और राज व नेता विनोद चंद्रवंशी से मुलाकात हुई।

भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य व इंसाफ मंच के राज्य सचिव क्यामुद्दीन अंसारी आरा सदर अस्पताल पहुंचे तो पता चला कि कल 10 बजे रात्री को रुबी देवी पति रमेश यादव के आपरेशन से हुए बच्चे को एक युवक बच्चे को लेकर भागने लगा उस समय रमेश यादव सो रहे थे पर एक दूसरे मरिज के अटेन्डेन्ट बराप निवासी निरज कुमार ने चोर को खुद कर पकड लिया पर डिप्टी मे तैनात रेणु मैडम वहां पहुंच का उक्त चोर को ये कहते हुए लगा दिया कि यह आदमी मेरा रिश्तेदार है। भाकपा माले नेता ने कहा कि आये दिन आरा सदर अस्पताल मे चोरी की घटना होती है पर बच्चा चोरी का यह पहला प्रयास था। माले नेता ने आरोप लगाया की रात मे महिला चिकित्सक नहीं रहती है नर्सो के बल पर प्रसुति वार्ड चलता है आप देख सकते है कि 9 बजे है और कोई महिला चिकित्सक नहीं पहुंची है । भाकपा माले नेता ने कहा कि आरा सदर अस्पताल की दशा बहुत ही दैनिय है सिविल सर्जन लापरवाह है और सदर अस्पताल को संचालित करने मे विफल है ।आप देख सकते है महिला चिकित्सक हो या सर्जन या हड्डी रोग विशेषज्ञ सब डिउटी के प्रति लापरवाह है कल 12 बजे से 1बजे तक सदर अस्पताल मे अपने इलाज के लिए गये थे तो ओपीडी मे सर्जन अपने कमरे मे नहीं थे हड्डी डॉक्टर का कम था बंद था, रात मे महिला डॉक्टर नहीं रहती तथा मरीजों की सदर अस्पताल मे भीड़ बहुत थी।

भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने आरा सदर अस्पताल के सिविल सर्जन से कहना चाहते है कि सदर अस्पताल मे सभी डॉक्टरों को रोस्टर के हिसाब से मरिजों को देखने की गारंटी करे ।कल रात 10 बजे जो महिला डॉक्टर और नर्स रेणु मैडम डिउटी मे थी उन्हें शीघ्र मुअतल की जाय ।माले नेता ने एक और मांग की है कि डॉक्टर से लेकर वार्ड तक सी सीटीवी कैमरा लगाने की गारंटी की जाय जिससे डॉक्टरों और चोरो पर निगरानी की जा सके।

शेरघाटी को जल्द ही कराया जाएगा अतिक्रमण मुक्त

शेरघाटी ।शहर के मुख्य मार्ग को दुकानदारों एवं फुटपाथियों द्वारा अतिक्रमण कर दुकान लगाए जाने को लेकर नगर पर्षद सख्त कदम उठाने की तैयारी में जुट गई है.नगर परिसद के द्वारा शहर माइकिंग करवा कर सड़क के किनारे दुकान लगाने वाले अतिक्रमणकारियों को यथाशीघ्र सड़क के किनारे से दुकान हटाने का निर्देश दिया जा रहा है। कार्यपालक पदाधिकारी पुष्कर पुष्प ने बताया कि शहर के मुख्य मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी एवं वरीय पदाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया है।

जिसके आधार पर नगर परिषद के द्वारा सर्वप्रथम लोडस्पीकर लगाकर शहर में माइकिंग कराया जा रहा है।

इसके उपरांत फुटपाथी दुकानदारों एवं दुकान के बाहर सामान लगाने वाले दुकानदारों को नोटिस भेजा जाएगा।

जीबीएम कॉलेज में 'मेरी माटी, मेरा देश' कार्यक्रम व शपथ समारोह

प्रात : किरण संवाददाता

गया। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय, भारत सरकार एवं एमयू, बोधगया से प्राप्त निदेर्शानुसार "मेरी माटी, मेरा देश" कार्यक्रम के तहत अमृत कलश यात्रा एवं पंच प्रण शपथ समारोह का आयोजन किया गया है। अमृत कलश यात्रा के अंतर्गत छात्राओं ने अपने-अपने घरों से लायी मिट्टी को महाविद्यालय परिसर में स्थापित अमृत कलश में एकत्र किया है। छात्राओं के उत्साहवर्द्धन हेतु प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. जावैद अशरफ, एनएसएस पदाधिकारी डॉ प्रियंका कुमारी, बर्सर डॉ सहदेब बाउरी, नैक समन्वयक डॉ शगुफ्ता अंसारी, एनसीसी सीटीओ डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, खेलकूद प्रभारी डॉ पूजा राय, डॉ जया चौधरी, डॉ अमृता घोष, डॉ अनामिका कुमारी, कृति सिंह आनंद, डॉ सुनीता कुमारी, डॉ सुरबाला कृष्णा ने भी अमृत कलश में श्रद्धासहित माटी डाली। तदोपरांत, सभी छात्राएँ महाविद्यालय परिसर के भीतर आयोजित अमृत कलश यात्रा में शामिल हुई है ।पंच प्रण शपथ समारोह में प्रधानाचार्य प्रो अशरफ के नेतृत्व में सभी फैकल्टीज एवं छात्राओं ने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने में अपनी ओर से यथासंभव योगदान देने हेतु सामूहिक शपथ ली है। समस्त महाविद्यालय परिवार ने गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने और भारत की एकता सुदृढ़ करने, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने तथा भारतीय नागरिक होने के दायित्वों को पूर्ण करने हेतु प्रण लिया है। अमृत कलश यात्रा एवं शपथ कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्रा निकिता केसरी, हर्षिता मिश्रा, संध्या, मुस्कान, शिल्पा साहनी, प्रगति मिश्रा, रिशू, अंजली, जूही, तान्या, अवनि, अनू, रिशिका आदि की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है।

सीएम के द्वारा अनुआँ पंचायत सरकार भवन शिलान्यास होने पर ग्रामीणों में खुशी

प्रात : किरण संवाददाता

वंशी (अरवल) सोनभद्र वशी सूर्यपुर प्रखंड मुख्यालय में अनुआँ पंचायत का बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा पंचायत सरकार भवन रिमोट कंट्रोल के माध्यम से शिलान्यास किया गया।

वहीं शिलान्यास होने पर पंचायत वासियो में खुशी देखी गई, समारोह पूर्वक प्रखंड मुख्यालय में अनुआँ पंचायत के पंचायत सरकार भवन निर्माण को लेकर शिलापट बोर्ड पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधिवत्या रिमोट सिस्टम से शिलान्यास किया, इस दौरान अनुआँ पंचायत के मुखिया मनोज कुमार सिलापट बोर्ड पर फूल माला चढ़ा कर दीप प्रज्वलित किया, मुखिया ने कहा कि अनुआँ पंचायत स्थित अनुआँ गांव में दो करोड रुपए की लागत से पंचायत सरकार भवन निर्माण किया जाएगा, उन्होंने कहा कि आप हमारे पंचायत की जनता को किसी काम के लिए ब्लॉक के चक्कर नहीं लगाने पड़ेगा, सारा चीज व्यवस्था पंचायत सरकार भवन मे होगा, इसकी जानकारी मिलते हैं पंचायत क्षेत्र के ग्रामीण जनता में खुशी देखी जा रही है, इस मौके पर वंशी प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार गुप्ता, अंचल अधिकारी विकेश कुमार एवं अन्य लोग शामिल रहे।

अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन

औरंगाबाद। सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय औरंगाबाद में वेट/पावरलिफ्टिंग महिला /पुरुष अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन 12 अक्टूबर 23 से 13 अक्टूबर 2023 तक किया गया ' इस प्रतियोगिता में अलग-अलग भार में महिला एवं पुरुष प्रतिभागियों ने भाग लिए ' जिसमें सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय औरंगाबाद, एसएन सिन्हा कॉलेज टेकारी, एसएन सिन्हा कॉलेज जहानाबाद, जेजे कॉलेज गया, गया कॉलेज गया, राम लखन सिंह यादव कॉलेज औरंगाबाद, अनुग्रह नारायण सिंह कॉलेज नबीनगर, अनुग्रह नारायण मेमोरियल कॉलेज गया के छात्र छात्राओं ने भाग लिया ' इस प्रतियोगिता की अध्यक्षता महाविद्यालय के पिटीआई डॉक्टर योगेन्द्र कुमार सिंह कर रहे थे ' इस कार्यक्रम में टेक्निकल सपोर्ट प्रवीण कुमार दुबे सहायक प्राध्यापक फामेर्सी विभाग का रहा 'वेटलिफ्टिंग एवं पावर लिफ्टिंग पुरुष एवं महिला वर्ग में क्रमशः एसएन सिन्हा कॉलेज जहानाबाद प्रथम एवं सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय औरंगाबाद को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

प्रतिभागियों का प्रमाण पत्र और पुस्तक किया गया वितरण

आरा ।जगदीशपुर के नयका टोला में जन विकास क्रांति द्वारा संचालित बिहार सरकार के साथ निश्चय के अधीन कुशल युवा कार्यक्रम ,वित्तीय लेखांकन में सफल प्रतिभागियों का प्रमाण पत्र और पुस्तक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. प्रमाण पत्र और पुस्तक वितरण मो. नूर अहसन जिला नियोजन पदाधिकारी सह जिला नोडल पदाधिकारी कुशल युवा कार्यक्रम एवं श्री संजय कुमार जिला कौशल प्रबंधक द्वारा किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नूर अहसन जिला नियोजन पदाधिकारी भोजपुर ने कहा कि "कुशल युवा कार्यक्रम,वित्तीय लेखांकन का प्रशिक्षण बिहार कौशल विकास मिशन (बीएसडीएम) द्वारा शुरू किया गया एक कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम है। यह बिहार सरकार की "7 निश्चय" योजनाओं में से एक का हिस्सा है। केवाईपी का उद्देश्य उन सभी उम्मीदवारों के रोजगार कौशल को बढ़ाना है जो बिहार के स्थायी निवासी हैं और कम से कम 10वीं और वित्तीय लेखांकन में 12 वी कक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं। सॉफ्ट स्किल्स प्रशिक्षण में जीवन कौशल, संचार कौशल (अंग्रेजी और हिंदी), और बुनियादी कंप्यूटर साक्षरता शामिल हैं वही वित्तीय लेखांकन में जी एस टी के साथ टैली पर वित्तीय लेन देन का प्रशिक्षण से उनकी रोजगार क्षमता का बदावा मिल रहा है।

एक राज्य एक संवर्ग एक विधालय एक वेतनमान लागू करे सरकार : आलोक आजाद

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। अखिल भारतीय शिक्षा मंच के प्रदेश अध्यक्ष आलोक आजाद ने सम्मानित निदेशक माध्यमिक शिक्षा बिहार के द्वारा बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली 2023 का प्रारूप तैयार कर शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के विभागीय वेबसाईट पर अपलोड कर सभी हितबद्ध शिक्षाविदों से किसी भी तरह का सुझाव विज्ञापन प्रकाशन की तिथि के एक सप्ताह के अन्दर निदेशक, माध्यमिक शिक्षा के ईमेल आईडी पर मांगने का स्वागत के साथ कुछ बदलाव की मांग सुझाव के माध्यम से किया है।

आलोक आजाद ने सुझाव में कहा की इस नियमावली में सबसे पहले स्पष्ट रूप से राज्यकर्मी का दर्जा देने का उल्लेख होना चाहिए ।इसके साथ शिक्षकों तथा पुस्तकालयाध्यक्षों का अलग अलग संवर्ग गठित करने की जगह पर एक राज्य एक संवर्ग एक विधालय एक वेतनमान को लागू करना चाहिए ।इसके साथ जो शिक्षक एवं पुस्तकालयाध्यक्ष दक्षता परीक्षा अथवा टीईटी परीक्षा पास कर चुके हैं, उन सभी को समानता परीक्षा से मुक्त कर प्रोन्नति के लिए विभागीय परीक्षा आयोजित किया जाए। आलोक आजाद ने कहा कि उक्त नियमावली की कडिका (7) में विद्यालय अध्यापक नियुक्ति नियमावली 2023 से नियुक्त होने वाले शिक्षकों एवं नियमावली से आच्छादित शिक्षकों के बीच भी वरीयता का स्पष्ट निर्धारण हो, जिससे इस नियमावली से आच्छादित शिक्षकों की सेवा वरीयता अक्षुण्ण रह सके।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2015 में नियोजित शिक्षकों के लिए नियत वेतन से वेतनमान लागू होने के समय वेतन निर्धारण में पूर्व की सेवा की गणना करते हुए वेतन वृद्धि जोड़ा गया था। जिससे वरीय एवं कनीय शिक्षकों के बीच अन्तर था परंतु यहाँ सभी शिक्षकों का वेतन एक हो जायेगा। इसके साथ हीं नियमावली के अन्तर्गत कार्यरत आच्छादित शिक्षकों के पेंशन नीति छुट्टी, ग्रेच्युटी, अनुकंपा एवं अन्य सेवांत लाभ पुराने जिला संवर्गीय एवं प्रमंडल संवर्गीय सहायक शिक्षकों की भांति लागू करने संबंधी स्पष्ट प्रावधान जोड़ा जाना चाहिए। उक्त नियमावली की कंडिका (9) में प्रोन्नति की समयावधि की गणना स्थानीय निकाय में नियुक्ति तिथि से किए जाने का प्रावधान किया जाना चाहिए।

प्रोन्नति के अभ्युक्तियों कॉलम में रिक्तियों के अनुसार स्वस्थान प्रोन्नति के स्थान पर राज्यकर्मियों के लिए लागू सुनिश्चित वृति उन्नयन योजना के अन्तर्गत 10 वर्ष, 20 वर्ष एवं 30 वर्ष की सेवा पर सभी शिक्षकों को वेतन प्रोन्नति का स्पष्ट प्रावधान अंकित किया जाए। अधिसूचना संख्या 1072 दिनांक 25.06.2005 के द्वारा प्रधानाध्यापकों के 50 प्रतिशत पद सीधी भर्ती से एवं 50 प्रतिशत पद प्रोन्नति से भरे जाने का प्रावधान किया जाना चाहिए।

अमिताभ बच्चन के जन्मदिवस के अवसर ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस ने दी संगीतमय प्रस्तुति

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। नयी दिल्ली, मुंबई,पटना ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस (जीकेसी) कला-संस्कृति प्रकोष्ठ ने सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के जन्मदिन 11 अक्टूबर के अवसर पर वर्चुअल संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें कलाकारो ने शानदार प्रस्तुति देकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जीकेसी के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने बताया कि भारतीय सिनेमा जगत के सबसे प्रभावशाली नायकों में अमिताभ बच्चन का नाम शुमार किया जाता है।

जीकेसी कला-संस्कृति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम कुमार ने बताया कि अमिताभ बच्चन के जन्मदिन के अवसर वर्चुअल संगीतमय कार्यक्रम को जीकेसी कला- संस्कृति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष पवन सक्सेना और राष्ट्रीय महासचिव सचिव श्रीमती शिवानी गौर ने होस्ट किया। इस अवसर बिहार,मध्य प्रदेश, राजस्थान,महाराष्ट्र, झारखंड, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ,नयी दिल्ली, ईटली से नामचीन कलाकारों ने प्रस्तुति दी। प्रस्तुति देने वाले कलाकारों में प्रिया मल्लिक, डा. मृणालिनी अखौरी,शालिनी श्रीवास्तव,जुबिन सिन्हा,मनीष श्रीवास्तव,आनंद सिन्हा, सावेरी वर्मा,कुमार संभव,नवीन श्रीवास्तव, प्रेम कुमार,,डा. आनंदिता सिन्हा ,आशीष सक्सेना शांतनु गौर, नितीन वर्मा,विजेता सिन्हा,राकेश अम्बष्ठ, हिमांशु शेखर और इशान निगम शामिल हुये।

मुस्लिम समुदाय ने कहा हिंदू भाइयों को हर तरीके से करें सहयोग

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद : आपसी भाईचारा मोहब्बत का पैगाम दे मुस्लिम समुदाय दुर्गा पूजा के मौके पर सौहार्द का संदेश देने के लिए शुक्रवार को जुमे की नमाज में अदा करते हुए मुस्लिम समुदाय के समाजसेवी मो. शहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान ने बताया कि दुर्गा पूजा 15 अक्टूबर से शुरू होने जा है और 24 अक्टूबर तक चलेगा मस्जिद के इमाम मो. गुलाम रसूल कादरी ने मुस्लिम समुदाय से अपील किया कि शहर के आने-जाने मैं आने वाले मार्ग को साफ रखये , उससे पहले की सड़कों पर जो कचरा जमा है तो उसे हम लोगों को जिम्मेदारी बनती है कि कचरा उठाने का काम करें। श्रद्धालुओं को देखते हुए अपने स्तर से सड़क पर खड़ा होकर आपसी भाईचारा का संदेश देते हुए सफाई करें। हमारे हजरत साहब ने कहा कि घर का छिलका बाहर मत डालिए, इससे मसले पैदा होते हैं। मंदिर मस्जिद गिरजाघर गुरुद्वारे में हमें मिलकर साफ करने होंगे, जब मन में ऐसी भावना बन गई तो शहर को साफ सुथरा होने से कोई रोक नहीं पाएगा। दुर्गा पूजा हिंदू भाइयों का पवित्र त्यौहार है। धार्मिक स्थलों की सफाई में सभी धर्म के लोगों को एकजुट होकर करना चाहिए। दुर्गा पूजा के दौरान मुस्लिम समुदाय के जो भी नमाज पढ़ रहे हैं और किसी माध्यम से मुस्लिम समुदाय को यह मेरा अपील है कि जहां मुस्लिम समाज की भीड़ रहती है ।शहर के जमा मस्जिद आसपास सब्जी मंडी आसपास नावाडीह मोड़ के पास विशेष रूप से मुस्लिम समुदाय के लोगों से शांति भाईचारा का संदेश है। इस मार्ग को उठाते हुए साफ सफाई के साथ-साथ रोड को खाली करवाने का सहयोग करेंगे। पैगाम इंसानियत के अध्यक्ष मो. सल्लू खान ने कहा कि मेन रोड से जाने सड़कों पर मुस्लिम समुदाय के लोग सद्भावना का संदेश देने का काम करेंगे। हिंदुस्तान की खेती यहां के विभिन्न धर्मों के लोगों का निवास बढ़ता हुआ संस्कृति है जिस से प्रभावित होकर विदेशी सरजमीं पर भी लोक आस्था का पर्व मनाया जाता है। मस्जिद के इमाम गुलाम रसूल ने कहा कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट या फेसबुक पर किसी भी धर्म नेताओं के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट ना करें ताकि किसी भी धर्म आस्था को ठेस नहीं पहुंचे। इस मौके पर पठान टोली मस्जिद के सेक्रेटरी सैयद सोनू, , मो. गुलाम सरवर मोहम्मद हबीब मोहम्मद, मो. सोनू सहित लोगो ने नमाज पढ़ने के दौरान शांति पूर्वक पर्व मनाने के साथ-साथ देश में अमन चैन के लिए दुआएं मांगे।

जनपक्षधर पत्रकारों पर छापेमारी व गिरफ्तारी के खिलाफ भाकपा-माले ने निकाला प्रतिवाद मार्च

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। प्रेस/मीडिया पर सत्ता प्रायोजित हमले व न्यूज क्लिक व जनपक्षधर पत्रकारों पर छापेमारी व गिरफ्तारी के खिलाफ भाकपा-माले के राष्ट्रव्यापी विरोध सप्ताह के तहत आज आरा पूर्वी रेलवे गुमटी से प्रतिवाद मार्च निकाला गया !यह प्रतिवाद मार्च मिल रोड नवादा चौक होते हुए आरा रेलवे स्टेशन पहुंचा इस प्रतिवाद मार्च के दौरान लोगों ने पत्रकारों पर हमला करना बंद करो,लोकतंत्र पर हमला करना बंद करो,देश में तानाशाही नहीं चलेगी,विरोध की आवाज को कुचला बंद करो आदि नारे लगा रहे थे !प्रतिवाद मार्च के बाद आरा रेलवे स्टेशन परिसर में सभा आयोजित की गई !सभा की अध्यक्षता आरा नगर सचिव दिलराज प्रीतम ने की! प्रतिवाद मार्च बाद के सभा को सम्बोधित करते हुए भाकपा-माले नेताओं ने कहा कि दिल्ली में कई पत्रकारों के घरों पर छापेमारी और उन्हें हिरासत में लिए जाने की घटना निंदनीय है !मोदी सरकार द्वारा स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता पर हमला जारी है !जिन पत्रकारों के घरों पर दिल्ली पुलिस द्वारा छापा मारा गया है,वे दशकों से निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए जाने जाते हैं और हमेशा से ही सत्ता को आईना दिखाने का काम करते रहे हैं! ऐसे पत्रकारों पर छापेमारी करके केन्द्रीय गृह मंत्रालय के अधीन काम करने वाली दिल्ली पुलिस न केवल इन पत्रकारों को जनसरोकारों के पक्ष में खड़े रहने के लिए धमकाने की कोशिश कर रही है बल्कि वह,इनसे इतर भी जो पत्रकार जनसरोकारों से जुड़े हैं,उन्हें भी भयाक्रांत करने की कोशिश कर रही है !इससे साफ है कि केंद्र की मोदी सरकार देश में केवल अपना गुणगान करने वाला चारण मीडिया चाहता है, जिसे लोकप्रिय तौर पर गोदी मीडिया कहा जा रहा है! केंद्र की मोदी सरकार बीते दिनों के घटनाक्रम से भयभीत है और उसी भय में बदले की कार्यवाही के तौर पर इन पत्रकारों को निशाना बनाया गया है !विपक्षी पार्टियों के इंडिया गठबंधन के रूप में संगठित होने,उसके बाद पुरानी पेंशन स्कीम के पक्ष में कर्मचारियों का दिल्ली में भारी संख्या में जुटना और बिहार में जातीय जनगणना के परिणामों की घोषणा,वो कारक हैं, जिसके चलते केंद्र की मोदी सरकार पूरी तरह हताश और बदहवास हो गयी है !पत्रकारों,एक्टिविस्टों और स्टैंड अप कॉमेडियनों पर छापेमारी,केंद्र सरकार की इसी हताशा और बदहवासी की अभिव्यक्ति है !पहले से ही विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत 180 देशों में 161 वें स्थान पर है !केंद्र सरकार की इस कार्यवाही के बाद दुनिया भर में प्रेस स्वतंत्रता के मामले में देश की साख और रसातल को जाएगी।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण

सम्पादकीय

जिनके लगे हैं बड़े दांव

निर्वाचन आयोग ने महीने भर से भी ज्यादा चलने वाले चुनाव कार्यक्रम का एलान कर दिया है। इस दौरान पार्टियों की संसाधन जुटाने की क्षमता और उनकी आंतरिक शक्ति की भी परीक्षा होगी। कांग्रेस के लिए चुनौतियां ज्यादा हैं। पांच राज्यों की विधानसभाओं के लिए नवंबर में होने वाले चुनाव में सबसे कड़े इम्तिहान से कांग्रेस को गुजरना होगा। यह अकेली पार्टी है, जिसका चार राज्यों में बड़ा दांव लगा होगा। वैसे तो बड़ा दांव भाजपा का भी है, लेकिन तेलंगाना में अगर वह बहुत बेहतर नतीजे नहीं लाती है, तब भी इसे उसकी राष्ट्रीय आम चुनाव की संभावनाओं से जोड़ कर नहीं देखा जाएगा। जबकि कांग्रेस की परीक्षा राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ के साथ-साथ तेलंगाना में भी है, जहां उसका मुख्य मुकाबला भारत राष्ट्र कांग्रेस (बीआरएस) से होने की संभावना है। बाकी तीन राज्यों में भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने होंगी। मिजोरम में ये दोनों पार्टियां अपने गठबंधन सहयोगियों के भरोसे मैदान में उतरेंगी। अगर पिछले विधानसभा चुनाव को आधार मानें, तो तेलंगाना में बीआरएस की बढ़त लगभग 20 प्रतिशत वोटों की है। आम तौर पर पांच साल के अंतर पर इतनी बड़ी खाई को पार कर पाना संभव नहीं होता है। ऐसे में कांग्रेस के लिए बेहतर उम्मीद यही होगी कि वह अपने लगभग 28 प्रतिशत के वोट आधार और पिछली बार मिली सीटों में बड़ा सुधार करके दिखाए। उधर छत्तीसगढ़ में भाजपा के सामने चुनौती दस प्रतिशत वोटों के अंतर को पाटने की है। सामान्य स्थितियों में ऐसा करना भी आसान नहीं होता। राजस्थान और मध्य प्रदेश दोनों राज्यों में 2018 में भाजपा और कांग्रेस के वोट प्रतिशत लगभग बराबर थे। इसलिए वहां दिलचस्प मुकाबला होने की संभावना जताई जा सकती है। राजस्थान में कांग्रेस, तो मध्य प्रदेश में भाजपा के सामने एंटी-इन्कम्बैंसी को काबू में रखने की चुनौती होगी। निर्वाचन आयोग ने महीने भर से भी ज्यादा चलने वाले चुनाव कार्यक्रम का एलान कर दिया है। इस दौरान पार्टियों की संसाधन जुटाने की क्षमता और उनकी आंतरिक शक्ति की भी परीक्षा होगी। संसाधनों के मामले में भाजपा का कोई मुकाबला नहीं है। इस लिहाज से कांग्रेस के सामने कहीं अधिक मुश्किलें पेश आएंगी। अब नजर इस पर होगी कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले हो रहे इन मुकाबलों में बड़ी चुनौतियों के मद्देनजर दोनों पार्टियां कैसा दमखम दिखाती हैं। यह निर्विवाद है कि तीन दिसंबर को आने वाले नतीजों का बड़ा मनोवैज्ञानिक प्रभाव होगा।

क्षेत्रीय पार्टियां क्या खत्म हो सकती हैं?

अजीत द्विवेदी

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक बार फिर यह बहस छेड़ दी है कि क्षेत्रीय पार्टियों का क्या भविष्य होगा? क्या वे खत्म हो जाएंगी या अब ऐसा समय आ गया है कि और ज्यादा मजबूत होंगी? जेपी नड्डा पांच अक्टूबर को पटना गए थे, जहां उन्होंने कैलाशपति मिश्र की सौवीं जयंती के कार्यक्रम में कहा कि क्षेत्रीय पार्टियां परिवारवाद और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती हैं इसलिए ये खत्म हो जाएंगी। इससे ठीक 14 महीने पहले 31 जुलाई 2022 को भी पटना में ही जेपी नड्डा ने यह बात कही थी। उन्होंने कहा था कि भाजपा अपनी विचारधारा पर चलती रही तो क्षेत्रीय पार्टियां देश से खत्म हो जाएंगी। उनके इस बयान के एक हफ्ते के बाद ही नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यू ने भाजपा से नाता तोड़ लिया था और नीतीश कुमार राजद व कांग्रेस की मदद से मुख्यमंत्री बन गए थे। एक साल बाद जब नड्डा ने फिर यह बयान दिया है तो इस पर बिहार में बहस छिड़ गई है। इस बार उनके बयान का भाजपा की सहयोगी क्षेत्रीय पार्टियां विरोध नहीं कर रही हैं, बल्कि अपनी अलग व्याख्या करके किसी तरह अपने को बचाने की कोशिश कर रही हैं। तभी यह सवाल है कि क्या भारत में क्षेत्रीय पार्टियां खत्म हो सकती हैं या देश में ऐसी स्थितियां बन रही हैं, जिनमें क्षेत्रीय पार्टियां और मजबूत हो सकती हैं? ध्यान रहे भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों की यह मंशा रही है कि देश में दो ही पार्टियां हों। जब कांग्रेस अपनी सत्ता और ताकत के चरम पर थी तब वह भी ऐसा सोचती थी कि क्षेत्रीय पार्टियां खत्म हो जाएंगी। उसने बहुत प्रयास भी किए और अपने कई सहयोगी पार्टियों को खत्म करने की सक्रिय कोशिश की। हालांकि कामयाबी नहीं मिली। उस समय भाजपा सहयोगी क्षेत्रीय पार्टियों के दम पर फल-फूल रही थी तो वह चुप रहती थी। अब कांग्रेस कमजोर है और भाजपा अपनी ताकत के चरम पर है तो उसके नेता गाहे-बगाहे इस तरह की मंशा जाहिर करते रहते हैं कि क्षेत्रीय पार्टियां देश से खत्म हो जाएं। लेकिन नड्डा के बयान और भाजपा की वास्तविक राजनीति में बड़ा विरोधाभास है। एक तरफ भाजपा ने विपक्षी गठबंधन इंडियाइ के बरक्स अपने गठबंधन एनडीए का विस्तार करना शुरू किया है तो दूसरी ओर नड्डा क्षेत्रीय पार्टियों के खत्म होने की बात कर रहे हैं। ध्यान रहे जुलाई में जिस दिन बेंगलुरू में विपक्षी गठबंधन की बैठक थी, जिसमें 27 पार्टियां शामिल हुई थीं उसी दिन दिल्ली में भाजपा ने एनडीए की बैठक की थी, जिसमें 38 पार्टियां शामिल हुई थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद आगे बढ़ कर हर छोटे-बड़े नेता का स्वागत किया था। इसमें ऐसी पार्टियों के नेता भी शामिल हुए थे, जिनका न तो कोई विधायक है और न कोई सांसद। दिलचस्प बात यह है कि ज्यादातर क्षेत्रीय पार्टियां, जो एनडीए से जुड़ी हैं वे परिवार की पार्टियां हैं। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास, राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी, हिंदुस्तान आवाम मोर्चा, अपना दल (सोनेलाल), एनसीपी का अजित पवार गुट, जननायक जनता पार्टी आदि के नेता भाजपा की बुलाई बैठक में शामिल हुए थे। ये ऐसी पार्टियां हैं, जो संस्थापक नेताओं के बेटे, बेटियों, भाइयों, भतीजों आदि द्वारा संचालित हैं। यह भी दिलचस्प है कि कई पार्टियों के नेता भ्रष्टाचार के बड़े आरोपों से घिरे हैं। यानी परिवारवादी भी हैं और भ्रष्टाचार में आरोपी भी हैं फिर भी भाजपा को उन्हें गठबंधन में रखने और उनके साथ चुनाव लडे में दिक्कत नहीं है। अब सवाल है कि जब भाजपा इस तरह से परिवारवादी और भ्रष्टाचार की आरोपी क्षेत्रीय पार्टियों को साथ रख कर आगे बढ़ाएगी तो वह इन्हें खत्म करने का अभियान कैसे पूरा कर पाएगी? यहां तो नीयत में ही एकरूपता नहीं दिख रही है। एक तरफ खत्म करने की बात हो रही है और जेपी नड्डा कह रहे हैं कि भाजपा अब किसी पार्टी को कंधे पर नहीं बैठाएगी और दूसरी ओर क्षेत्रीय पार्टियों को कंधे पर उठा कर उनको ऊंचा बनाया जा रहा है! बिहार में नीतीश के गठबंधन छोड़ कर जाने के बाद नड्डा ने यह स्टैंड लिया है कि पार्टी अब किसी को कंधे पर नहीं बैठाएगी और उधर महाराष्ट्र में शिव सेना से अलग हुए एकनाथ शिंदे को कंधे पर उठा कर मुख्यमंत्री बनाया है। इतना ही नहीं जिस पार्टी पर भाजपा ने 70 हजार करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगाया है उसी के नेता अजित पवार को उनकी पसंद का मंत्रालय देकर उप मुख्यमंत्री बनाया है। कर्नाटक में खत्म हो रही जेडीएस को अपने साथ जोड़ कर भाजपा ने ऑक्सीजन दिया है ताकि वह जिंदा हो सके। यही काम वह आजसू के साथ झारखंड में करने जा रही है। यही काम वह बिहार की चार क्षेत्रीय पार्टियों के साथ करेगी। उत्तर प्रदेश में अनुप्रिया पटेल की पार्टी के साथ किया है, झारखंड में आजसू, हरियाणा में जजपा आदि पार्टियों को भाजपा ने ही ऑक्सीजन दिया है। बड़ा गठबंधन बनाने की होड़ में कांग्रेस और कुछ अन्य क्षेत्रीय पार्टियों ने मिल कर इंडिया का गठन किया है, जिसमें दो दर्जन से ज्यादा पार्टियां जुड़ी हैं। हर पार्टी के मजबूत होने की स्थितियां गठबंधन की वजह से बन रही है। एनसीपी, शिव सेना, तृणमूल कांग्रेस, राजद, जेएमएम, डीएमके, समाजवादी पार्टी आदि पहले से बड़ी पार्टियां हैं और गठबंधन की वजह से ये पार्टियां और मजबूत होंगी। यानी कांग्रेस और भाजपा दोनों मिल कर क्षेत्रीय पार्टियों को ताकत दे रहे हैं। ऐसे में उनके खत्म होने की बात करना एक राजनीतिक बयानबाजी से ज्यादा कुछ नहीं है। इस बीच एक और घटनाक्रम यह हुआ है कि बिहार ने जाति गणना करा कर जातियों के आंकड़े जारी कर दिए हैं। अब कांग्रेस पूरे देश में जाति गणना का वादा कर रही है। जहां भी कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों की सरकार है वहां जाति गणना होगी और सभी जातियों के आंकड़े सार्वजनिक होंगे। इससे जाति आधारित पार्टियों के लिए मौका बन रहा है। जैसे बिहार की जाति गणना से कई प्रादेशिक पार्टियों की ताकत बढ़ी है। मल्लाह नेता मुकेश सहनी अपनी जाति की 10 फीसदी आबादी का दम भर रहे हैं तो जीतन राम मांझी पांच फीसदी, चिराग पासवान पांच फीसदी और उपेंद्र कुशवाहा चार फीसदी आबादी का नेता होने का दावा कर रहे हैं। ध्यान रहे जैसे जैसे जातियों की संख्या पता चलेगी वैसे वैसे जातीय अस्मिता मजबूत होगी और सामाजिक पहचान मजबूत होने के बाद उसको राजनीतिक पूंजी में बदलने का प्रयास तेज होगा। तब जाति विमर्श और बढ़ेगा। देश में जाति आधारित पार्टियां बनेंगी और उनका विस्तार भी होगा। तमिलनाडु में कुछ साल पहले यह प्रक्रिया चली थी और अब उत्तर प्रदेश, बिहार सहित हिंदी पट्टी के राज्यों में चलेगी। इससे क्षेत्रीय पार्टियां कमजोर होने की बजाय मजबूत होंगी।

विधानसभाओं के चुनाव व जाति का प्रश्न

तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति पार्टी की सरकार है और मिजोरम में मिजो नैशनल फ्रंट की सरकार है। मध्य प्रदेश को छोडकर बाकी सभी राज्यों में एक चरण में ही मतदान होगा। मध्य प्रदेश में दो चरणों में मतदान होगा। परिणाम तीन दिसम्बर को घोषित किए जाएंगे। लेकिन इन भावी चुनावों से ठीक पहले लद्दाख क्षेत्र में कारगिल पर्वतीय विकास परिषद की छब्बीस सीटों के लिए चुनाव हुआ था और उसके परिणाम आठ अक्तूबर को आए हैं। छब्बीस सीटों में से बारह सीटों पर नैशनल कान्फ्रेंस और दस सीटों पर सोनिया कांग्रेस को जीत हासिल हुई। दो सीटें भाजपा के खाते में गईं और दो ही निर्दलीय प्रत्याशियों को मिलीं। पिछली बार भाजपा को एक सीट मिली थी। इस बार उसने दो सीटों जीती हैं और तीसरी सीट पर चालीस मतों से पराजित हुई। इन परिणामों से कांग्रेस और नैशनल कान्फ्रेंस अति उत्साह में हैं। नैशनल कान्फ्रेंस के अब्दुल्ला परिवार का कहना है कि इससे लोगों ने निर्णय दे दिया है कि सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 का उन्मूलन गलत था। उन्होंने कहा कि इन चुनाव परिणामों से यह भी पता चल गया है देश में भाजपा के विपरीत हवा बहना शुरू हो गई है। वैसे सोनिया गान्धी परिवार और अब्दुल्ला परिवार के पास ऐसी कौन सी साईंस है





कुलदीप चंद अग्निहोत्री
वरिष्ठ स्तंभकार

पांच राज्यों की विधानसभाओं के लिए, जिनकी पांच साल की अवधि समाप्त हो रही है, चुनावों की घोषणा कर दी गई है। नवम्बर में चुनाव होंगे। इनमें से मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार है, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार है। तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति पार्टी की सरकार है और मिजोरम में मिजो नैशनल फ्रंट की सरकार है। मध्य प्रदेश को छोडकर बाकी सभी राज्यों में एक चरण में ही मतदान होगा। मध्य प्रदेश में दो चरणों में मतदान होगा। परिणाम तीन दिसम्बर को घोषित किए जाएंगे। लेकिन इन भावी चुनावों से ठीक पहले लद्दाख क्षेत्र में कारगिल पर्वतीय विकास परिषद की छब्बीस सीटों के लिए चुनाव हुआ था और उसके परिणाम आठ अक्तूबर को आए हैं। छब्बीस सीटों में से बारह सीटों पर नैशनल कान्फ्रेंस और दस सीटों पर सोनिया कांग्रेस को जीत हासिल हुई। दो सीटें भाजपा के खाते में गईं और दो ही निर्दलीय प्रत्याशियों को मिलीं। पिछली बार भाजपा को एक सीट मिली थी। इस बार उसने दो सीटों जीती हैं और तीसरी सीट पर चालीस मतों से पराजित हुई। इन परिणामों से कांग्रेस और नैशनल कान्फ्रेंस अति उत्साह में हैं। नैशनल कान्फ्रेंस के अब्दुल्ला परिवार का कहना है कि इससे लोगों ने निर्णय दे दिया है कि सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 का उन्मूलन गलत था। उन्होंने कहा कि इन चुनाव परिणामों से यह भी पता चल गया है देश में भाजपा के विपरीत हवा बहना शुरू हो गई है। वैसे सोनिया गान्धी परिवार और अब्दुल्ला परिवार के पास ऐसी कौन सी साईंस है जिसके आधार पर कुल 56000 पड़े वोटों के परिणाम से 140 करोड़ की जनसंख्या के रुझान का पता लगाया जा सकता है। कारगिल बलतीस्तान का हिस्सा है जिसके बौद्धों ने सदियों पहले बुद्ध का रास्ता छोड़ कर मोहम्मद अली के शिया पंथ को अपना लिया था। शिया पंथ वालों का मुसलमानों से आम तौर पर झगड़ा रहता है।

कश्मीर में भी यह देखा जा सकता है। लेकिन इन चुनावों में राहुल गान्धी ने एक नारा दिया था, जिसकी जितनी संख्या, उसका उतना हक। शिया पंथ वालों का अभी तक यही गिला रहा है कि उनके हिस्से का हक भी देश भर के मुसलमान खा जाते हैं। अब शायद कांग्रेस और नैशनल कान्फ्रेंस उनको उनका हक दिला देगी। लद्दाख में सभी जानते थे कि कारगिल में भाजपा जीत नहीं पाएगी। सोनिया परिवार और अब्दुल्ला परिवार को लगता था कि वे चुनाव आपस में मिल कर लड़ रहे हैं, इसलिए भाजपा कारगिल के नक्शे से गायब हो जाएगी। लेकिन भाजपा ने दो सीटें ही नहीं जीतीं बल्कि पादुकोण की सीट पर भी वह बमुश्किल चालीस वोटों से ही हारी। स्थानीय विश्लेषक इसे भाजपा की जीत बता रहे हैं। अलबत्ता दिल्ली के गणितज्ञों की बात अलग है। अलबत्ता इन चुनावों ने नवम्बर में पांच राज्यों में होने वाले चुनावों में एक नई बहस को हवा दे दी है। बिहार में नीतीश कुमार ने जाति के आधार पर जनगणना करवा दी है और राहुल गान्धी को, जिसकी जितनी संख्या उसका उतना हक, का नारा रटा दिया है। वे बिना सोचे समझे देश भर में घूम घूम कर यह नारा लगा रहे हैं। उन्हें लगता है कारगिल में उन्होंने इस नारे को टैस्ट कर लिया है और अच्छे नम्बरों से पास भी हो गए हैं। इसके आधार पर वे अगले प्रधानमंत्री हो सकते हैं। लेकिन हक तो जाति संख्या के आधार पर ही मिलेगा। इसलिए अब यह खोजबीन होने लगी है कि राहुल गान्धी की जाति क्या है, जिसके आधार पर वे इस देश के प्रधानमंत्री होने का हक मांग रहे हैं।

क्या वे हिन्दू होने के आधार पर यह हक मांग रहे हैं? क्योंकि वे मौके बेमौके जनेऊ पहन कर अपने हिन्दू होने का सबूत देने की कोशिश करते देखे गए हैं। लेकिन नीतीश कुमार ने तो स्पष्ट कर दिया है कि हिन्दू होने मात्र से काम नहीं चलेगा, जाति बतानी होगी। जाति की गणना की जाएगी, उसके आधार पर हिस्सेदारी या हक तय किया जाएगा। बहुत से लोगों ने नीतीश बाबू के इस सिद्धान्त को स्वीकार नहीं किया है। उनका कहना है कि यह चाल अंग्रेजों के रास्ते पर चलते हुए देश को तोडे या अराजकता फैलाने के षड्यन्त्र से ज्यादा नहीं है। लेकिन सोनिया परिवार ने तो नीतीश बाबू के इस सिद्धान्त को मान लिया है और उसका प्रचार करता हुआ देश भर में घूम भी रहा है। राहुल गान्धी की बहन प्रियंका गान्धी तो कह रही हैं कि हिमाचल प्रदेश में भी जाति के आधार पर गणना की जाएगी और उसी के आधार पर हिसाब किताब किया जाएगा। इसीलिए यह प्रश्न तेजी से उठ रहा है कि राहुल गान्धी की जाति क्या है? क्योंकि वे जाति के आधार पर हक मांग रहे हैं। इटली में जाति का आधार क्या है, इसके बारे में कहना मुश्किल है, लेकिन भारत में, चाहे सही चाहे गलत, जाति पिता की जाति से निश्चित होती है। पंडित जवाहर लाल नेहरु ब्राह्मण थे। उनकी बेटी इंदिरा गान्धी भी ब्राह्मण हुईं। इंदिरा गान्धी का विवाह एक पारसी फिरोज गान्धी से हुआ। राजीव गान्धी उनका बेटा था। इस लिहाज से राजीव गान्धी पारसी हुए। राजीव गान्धी की शादी ईसाई मत की सानिया माईनो से हुई। राजीव गान्धी ने शादी के बाद अपना मजहब नहीं बदला वे पारसी ही रहे। राहुल गान्धी उनके सुपुत्र हैं। कायदे से वह पारसी ही हुए। लेकिन यहां एक प्रश्न और पैदा होता है। पारसी को जाति माना जाए या मजहब। पारसी लोग जरदोशनी मजहब को मानने वाले हैं। ईरान में भारत की तरह जाति व्यवस्था नहीं है। इस लिहाज से राहुल गान्धी पारसी ही रहे। लेकिन यदि कोई पारसी या कोई विदेशी, उदाहरण के लिए कोई जर्मन या कोई फ्रांसीसी हिन्दू बन जाता है तो उसकी जाति क्या होगी? उसको जाति नहीं मिल सकती। क्योंकि हिन्दुस्तान की जाति व्यवस्था के अनुसार किसी भी व्यक्ति की जाति उसका जन्म ही तय करता है। यदि कोई व्यक्ति यादव पिता के घर जन्म ले लेता है तो वह यादव जाति का हो जाता है, कुर्मी जाति के पिता के घर जन्म ले लेता है तो कुर्मी जाति का हो जाता है। मजहब बदला जा सकता है जाति नहीं। इस लिहाज से राहुल गान्धी की जाति पिता के पक्ष से पारसी ही है। यह भारत की जाति व्यवस्था का घालमेल है जिसके बारे में सदियों से चर्चा हो रही है। इसीलिए कहा जाता है जाति को राजनीति से दूर रखना चाहिए। राज्य को सभी जातियों के समाज को समान भाव से देखना चाहिए और समान भाव से ही उनके उत्थान के लिए काम करना चाहिए। इसीलिए नरेन्द्र मोदी का कहना है कि हमारी सरकार जो योजनाएं चला रही हैं, उसमें जाति के आधार पर लाभ देने की व्यवस्था नहीं है बल्कि जरूरत के आधार पर लाभ देने की व्यवस्था है।

लेकिन विपक्ष मान नहीं रहा। उसको लगता है कि प्रधानमंत्री की कुर्सी तक विचारधारा या काम के रास्ते से होते हुए पहुंचना बहुत मुश्किल है। जाति का रास्ता शार्टकट है व उसी रास्ते पर काफिला डाल देना चाहिए। जाति का यह रास्ता लालू यादव, अखिलेश यादव, नीतीश कुमार, मल्लिकार्जुन खडगे, स्टालिन आदि का देखा भाला रास्ता है। वे इस पर अपने राजनीतिक खेल भी खेलते रहे हैं। लेकिन सोनिया गान्धी के परिवार का रास्ता अब यह रास्ता नहीं है। पंडित जवाहर लाल नेहरु तक यह रास्ता इस परिवार का रास्ता भी था। लेकिन नेहरु को इस बात का श्रेय देना होगा कि उन्होंने राजनीति के लिए जाति के रास्ते का इस्तेमाल नहीं किया। लेकिन इंदिरा गान्धी से जाति की यह गाड़ी पारसी रेल पर सवार होकर पारसी हो गई। लेकिन इसमें राहुल गान्धी का कोई दोष नहीं है। पारसी होना नकारात्मक नहीं है। इस देश के विकास में पारसियों का बहुत योगदान रहा है। जमशेद जी टाटा जैसे अनेक नाम गिनाए जा सकते हैं। लेकिन दुर्भाग्य से परदे के पीछे नरेन्द्र मोदी की सरकार को अपदस्थ करने में लगी देशी-विदेशी शक्तियों को जानते बूझते हुए भी, प्रधानमंत्री बनने की लालसा के चलते, राहुल गान्धी भी हाथ में जाति का झुनझुना बजाते हुए मैदान में घूम रहे हैं। जिसकी जितनी संख्या उसका उतना हक, इस फामूर्ले से राहुल गान्धी की जाति का कितना हक बनता है। लोकसभा की एक या दो सीट या उससे भी कम? लेकिन वे नीतीश के दिए फामूर्ले से देश के प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं।

भारत की विकास दर के बारे में आईएमएफ का अनुमान बहुत बड़ी खुशखबरी है

वैश्विक स्तर पर विभिन्न देश आर्थिक समस्याओं से लगातार जूझ रहे हैं। साथ ही, रूस यूक्रेन के बीच युद्ध अभी थमा भी नहीं था कि आतंकवादी संगठन हमास ने इजराइल पर हमला कर दिया, जिससे अब इजराइल एवं हमास के बीच युद्ध छिड़ गया है और अब तो एक तरह से लेबनान भी इस युद्ध में कूद गया है। इन विपरीत परिस्थितियों के बीच, हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत में अप्रैल-जून 2023 तिमाही में उम्मीद से अधिक खपत का हवाला देते हुए वित्त-वर्ष 2023-24 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान 6 .1 प्रतिशत से बढ़ाकर 6 .3 प्रतिशत कर दिया है। आईएमएफ की ओर से किया गया यह बदलाव भारत के आंकड़ों में किए गए कई बदलावों में सबसे नया है। भारतीय रिजर्व बैंक के पूवार्नुमानों के अनुसार वित्त-वर्ष 2023-24 के लिए भारत की विकास दर 6 .5 प्रतिशत के आसपास रह सकती है। आईएमएफ के अनुसार आने वाले समय में भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। आईएमएफ के पूर्व विश्व बैंक द्वारा भी एक ताजा प्रतिवेदन में यह अनुमान जताया गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2023-24 में 6 .3 प्रतिशत की दर से विकास करेगी।

प्रह्लाद सबनानी
सेवानिवृत्त उप महाप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक

एक अन्य वैश्विक निवेश बैंक मार्गन स्टेनली द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में तेज वृद्धि दर के बाद पूरे वित्तीय वर्ष के लिए भारत की आर्थिक विकास दर के अनुमान को बढ़ाया गया है। वैश्विक स्तर पर विभिन्न देश आर्थिक समस्याओं से लगातार जूझ रहे हैं। साथ ही, रूस यूक्रेन के बीच युद्ध अभी थमा भी नहीं था कि आतंकवादी संगठन हमास ने इजराइल पर हमला कर दिया, जिससे अब इजराइल एवं हमास के बीच युद्ध छिड़ गया है और अब तो एक तरह से लेबनान भी इस युद्ध में कूद गया है। इन विपरीत परिस्थितियों के बीच, हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत में अप्रैल-जून 2023 तिमाही में उम्मीद से अधिक खपत का हवाला देते हुए वित्त-वर्ष 2023-24 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान 6.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया है। आईएमएफ की ओर से किया गया यह बदलाव भारत के आंकड़ों में किए गए कई बदलावों में सबसे नया है। भारतीय रिजर्व बैंक के पूवार्नुमानों के अनुसार वित्त-वर्ष 2023-24 के लिए भारत की विकास दर 6.5 प्रतिशत के आसपास रह सकती है। आईएमएफ के अनुसार आने वाले समय में भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

आईएमएफ के पूर्व विश्व बैंक द्वारा भी एक ताजा प्रतिवेदन में यह अनुमान जताया गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2023-24 में 6.3 प्रतिशत की दर से विकास करेगी। विकास की वजह देश में लगातार बढ़ रहा निवेश और घरेलू मांग का बढ़ना बताया गया है। विश्व बैंक की इंडिया डेवलपमेंट अपडेट (आईडीयू) प्रतिवेदन में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के मुकाबले भारतीय अर्थव्यवस्था में लचीलापन कायम है। इस कारण भारतीय अर्थव्यवस्था में रफ्तार बनी रहेगी।

इसी प्रकार, आर्थिक विकास एवं सहयोग संगठन (ओईसीडी) द्वारा जारी किए गए एक अन्य प्रतिवेदन के अनुसार वर्ष 2023 में भारत की विकास दर 6.3 प्रतिशत एवं वर्ष 2024 में 6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। यह दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले सबसे अधिक वृद्धि दर रहने वाली है। जबकि इसी अवधि के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर क्रमशः 3 प्रतिशत एवं 2.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। जी-20 समूह में शामिल विकसित देशों की अर्थव्यवस्थाओं की विकास दर वर्ष 2023 में 1.5 प्रतिशत और वर्ष 2024 में 1.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। एक अन्य वैश्विक निवेश बैंक मार्गन स्टेनली द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में तेज वृद्धि दर के बाद पूरे वित्तीय वर्ष के लिए भारत की आर्थिक विकास दर के अनुमान को बढ़ाया गया है। मार्गन स्टेनली ने अब पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक विकास दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। इससे पहले मार्गन स्टेनली ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक विकास दर को 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। निवेश बैंक ने कहा है कि मजबूत घरेलू मांग के चलते भारत की आर्थिक विकास दर के अनुमान में संशोधन किया गया है। अप्रैल-जून 2023 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही है, जो मार्गन स्टेनली के पूर्व अनुमान 7.4 प्रतिशत से अधिक है। चीन की विस्तारवादी नीतियों के चलते अब विश्व के कई देशों का चीन पर विश्वास लगातार कम हो रहा है, जिसके कारण विकसित देशों की कई कम्पनियां चीन से अपनी विनिर्माण इकाईयों को अन्य देशों में स्थानांतरित कर रही हैं। इससे चीन में कई आर्थिक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इस बीच भारत ने बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को भारत में अपनी विनिर्माण इकाईयां स्थापित करने हेतु आकर्षित करने उद्देश्य से उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना लागू की है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए कई बहुराष्ट्रीय कम्पनियां अपनी विनिर्माण इकाईयों को अब भारत में स्थापित कर रही हैं। विशेष रूप से ऑटोमोबाइल, स्मार्ट फोन उत्पादन, फार्मा, टेक्सटाइल, सुरक्षा उपकरणों के निर्माण, सूचना प्रौद्योगिकी, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, जैसे क्षेत्रों में विनिर्माण इकाईयों की स्थापना की जा रही है।

भारत की लगातार बढ़ती आर्थिक विकास दर के चलते अब भारत में बेरोजगारी की दर भी कम हो रही है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) द्वारा जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण वार्षिक प्रतिवेदन 2022-2023 के अनुसार, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के नागरिकों के लिए भारत में बेरोजगारी की दर जुलाई 2022 से जून 2023 के खंडकाल के दौरान छह वर्ष के निचले स्तर अर्थात 3.2 प्रतिशत पर आ गई है। एनएसएसओ के अनुसार, एक वर्ष पहले की समान अवधि में यह 7.6 प्रतिशत थी। इसके अलावा शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के नागरिकों के लिए वर्तमान साप्ताहिक स्थिति में श्रमबल भागीदारी भी बढ़ी है। अप्रैल-जून 2023 में साप्ताहिक स्थिति में श्रमबल भागीदारी बढ़कर 48.8 प्रतिशत पर पहुंच गई है, जो एक वर्ष पहले 47.5 प्रतिशत थी। हर्ष का विषय यह भी है कि अब भारत में औपचारिक रोजगार की संख्या तुलनात्मक रूप से अधिक तेज गति से बढ़ रही है। औपचारिक रोजगार में कर्मचारियों को सरकारी नियमों के अंतर्गत समस्त प्रकार की सुविधाएं (प्रॉविडेंट फंड, पेंशन, मेडिकल सुविधा, आदि) नियोक्ताओं द्वारा प्रदान की जाती हैं। जबकि अनौपचारिक रोजगार की श्रेणी के कर्मचारियों को केवल मजदूरी अथवा वेतन ही प्रदान किया जाता है। इस प्रकार भारत में अब कर्मचारियों एवं मजदूरों की औसत आय में वृद्धि भी दृष्टिगोचर है। भारत में अब तो त्यौहारी मौसम भी प्रारम्भ होने जा रहा है। नवरात्रि, दशहरा, दीपावली, क्रिसमस दिवस, नव वर्ष, महाशिवरात्रि, होली, आदि जैसे बड़े त्यौहार आने वाले हैं, जिन्हें भारत के नागरिक बड़े ही उत्साह के साथ मनाते हैं एवं इन त्यौहारों का भारतीय अर्थव्यवस्था में भारी योगदान रहता है। साथ ही, भारत में अब धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन भी बहुत तेज गति से बढ़ रहा है, जिससे निश्चित ही भारत के आर्थिक विकास को बल मिलेगा। अतः वैश्विक स्तर पर विभिन्न वित्तीय संस्थानों द्वारा भारत के आर्थिक विकास के अनुमान के संदर्भ में जारी किये जा रहे संशोधित अनुमान निश्चित ही सही साबित होंगे।

भारत की विकास दर के बारे में आईएमएफ का अनुमान बहुत बड़ी खुशखबरी है

वैश्विक स्तर पर विभिन्न देश आर्थिक समस्याओं से लगातार जूझ रहे हैं। साथ ही, रूस यूक्रेन के बीच युद्ध अभी थमा भी नहीं था कि आतंकवादी संगठन हमास ने इजराइल पर हमला कर दिया, जिससे अब इजराइल एवं हमास के बीच युद्ध छिड़ गया है और अब तो एक तरह से लेबनान भी इस युद्ध में कूद गया है। इन विपरीत परिस्थितियों के बीच, हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत में अप्रैल-जून 2023 तिमाही में उम्मीद से अधिक खपत का हवाला देते हुए वित्त-वर्ष 2023-24 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान 6.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया है। आईएमएफ की ओर से किया गया यह बदलाव भारत के आंकड़ों में किए गए कई बदलावों में सबसे नया है। भारतीय रिजर्व बैंक के पूवार्नुमानों के अनुसार वित्त-वर्ष 2023-24 के लिए भारत की विकास दर 6.5 प्रतिशत के आसपास रह सकती है। आईएमएफ के अनुसार आने वाले समय में भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। आईएमएफ के पूर्व विश्व बैंक द्वारा भी एक ताजा प्रतिवेदन में यह अनुमान जताया गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2023-24 में 6.3 प्रतिशत की दर से विकास करेगी। विकास की वजह देश में लगातार बढ़ रहा निवेश और घरेलू मांग का बढ़ना बताया गया है। विश्व बैंक की इंडिया डेवलपमेंट अपडेट (आईडीयू) प्रतिवेदन में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के मुकाबले भारतीय अर्थव्यवस्था में लचीलापन कायम है। इस कारण भारतीय अर्थव्यवस्था में रफ्तार बनी रहेगी। इसी प्रकार, आर्थिक विकास एवं सहयोग संगठन (ओईसीडी) द्वारा जारी किए गए एक अन्य प्रतिवेदन के अनुसार वर्ष 2023 में भारत की विकास दर 6.3 प्रतिशत एवं वर्ष 2024 में 6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। यह दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले सबसे अधिक वृद्धि दर रहने वाली है। जबकि इसी अवधि के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर क्रमशः 3 प्रतिशत एवं 2.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। जी-20 समूह में शामिल विकसित देशों की अर्थव्यवस्थाओं की विकास दर वर्ष 2023 में 1.5 प्रतिशत और वर्ष 2024 में 1.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। एक अन्य वैश्विक निवेश बैंक मार्गन स्टेनली द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में तेज वृद्धि दर के बाद पूरे वित्तीय वर्ष के लिए भारत की आर्थिक विकास दर के अनुमान को बढ़ाया गया है। मार्गन स्टेनली ने अब पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक विकास दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। इससे पहले मार्गन स्टेनली ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक विकास दर को 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। निवेश बैंक ने कहा है कि मजबूत घरेलू मांग के चलते भारत की आर्थिक विकास दर के अनुमान में संशोधन किया गया है। अप्रैल-जून 2023 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही है, जो मार्गन स्टेनली के पूर्व अनुमान 7.4 प्रतिशत से अधिक है। चीन की विस्तारवादी नीतियों के चलते अब विश्व के कई देशों का चीन पर विश्वास लगातार कम हो रहा है, जिसके कारण विकसित देशों की कई कम्पनियां चीन से अपनी विनिर्माण इकाईयों को अन्य देशों में स्थानांतरित कर रही हैं। इससे चीन में कई आर्थिक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इस बीच भारत ने बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को भारत में अपनी विनिर्माण इकाईयां स्थापित करने हेतु आकर्षित करने उद्देश्य से उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना लागू की है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए कई बहुराष्ट्रीय कम्पनियां अपनी विनिर्माण इकाईयों को अब भारत में स्थापित कर रही हैं। विशेष रूप से ऑटोमोबाइल, स्मार्ट फोन उत्पादन, फार्मा, टेक्सटाइल, सुरक्षा उपकरणों के निर्माण, सूचना प्रौद्योगिकी, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, जैसे क्षेत्रों में विनिर्माण इकाईयों की स्थापना की जा रही है। भारत की लगातार बढ़ती आर्थिक विकास दर के चलते अब भारत में बेरोजगारी की दर भी कम हो रही है।

संक्षिप्त खबरें

आवारा कुत्तों के झुंड ने मासूम को काटा

मसवासी नगर पंचायत मसवासी नगर में आए दिन कुत्तों का आतंक देखने को मिल रहा है वैसा ही एक मामला नगर में सामने आया है मसवासी के मोहल्ला चाऊपुरा वार्ड नंबर 5 में प्रियांशु मौर्य पुत्र सुधीर मौर्य 12 वर्ष को खेलते समय कुत्तों ने निशाना बना लिया प्रियांशु घर के पास में ही अपने सेलर पर जा रहा था तभी रास्ते में प्रियांशु को आवारा कुत्तों के झुंड ने अपना निशाना बनाया तथा उसके हाथ को गंभीर रूप से काट कर घायल कर दिया कुत्तों के काटने से हाथ का मांस भी बाहर निकल आया प्रियांशु काफी जोर जोर से रोने और चीखने लगा तभी लोग आ गए और प्रियांशु को कुत्तों के चुंगल से छुड़ाया उसके हाथ से खून बह रहा था प्रियांशु मौर्य काफी गंभीर रूप से घायल हो गया तथा उसके परिजन मासूम को इलाज के लिए चिकित्सक के यहां लेकर पहुंचे ।

ट्रेन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

मिजार्पुर जिले के कटरा थानाक्षेत्र के शबरी रेल फाटक के पास एक ट्रेन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई। यह जानकारी पुलिस ने दी। कटरा थाने के पुलिस निरीक्षक शिवनारायण ने बताया कि रेल फाटक बंद था लेकिन दो युवक- दीपक सोनकर (24) व मौसक यादव (25) रेल पटरी पार करने की कोशिश कर रहे थे, इसी बीच ट्रेन आ गई और दोनों उसकी चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि इस घटना में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। रेलवे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

इजरायल-हमास संघर्ष : यूपी में मुसलमानों ने जुमे की नमाज के दौरान शांति के लिए दुआएं की

इजरायल और हमास के बीच संघर्ष जारी है। इस बीच शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुसलमानों ने विभिन्न मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की। इस दौरान उन्होंने फिलिस्तीनियों की सलामती के लिए दुआएं की। मुस्लिम धर्मगुरुओं ने मुसलमानों से दुआ करने करने अपील की। ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने कहा कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से यह सुनिश्चित करने की अपील की कि मानवाधिकारों का उल्लंघन रोका जाए और क्षेत्र में शांति बहाल की जाए। इस बीच, किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सभी प्रमुख मस्जिदों पर भारी पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

मेरठ : सहकर्मियों ने फैक्ट्री में एक युवक पर धारदार हथियार से किया हमला, मौत

मेरठ जिले के थाना परतापुर क्षेत्र में एक युवक की उसी के साथ फैक्ट्री में काम करने वाले दो सहकर्मियों ने कथित तौर पर धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि दूसरे की तलाश की जा ही है। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान इश्तियाक (19) के रूप में हुई है। परतापुर पुलिस थाना के प्रभारी नरेंद्र मलिक ने शुक्रवार को बताया कि इश्तियाक परतापुर में एक खेल का सामान बनाने की फैक्ट्री में काम करता था, जहां कर्मचारी दो पाली में काम करते हैं। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार की शाम जब इश्तियाक की पाली खत्म हुई तो उसकी जगह आशु और गुलशन काम पर आ गए। उन्होंने बताया कि जानकारी के मुताबिक इश्तियाक ने आशु और गुलशन से कुछ काम करने को कहा, लेकिन दोनों ने इनकार कर दिया। इसको लेकर तीनों के बीच मारपीट होने लगी। इस दौरान आशु ने धारदार हथियार से इश्तियाक पर हमला कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि इश्तियाक घायल हो गया और उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि इश्तियाक की मां की शिकायत के आधार पर आशु और गुलशन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आशु को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि गुलशन को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

इजरायल से उत्तराखंड के दो नागरिकों की सुरक्षित वापसी

भारत सरकार इजरायल से यात्रियों को ऑपरेशन अजय के अंतर्गत विशेष विमान से शुक्रवार सुबह दिल्ली लाई। इसमें उत्तराखंड के दो नागरिक भी हैं। दोनों दिल्ली से देहरादून आ रहे हैं। यह विशेष विमान शुक्रवार प्रातः 5:50 बजे दिल्ली पहुंचा। उत्तराखंड की आरती जोशी और आयुष मेहरा को राज्य सरकार के प्रतिनिधि ने एयरपोर्ट पर रिसीव किया। इसके बाद दोनों अपने परिवार के साथ देहरादून के लिए रवाना हुए। स्थानिक आयुक्त उत्तराखंड ने बताया कि दोनों को एयरपोर्ट पर रिसीव कर उत्तराखंड सदन दिल्ली में ले जाया गया। वहां से उनके गंतव्य स्थान तक भेजने के लिए राज्य सड़क परिवहन से व्यवस्था की गई।

नए शिक्षकों की नियुक्ति होने तक सेवानिवृत्त शिक्षकों की लें सेवा: योगी

लखनऊ, एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब तक नए शिक्षकों की नियुक्ति न हो जाए तब तक सेवानिवृत्त शिक्षकों से ही सेवाएं ली जाएं। उन्हें एक फिक्स मानदेय दिया जाए। लोकभवन में मिशन रोजगार के अंतर्गत उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 219 प्रधानाचार्यों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में माध्यमिक शिक्षा के कॉलेज नकल के अड्डे बन गए थे, जिनमें ठेके पर नकल कराई जाती थी। पिछले छह वर्षों में इसमें सुधार हुआ है। गत वर्ष माध्यमिक शिक्षा परिषद के द्वारा संपन्न हुई हाई स्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षा देश में एक नजीर बनी है। परिषद ने 15 दिन के अंदर 56 लाख विद्यार्थियों की नकल विहीन परीक्षा कराई और 15 दिन के अंदर ही परिणाम भी दे दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानाचार्य शिक्षण संस्थान की रीढ़ होते हैं। अगर प्रधानाचार्य अनुशासित रहकर कॉलेज में नई गतिविधियों और नवाचारों को बढ़ावा देते हैं तो उसके सार्थक परिणाम सामने आते हैं। प्रधानाचार्यों को विद्यालयों को रचनात्मक गतिविधियों का केंद्र बनाकर अभिभावकों से संवाद करना चाहिए। विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के साथ-साथ देश-दुनिया और युवा कल्याण एवं महिला कल्याण से जुड़ी सरकार की योजनाओं के बारे में भी जानकारी देनी चाहिए। इससे विद्यार्थियों में ज्ञान के साथ-साथ जागरुकता भी आती है और प्रधानाचार्य का कार्यकाल भी यादगार बनता है। श्री योगी ने कहा कि यह वही उत्तर प्रदेश है, जहां पिछली सरकारों में सुरक्षा में सेंध लगती थी। प्रदेश के नागरिक अपने आपको सुरक्षित नहीं महसूस कर पाते थे। अव्यवस्था और अराजकता का वातावरण होता था। दंगे और भ्रष्टाचार यहां की पहचान थे। निवेशक प्रदेश छोड़कर जा रहे थे। हमारी सरकार ने जब सुरक्षित माहौल दिया तो प्रदेश को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से 38 लाख करोड़ रुपये का निवेश का प्रस्ताव प्राप्त हुआ। इससे एक करोड़ से ज्यादा युवाओं को नौकरी मिलेगी। उन्होंने कहा कि विगत छह वर्ष में निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हमारी सरकार छह लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी देने में सफल रही है। इसमें 164000 शिक्षकों की नियुक्ति हुई है। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का केंद्र है। देश में सबसे ज्यादा आध्यात्मिक पर्यटन यहीं है, जिसमें भारी बढ़ोतरी हुई है। 2017 के पहले तक उत्तर प्रदेश में सिर्फ डेढ़ से दो करोड़ पर्यटक ही आते थे। आज यह संख्या बढ़कर एक वर्ष में 30 करोड़ पर्यटकों की हो चुकी है। प्रदेश में एक पर्यटक के आने से विभिन्न तरह के रोजगार सृजित होते हैं। उन्होंने कहा कि अगर सामूहिक रूप से प्रयास किए जाएं तो उत्तर प्रदेश देश की नंबर एक अर्थव्यवस्था बन सकता है। इसके हर क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्ति को अपने स्तर पर कार्य करने होंगे। श्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश शिक्षा का केंद्र रहा है। आजादी के समय देश के विभिन्न राज्यों मं शिक्षकों की आपूर्ति उत्तर प्रदेश करता था। हमें फिर से उस दिशा में प्रयास करते हुए अनुशासित और राष्ट्र भक्त नागरिकों की फौज खड़ी करनी होगी। कार्यक्रम में माध्यमकि शिक्षा की राज्यमंत्री गुलाबो देवी, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार, शिक्षा विभागी के अधिकारी और चयनित प्रधानाचार्य मौजूद थे।

14 अक्टूबर को मुख्यमंत्री करेंगे मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण का शुभारंभ, जनपदों में होगा सजीव प्रसारण

ग्रामों व शहरी निकायों में मिशन शक्ति अन्तर्गत होंगे कार्यक्रम

- माइक्रो प्लान बनाकर सफलतापूर्वक संपादित कराएं अधिकारी
- मिशन शक्ति कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं होंगी सम्मानित

प्रात : किरण, संवाददाता

बदायूँ : महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण का शुभारंभ लखनऊ से मुख्यमंत्री द्वारा 14 अक्टूबर शनिवार को किया जाएगा, जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में दिखाया जाएगा। जनपद में 14 अक्टूबर को ही महिला सशक्तिकरण रैली का आयोजन इस्लामिया इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर पुलिस लाइन तक किया जाएगा। कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण के कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संचालित करने के संबंध में संबंधित विभाग अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मनोज कुमार ने उक्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा के प्रति कृत संकल्पित है। उन्होंने बताया कि ग्रामों व शहरी निकायों में विभिन्न कार्यक्रम चतुर्थ चरण के अंतर्गत आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय में इस हेतु एक प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। उन्होंने संबंधित विभाग अधिकारियों से कहा कि वह अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यों के संबंध में माइक्रो प्लान बनाकर सफलतापूर्वक उसको संपादित कराए। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं से संबंधित विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार भी कराया जाए ताकि महिलाओं में जागरूकता का भाव उत्पन्न हो। उन्होंने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट व उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी कराया जाए। इससे समाज में एक सकारात्मक संदेश जाएगा। उन्होंने बताया कि 14 अक्टूबर को मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण का शुभारंभ मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ से प्रातः 11:00 बजे से किया जाएगा, कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में किया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधि, अधिकारी व आमजन उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि 14 अक्टूबर को प्रातः 8:30 बजे से महिला सशक्तिकरण रैली का आयोजन इस्लामिया इंटर कॉलेज से किया जाएगा जो कि पुलिस लाइन पर जाकर समाप्त होगा। उन्हें बताया कि उक्त रैली दो पहिया व चार पहिया वाहनों के साथ निकलेगी। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन वी0के0 सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त आर0के0 पटेल, एसडीएम सदर एस0पी0 वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रदीप वार्ष्णेय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

राजस्व मामल में अब तारीख पर तारीख नहीं, सीएम योगी का ऐलान

लखनऊ, एजेंसी

राजस्व मामलों में विवादों के निपटारे के मामले में अब उत्तर प्रदेश में “तारीख पर तारीख” की अनुमति नहीं दी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नाम का स्थानांतरण, विरासत, पारिवारिक बंटवारा और पैमाइश से जुड़े राजस्व मामलों के निस्तारण में देरी पर कड़ी नाराजगी जताई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राजस्व मामलों में “तारीख पर तारीख” देने का चलन स्वीकार नहीं किया जा सकता। सीएम ने लेखपालों, राजस्व निरीक्षकों जैसे राजस्व कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी और कहा कि मंडलायुक्तों और जिला मजिस्ट्रेट को भी आवश्यकता के अनुसार जवाबदेह ठहराया जाएगा। सीएम की यह चेतावनी देवरिया और कौशांबी के मद्देनजर आई है, जहां संपत्ति विवाद के कारण खून-खराबा हुआ। मुख्यमंत्री ने गुरुवार शाम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जिलाधिकारियों को संबोधित किया था। इस दौरान उन्होंने मुद्दों के समाधान में देरी पर नाराजगी जताई। जनता दर्शन में हाल के दिनों में आए आवेदनों की जानकारी देते हुए और आईजीआरएस की परफॉरमेंस रिपोर्ट जारी करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी जनता के लिए तैनात हैं। जनता से मिलना और उनकी समस्याओं का समाधान करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके अलावा सीएम योगी ने कहा, “फील्ड में तैनात जो अधिकारी/कर्मचारी ऐसा करने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें तत्काल फील्ड पोस्टिंग छोड़ देनी चाहिए।

उत्तर प्रदेश के बदायूं में गन्ने के खेत से बच्चे का शव बरामद

बदायूं, एजेंसी

उत्तर प्रदेश के बदायूं जनपद के थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के कस्बा मुड़िया से आठ साल के बच्चे का एक गन्ने के खेत से शव बरामद किया गया है। बच्चे के साथ अप्राकृतिक कृत्य के बाद उसकी गला दबाकर हत्या किये जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। मृतक किशोर के पिता का आरोप है कि पुलिस ने लापरवाही की और बच्चे को ढूंढने का कोई प्रयास नहीं किया। उनका कहना है कि जब उसके पास पांच लाख रुपए फिरौती की मांग की फोन काल आई तो पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया किंतु तब तक काफी देर हो चुकी थी, नतीजतन किशोर का शव गन्ने के खेत से घटना के 36 घण्टे बाद बरामद हुआ है। हालांकि, पुलिस फिरौती की बात से इंकार कर रही हैं। पुलिस के मुताबिक बदायूं के फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के कस्बा मुड़िया के जुल्फिकार का आठ वर्षीय पुत्र शारिक बुधवार दोपहर में गायब हो गया था। शाम तक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी, इस पर पुलिस ने गुमशुदगी की तहरीर ले ली। परिजनों का कहना हैं कि बृहस्पतिवार को शारिक के पिता जुल्फिकार के नंबर पर पांच लाख रुपये फिरौती का फोन आया तो जुल्फिकार ने आवाज की पहचान करने का दावा करते हुए पुलिस को तहरीर दी। पिता का आरोप है कि पुलिस ने 24 घण्टे बाद गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर बच्चे की तलाश शुरू की। मोबाइल पर फोन करने वाले एक किशोर को पुलिस ने फोन निगरानी के माध्यम से हिरासत में ले लिया है और उसकी निशानदेही पर बृहस्पतिवार की देर रात थाना उगती क्षेत्र के गांव चनी में गन्ने के खेत में शारिक का शव बरामद किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ओ पी सिंह ने बताया कि घटनास्थल के निरीक्षण से प्रतीत होता है कि बच्चे के साथ अप्राकृतिक कृत्य करके गला दबाकर हत्या की गयी है और आरोपी भी नाबालिग है जिसे पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। एसएसपी ने फिरौती मांगने की बात को निराधार बताते हुए कहा कि भ्रमित करने के लिए फिरौती मांगने की बात की गई थी, जबकि फिरौती मांगने जैसी कोई बात नहीं है। उन्होंने बताया कि आज बच्चे का पोस्टमार्टम कराया जा रहा हैं। अन्य दोषियों की भी तलाश की जा रही है जिन्हें भी शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

मामला लंबित होने के कारण कृष्ण जन्मभूमि से जुड़ी याचिका खारिज की: उच्च न्यायालय

प्रयागराज, एजेंसी

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद स्थल को कृष्ण जन्मभूमि घोषित करने के अनुरोध वाली जनहित याचिका खारिज किए जाने का कारण शुक्रवार को अपनी वेबसाइट पर अपलोड किया। मुख्य न्यायाधीश प्रितिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की पीठ ने पेशे से अधिवक्ता महक माहेश्वरी द्वारा दायर जनहित याचिका 11 अक्टूबर को खारिज कर दी थी, लेकिन याचिका खारिज किए जाने का कारण प्रतीक्षारत था। जनहित याचिका खारिज करते हुए अदालत ने कहा, “चूंकि मौजूदा रिट (जनहित याचिका) में शामिल मुद्दे पहले से ही (लंबित मुकदमों में) इस अदालत का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं, हम इस रिट पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं और इस प्रकार से इसे खारिज किया जाता है। इससे पूर्व, राज्य सरकार की ओर से पेश हुए मुख्य स्थायी अधिवक्ता कुणाल रवि सिंह ने इस रिट याचिका का यह कहते हुए विरोध किया था कि यद्यपि इस याचिका को जनहित याचिका के तौर पर बताया गया है, यह जनहित में नहीं है, बल्कि यह एक निजी कारण का समर्थन करता है क्योंकि याचिकाकर्ता भगवान श्रीकृष्ण की प्रबल भक्त होने का दावा करती हैं। उन्होंने दलील दी, “स्थानांतरण आवेदन (दीवानी) संख्या 88, 2023 (भगवान श्रीकृष्ण विराजमान एवं सात अन्य बना म उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड एवं तीन अन्य) में 26 मई, 2023 को पारित आदेश के तहत सिविल न्यायाधीश, सीनियर डिवीजन, मथुरा के समक्ष लंबित 10 मामले इस अदालत को स्थानांतरित किए गए हैं और वे लंबित हैं। इन मुकदमों में भी वही मुद्दे उठाए गए हैं जो इस रिट (जनहित याचिका) में उठाए गए हैं। इसलिए इसे सिरे से खारिज किए जाने का अनुरोध है। संबंधित पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने कहा, “हमने भी 26 मई, 2023 के आदेश पर गौर किया है जो इन मुकदमों की प्रकृति पर कुछ प्रकाश डालता है। वहीं दूसरी ओर, इस याचिका में यह कहा गया है कि याचिकाकर्ता की नानी ने उन्हें मथुरा और बृज मंडल 84 कोस के अध्यात्मिक महत्व के बारे में बताया और साथ ही बताया कि कैसे औरंगजेब द्वारा भगवान कृष्ण के जन्मस्थल पर बने मंदिर को ध्वस्त करने के बाद शाही ईदगाह मस्जिद का निर्माण किया गया। अदालत ने कहा, “इस याचिका में कहा गया है कि शाही ईदगाह मस्जिद की देखरेख करने वाले ईदगाह मस्जिद ट्रस्ट द्वारा अतिक्रमण किए जाने के कारण श्री कृष्ण जन्मस्थान की भूमि 13.37 एकड़ से काफी घट गई है। अदालत ने कहा, “याचिका में बताया गया है कि ईदगाह मस्जिद ट्रस्ट की प्रबंधन समिति ने 12 अक्टूबर, 1968 को सोसाइटी श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ के साथ एक अवैध समझौता किया और दोनों ने संपत्ति हड़पने के उद्देश्य से अदालत, देवताओं और भक्तों के साथ धोखाधड़ी की।

सरकारी सिस्टम के भ्रष्टाचार की शिकार हुई विधवा महिला, आवास योजना की सूची में पात्र होने के बाद भी नहीं दिया गया आवास

प्रात : किरण, संवाददाता



आसफपुर धर्मेंद्र दीक्षित सरकारी सिस्टम में व्याप्त भ्रष्टाचार ने आवास योजना में पात्र घोषित की गई एक विधवा को रिश्वत न देने पर इतना प्रताड़ित किया कि आवास न मिलने से सदमे में आई उसकी वृद्ध सास की हृदयाघात से मौत हो गयी वहीं विधवा अभी तक आवास से वंचित है। ब्लॉक आसफपुर के अधिकारियों द्वारा तीन दफा विधवा के घर का सर्वे किया गया और हर बार उससे अपने प्राइवेट दलालों को भेजकर रिश्वत मांगी गई। रिश्वत न दे पाने पर विधवा का नाम आवास योजना की अंतिम सूची में शामिल होने के बाद भी विकास खण्ड पर तैनात बाबुओं ने खिन्न होकर न सिर्फ उसका नाम सूची से गायब किया बल्कि लक्ष्य भी शून्य घोषित कर दिया। मामला विकास खण्ड आसफपुर की ग्राम पंचायत आसफपुर का है। यहां की रहने वाली नेहा मौर्य के पति विजय कुमार की कई साल पहले सर्पदंश से मौत हो चुकी है। पति की मौत के बाद तीन बेटियों और वृद्ध सास के पालन पोषण का भार नेहा पर ही आ पड़ा है। नेहा स्थानीय बेसिक स्कूल में रसोइये के रूप में तैनात है और वहां से मिलने वाली मामूली तनख्वाह से किसी तरह घर चलाती है। लगभग चार महीने पहले नेहा का नाम आवास योजना में शामिल किया गया था। अधिकारियों के सर्वे में नेहा मौर्य पूरी तरह से आवास योजना की पात्र घोषित की गई थी। खाते में आवास योजना की किश्त आ पाती तबतक ब्लॉक पर तैनात सचिवों के प्राइवेट दलालों ने नेहा से किश्त दिलाने के नाम पर दस हजार रुपए मांगने शुरू कर दिए। इसमें ग्राम पंचायत के कर्मचारियों के अलावा ब्लॉक पर तैनात एक बदनाम बाबू का नाम सामने आ रहा है। नेहा और उसकी वृद्ध सास ने रुपये की व्यवस्था करने की बहुत कोशिश की लेकिन कहीं से रकम का जुगाड़ न हो सका। दोनों सास बहुओं ने ब्लॉक मुख्यालय जाकर बाबुओं और सचिवों से कई बार मिन्नतें कीं लेकिन किसी का दिल नहीं पसीजा। थक हारकर दोनों सास बहू ने तत्कालीन खण्ड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार झा से समस्या के निस्तारण का अनुरोध किया लेकिन ब्लॉक के सचिवों और बाबू ने बीडीओ के आदेश को भी दरकिनार कर दिया। ब्लॉक के निरंकुश लेखाकार ने डेढ़ महीने पूर्व नेहा मौर्य का नाम सूची से हटाकर लक्ष्य शून्य करके भेज दिया गया। इस बात का पता चलने पर नेहा की वृद्ध सास शारदा देवी (70) सदमे में चली गईं और उनकी हृदयाघात से मौत हो गयी। सास की मौत के बाद नेहा को अब बच्चियों की परवरिश के साथ साथ आवास न होने की चिंता सता रही है। आवास योजना का लाभ पाने को वह दर दर भटक रही है लेकिन ब्लॉक पर तैनात अधिकारी और कर्मचारी उसकी समस्या सुलझाने के बजाय एक दूसरे पर तोहमतें मढ़ने में व्यस्त हो गए हैं। नेहा कहना है कि बरसात के मौसम में उसके कच्चे घर मे घुटनो तक पानी भर जाता है जिससे खाना बनाने और सोने तक की दिक्कतें हो जाती हैं। घरों में सांप बिच्छू का खतरा है वो अलग। सरकारी सिस्टम से निराश विधवा महिला नेहा ने अब लखनऊ जाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दरबार में जाकर अपनी समस्या रखने की बात कही है।

मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पंचायत कार्यालय में किया गया कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण, संवाददाता

मसवासीः मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा स्वार ग्रामीण मंडल द्वारा नगर पंचायत मसवासी कार्यालय परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम मैं चावल एवं मिट्टी एकत्रित की गई जिसमें काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे इस मौके पर कार्यक्रम में बोलते हुए नगर पंचायत मसवासी के निवर्तमान अध्यक्ष हरिओम मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत पूरे देश से 7500 स्थानो से माटी एकत्रित करके दिल्ली अमृत वाटिका में स्थापित की जाएगी जहां पर पूरे देश के प्रत्येक जिले के नाम से एक पौधा रोपण भी किया जाएगा इस मौके पर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष महेश मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति बंदन अधिनियम 2023 बनाकर महिलाओं को सुरक्षा एवं सम्मान देने का काम किया है जो कि मोदी जी का ऐतिहासिक फैसला है इस मौके पर वर्तमान अध्यक्ष दिनेश गोयल ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम अपने आप में एक अनूठा और गर्व महसूस करने वाला कार्यक्रम है प्रत्येक नगर एवं गांव की मिट्टी दिल्ली की अमृत वाटिका में स्थापित होगी उससे सभी लोगों को गर्व की अनुभूति होगी इस मौके पर अमृत कलशो में चावल तथा मिट्टी एकत्रित की गई इस मौके पर मंडल अध्यक्ष पवन कुमार मंडल महामंत्री संजीव कुमार वर्मा योगाचार्य दिनेश चंद शर्मा व्यापार मंडल अध्यक्ष कपिल गुप्ता बृजनंदन सागर जितेंद्र चंद्रा भगवती देवल महेश भारद्वाज बंटू गुप्ता जमील अहमद हरबंस सागर समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बिसौली से रानेट चौराहे के मध्य स्थित सोत नदी पर बने हुए पुल पर भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबन्धित

प्रात : किरण, संवाददाता

बदायूँ : अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि द्वारा आम जन को सूचित करते हुए बताया कि मुख्य अभियन्ता, बरेली क्षेत्र, लो0नि0वि0 बरेली द्वारा शाहबाद बिसौली कछला गंगाघाट मार्ग (राज्य मार्ग सं0-109) के किमी0 38 में स्थित रानेट चौराहे के समीप क्षतिग्रस्त दीर्घ सेतु के निरीक्षण हेतु 4 सदस्यीय समिति गठित की गयी थी। उन्होंने बताया कि समिति द्वारा दिनांक 28 अगस्त 2023 को निरीक्षणोपरान्त आख्या उपलब्ध करायी गयी, जिसमें विषयक पुल की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए तत्काल भारी वाहनों को प्रतिबन्धित किये जाने हेतु सुझाव दिये गये हैं। वर्तमान में समिति द्वारा दिये गये सुझाव के कम में तत्काल भारी वाहनों को प्रतिबन्धित किया जाना आवश्यक है जिससे कि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि परिस्थितियों एवं जनमानस की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक 14 अक्टूबर 2023 की रात्रि 12.00 बजे से शाहबाद बिसौली कछला गंगाघाट मार्ग (राज्य मार्ग सं0-109) पर बिसौली से रानेट चौराहे के मध्य स्थित सोत नदी पर बने हुए पुल पर भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबन्धित किया गया है। भारी वाहनों को प्रतिबन्धित किये जाने के फलस्वरूप आवागमन हेतु भारी वाहन दो मार्गों (1) बिसौली - वजीरगंज-बिल्सी - कछला मार्ग (2) बिसौली-ओरछी-इस्लामनगर- रानेट चौराहा मार्ग का प्रयोग करेंगे।

शिक्षित बेरोजगारों के लिए सुनहरा अवसर, 14 अक्टूबर से विकासखण्ड कार्यालयों में होगा भर्ती शिविर का आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता

बदायूँ : । मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने बताया कि एस०आई०एस० इंडिया लि० देहरादून के द्वारा शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार प्रदान किये जाने हेतु शिविर का आयोजन विकासखण्ड कार्यालयों में 14 अक्टूबर से 04 नवम्बर 2023 तक किया जाएगा। उन्होंने शिक्षित बेरोजगारों से आव्हान किया कि वह इस शिविर का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि 14 अक्टूबर को विकासखण्ड मुख्यालय बिसौली में, 16 को दहगवां, 17 को दातागंज, 18 को इस्लामनगर, 19 को जगत, 20 को म्याउँ, 21 को कादरचौक, 26 को सहसवान, 27 को सालारपुर, 28 को समरेर, 30 को उझानी, 31 अक्टूबर को उसावां, 02 नवम्बर को वजीरगंज, 03 को अम्बियापुर व 04 नवम्बर को आसफपुर में शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उपलब्ध जानकारी के अनुसार सुरक्षा जवान व सुपरवाइजर पद के लिए शारीरिक मापदण्ड जिसमें लम्बाई 167.6. सेमी, उम्र 21-30 वर्ष और वजन 56 से 90 किग्रा के अनुरूप होना चाहिए तथा योग्यता हाईस्कूल पास होना चाहिए। अभ्याथियों को पंजीकरण/प्रोस्पेक्टस शुल्क करने के लिए 500/- रू० जमा करना होगा। उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण अथवा ट्रेनिंग के लिए देहरादून भेजा जायेगा, इसके उपरान्त उन्हें तैनाती स्थलों पर सुरक्षा के कार्य में स्थायी तैनाती दी जायेगी जिसमें शुरूआती वेतनमान 14,000 से 18,000 के बीच का होगा इसके अलावा पीएफ, ईएसआई द्वारा मेडिकल, पेच्युटी, बोनस, पेंशन व 65 वर्ष तक स्थायी नियुक्ति आदि की सुविधा दी जायेगी।

सीएम योगी का राहुल गांधी पर तंज, कहा- पहले अमेठी के सांसद केवल चुनाव के समय नजर आते थे

अमेठी, एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बिना नाम लिए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 2019 से पहले अमेठी के सांसद केवल चुनावों में नजर आते थे। मुख्यमंत्री योग ने अमेठी सांसद खेल प्रतियोगिता 2023 के तहत आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा, “सांसद केवल चुनाव लड़ने आते थे। चुनाव जीतने के बाद वे दोबारा चुनाव में ही नजर आते थे, लेकिन अब अमेठी में ऐसा नहीं है” योगी आदित्यनाथ ने कहा, “आज अमेठी में ऐसा नहीं है। अमेठी की सांसद स्मृति ईरानी 10 से 15 दिन पर अमेठी आती रहती हैं। उनके नेतृत्व में अमेठी में तेजी से विकास हुआ है। चिकित्सा सहित तमाम क्षेत्रों में काम हुआ है। अमेठी का मेडिकल कॉलेज का भी सपना पूरा हुआ है। भाजपा नेता स्मृति ईरानी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में अमेठी में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को हराकर बड़ा उलटफेर किया था। आदित्यनाथ ने यहां 700 करोड़ रुपये की 879 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी व सांसद मनोज तिवारी भी मौजूद थे। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अमेठी का यह कार्यक्रम केवल अमेठी का नहीं है बल्कि भारत की प्रतिभाओं के सम्मान का समारोह है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन पहले नहीं होते थे लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान से खेल को बढ़ावा मिला है और आज सभी ने देखा है कि चीन में किस तरीके से भारत ने अपनी खेल शक्ति का प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, “यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रोत्साहन का नतीजा है कि उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने 25 प्रतिशत पदक एशियाई खेलों में जीते हैं। उन्होंने कहा कि पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को तीन-तीन करोड़ रुपये एक सम्मान समारोह में दिए जाएंगे, साथ ही साथ उनके लिए पुलिस उपाधीक्षक का पद भी तैयार रखा गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि आने वाले समय में सांसद खेल प्रतियोगिता की तर्ज पर सांसद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, इस संबंध में शीघ्र दिशानिर्देश जारी होंगे। मुख्यमंत्री ने मेरठ में स्थापित हो रहे मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय की चर्चा करते हुए कहा की वहां खेल के सारे सामान उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

संक्षिप्त खबरें

पदाधिकारी व कार्यकताओं की बैठक हुई संपन्न

भागलपुर। जदयू के प्रदेश कार्यालय द्वारा निर्देशित कार्यक्रम के तहत विधानसभा क्षेत्र स्तर पर कपूरी चर्चा कार्यक्रम आयोजित करना सुनिश्चित किया गया है। वही नाथनगर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम की तैयारी को लेकर पार्टी अधिकारियों के साथ बैठक स्थानीय विवाह भवन कई बिंदुओं पर अहम बैठक संपन्न हुई। बैठक में जनता दल यूनाइटेड के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे है। इस मौके पर जिला परिक्षेत्र के कार्यकर्ता, राष्ट्रीय व प्रदेश पदाधिकारी गण, वर्तमान व पूर्व सांसद, विधायक व विधान पार्षद, सहित प्रदेश कार्यालय से नियुक्त नाथनगर के विधानसभा के प्रभारी के अलावा सबौर, जगदीशपुर, नाथनगर के प्रखंड प्रभारी व जिला कार्यकारणी सदस्य व पदाधिकारी, विभिन्न प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष व सभी सहयोगी कार्यकर्ता मौजूद थे।

बालू लोड ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त, चालक को भेजा जेल

संग्रामपुर (मुंगेर)। बालू के अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ संग्रामपुर थाना पुलिस लगातार छापेमारी में जुटी है। बावजूद इसके काली एवं मोटी कमाई की लालच में बालू माफिया इस काले धंधे से अपना मुँह नहीं मोड़ पा रहें हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को थाना क्षेत्र के कहुआं क्रीड़ा मैदान के समीप से अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर व चालक को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली। थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि अवैध बालू लोड ट्रैक्टर एवं चालक पर बालू के अवैध उत्खनन एवं परिवहन को लेकर प्राथमिक की दर्ज की गई है। उन्होनें कहा कि ट्रैक्टर चालक हरपुर थाना क्षेत्र के गनैली गाँव निवासी डब्लू कुमार को न्यायिक हिरासत में मुंगेर भेज दिया गया।

अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

संग्रामपुर(मुंगेर)।गुरुवार को अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंड में तारापुर के अग्निशामालय पदाधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा नित्यानंद मेमोरियल पब्लिक स्कूल शांति नगर तारापुर में अग्नि सुरक्षा जागरूकता से संबंधित मॉकड्रिल कराया गया। मॉकड्रिल में गैस सिलेण्डर तथा बिजली के शार्ट सर्किट से लगने वाले आग एवं इसके बचाव तथा आग बुझाने के तरीके के बारे में विस्तार से बताया गया एवं दुर्गा मंदिर पंडाल मासुमगंज एवं दुर्गा मंदिर पंडाल रामपुर में अग्नि सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई।एवं पंडाल में अग्नि सुरक्षा हेतु क्या किया जाय क्या नहीं किया जाय की विस्तृत जानकारी दी गई मौके पर अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी वंदना कुमारी पप्पू कुमार ,नागेन्द्र कुमार आकाश कुमार, एवं श्रवण कुमार उपस्थित थे।

अनिश्चितकालीन हड़ताल में सेविका-सहायिका ने किया प्रदर्शन

हवेली खड़गपुर(कोर्ट)।बाल विकास प्रखंड परियोजना कार्यालय हवेली खड़गपुर में13 वां दिन की अनिश्चितकालीन हड़ताल सैकड़ो सेविका व सहायिका के द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। जिसकी अध्यक्षता परियोजना कार्यकारी अध्यक्ष मालती सिंह ने की। अध्यक्ष मालती सिंह ने सरकार की वादा खिलाफी और उनकी दोगली नीति के बारे में जमकर भाडस निकाली। राज्य परिषद सदस्य कुमारी पुष्पा ने बिहार सरकार की दोहरी नीति के बारे में कहा कि एक तरफ संविदा कर्मी का मानदेय बढ़ाया गया।कार्यकारी अध्यक्ष सह जिला प्रभारी शिव शंकर चौधरी ने सरकार की मंशा के बारे में बताया कि विगत 5, 6 महीनों से सेविका व सहायिका का मानदेय बकाया है। जिसका भुगतान राज्य सरकार द्वारा अब तक नहीं किया है।

भ्रष्टाचार मिटाओ अरवल बचाओ को ले बसपा करेगी महापंचायत : मनोज

अरवल। बहुजन समाज पार्टी जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष मनोज सिंह यादव की अध्यक्षता में जिला कमेटी विधानसभा कमेटी का बैठक किया गया इसमें पर्यवेक्षक के रूप में प्रदेश महासचिव व्यास मुनि दास ने कहा कि जिले को सशक्त संगठन बनाने के लिए बसपा चला गांव की ओर हर गांव में बुथ कमेटी बनाना है और अरवल जिला को एक सशक्त संगठन बनाना है बसपा जिला अध्यक्ष मनोज सिंह यादव ने कहा कि अरवल जिला में बहुजन समाज पार्टी द्वारा लगातार भ्रष्टाचार के खिलाफ जन आंदोलन चलाया जा रहा है संगठन को मजबूत कर 5 जनवरी 2024 को अरवल जिला के ऐतिहासिक गांधी मैदान में बहुजन समाज पार्टी का भ्रष्टाचार भगाओ भ्रष्टाचार मिटाओ अरवल बचाओ महापंचायत लगाई जाएगी बहुजन समाज पार्टी के कुर्था विधानसभा अध्यक्ष संजय रविदास ने कहा कि कुर्था विधानसभा में मजबूत संगठन करते हुए आने वाले चुनाव में बहुजन समाज पार्टी को मजबूती प्रदान किया जाएगा प्रखंड अध्यक्ष मंटू यादव ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी एक मिशनरी पार्टी है सबको सम्मान देने वाला पार्टी है आने वाले 2024 में राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन कुमारी मायावती को देश के बागडोर देखकर गरीबों का सम्मान बढ़ाने के लिए संगठन को मजबूत करना चाहिए जहानाबाद जिला उपाध्यक्ष हृदय नंदन चंद्रवंशी ने कहा बहुजन समाज पार्टी मान्यवर काशीराम साहब का दिया गया।

डीएम कार्यालय के मुख्य द्वार पर किया जमकर प्रदर्शन

अपनी मांगों को ले कॉलेज छात्राओं ने प्राचार्य का किया घेराव

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। टीएमबीयू के सुंदरवती महिला महाविद्यालय की सेमेस्टर वन सत्र 2023 –27 की छात्रा ने अपनी मांगों को लेकर पहले तो अपने कॉलेज में ही प्राचार्य का घेराव कर जमकर प्रदर्शन किया। जब प्राचार्या के द्वारा उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो वह समाहरणालय गेट के समीप पहुंचकर जमकर घंटों हंगामा शुरू कर दिया हालांकि यह भीड़ देखकर सुंदरवती महिला महाविद्यालय के कुछ कर्मचारी एवं प्रशासनिक अधिकारी समाहरणालय मुख्य गेट के समक्ष जहां लड़कियों की भीड़ लगी थी वहां पहुंचे और लड़कियों को समझा बूझकर महाविद्यालय भेज दिया गया था, लेकिन मामले को लेकर अब सवाल उठ रहा है कि इन छात्राओं को सड़क पर क्यों उतारना पड़ा है, वहीं मामले को लेकर आक्रोशित छात्राओं का कहना है हमलोगों को कॉलेज में 75% उपस्थिति अनिवार्य होने की बात कही जा रही हैं, लेकिन उपस्थिति पंजी रजिस्टर में कॉलेज में रहते हुए कागज पर उपस्थित दर्ज की जाती है शायद इसमें कर्मचारी कुछ फेरबदल करते हैं, महाविद्यालय के क्लास रूम में बैठने की जगह तक नहीं है। एक ही बेंच पर 5 से 6 छात्राएं की संख्या में किसी तरह बैठते हैं, हम लोगों के लिए पीने के पानी की भी सही ढंग से नही मिल पा रही है।

महाविद्यालय के उदासीन रवैये से तंग होकर अपनी मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर सड़कों पर उतरना पड़ा है। वही छात्राओ ने कहा कि सबसे बड़ी समस्या यह है कि हम लोगों को फॉर्म नहीं भरने दिया जा रहा है, क्योंकि 75% उपस्थित दर्ज नहीं हो पाई है। जब हम लोग कॉलेज पहुंचते हैं, तो वहां क्लास ही नहीं चलता है, इसलिए हम लोग कॉलेज पहुंच कर क्या करेंगे। हम छात्राओं के साथ शिक्षकों की मनमानी कहीं से सही नहीं है, ये सवाल हर किसी के गले नही उतरती दिख रही हैं। ऐसे में शिक्षा विभाग की कुशल शिक्षा व्यवस्था पर कई सवाल छात्राओं के भविष्य को लेकर खड़े हो रहे हैं।

झाड़-फूंक के नाम पर पैसे ठगी करने का मौलाना पर लगाया आरोप

प्रात : किरण ब्यूरो।

भागलपुर। इन दिनों जिला परिक्षेत्र इलाके में एक नया मामला सामने आता दिख रहा है। वही दक्षिण क्षेत्र इलाके की महिलाओ के साथ झाड़–फूंक व ईलाज के नाम पर लाखो रुपए ठगी करने का आरोप अमीर हसन लेन जब्बारचक तातारपुर के डॉ. मिन्हाज कमाल उद्दीन आजाद पर लगाया गया है। वही मामले को लेकर सेवा एवं सोल फाउंडेशन के संस्थापक पीड़ित महिलाओं के साथ न्याय की गुहार ले एसएसपी के समक्ष पहुंची। जहां उन्होंने नीम हकीम के रूप में लोगों के बीच इलाज का बाजार चलाने वाले डॉ. मिन्हाज कमाल उद्दीन आजाद के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार ले न्याय की मांग की है। वही नयावाद सेवा आवर सोल एक निजी फाउण्डेशन के संस्थापक सहित पीड़िता द्वारा आरोप लगाया गया है। फाउंडेशन के संस्थापक ताहिस्ता प्रवीण एवं पीड़ित महिलाओं ने कहा कि तातारपुर स्थित जब्बारचक इलाके के डॉ. मिन्हाज कमाल उद्दीन आजाद एक फर्जी डॉक्टर है, जिन्होंने इलाज के नाम पर गरीब मरीज महिला को बरगलाने के साथ तरह–तरह के जादू टोना के झांसा दे बहला फुसलाकर मोटी रकम ऐंठने का गोरख धन्दा का बाजार चलता है, वही उनके नुमाइंदे इलाके के सामान्य गरीब परिवार के महिला के साथ ठगी कर अपना शिकार बनाता है। वही इसके झांसे में आकर कई महिला इनके शिकार बनती जा रही है। वही जब इनके विरुद्ध बोलने पर महिलाओं को डॉ. सहित अपने बेटे द्वारा गाली–गलौज व मारपीट करने की धमकी देते है। वही मामले को लेकर गम्भीरता से लेते हुए संबंधित थाने की पुलिस को एसएसपी आनंद कुमार ने कार्रवाई किये जाने हेतू निर्देशित किया है। वही महिलाओं को एसएसपी ने दोषी के विरुद्ध कार्रवाई किये जाने को आश्वस्त किया है।

रंगदारी मांग के आपोरी को पुलिस ने किया गिरफ्तार : एसपी सिटी

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। जिलेभर में एक तरफ पुलिस अपराध पर नकेल कसने के लिए लगातार अपराध समीक्षा बैठक कर अपने संबंधित पुलिस पदाधिकारी को अपराध व अपराधिक गतिविधियों पर निगरानी रखने हेतू दिशा निर्देश जारी कर हिदायत कर रही है।

वहीं दूसरी तरफ जिला परिक्षेत्र इलाके में अपराधी खुलेआम गोलीबारी की घटना को अंजाम देते दिख रहे हैं। वही क्षेत्र इलाके में अंधेरा ढलते ही खुलेआम हाथों में पिस्तौल और राइफल ले पुलिस को कड़ी चुनौती दे अपने मंसूबों को पूरा करने के फिराक में डटे चल रहे हैं। वही अपराधी लगातार क्षेत्र इलाके में लूट, छिनतई, हत्या व रंगदारी की मांग की वारदात को अंजाम देते चल रहे हैं। इसी कड़ी में एक और वारदात घटित होने का मामला सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जारी वीडियो जिला औद्योगिक थाना परिक्षेत्र इलाके का बताया जा रहा है। वही मामले को लेकर पुलिस को भनक लगते ही प्राप्त वीडियो की सत्यता की जांच में जुटी और संबंधित जानकारी के आलोक में औद्योगिक परिक्षेत्र थाना इलाके के ग्राम मनसरपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय के समीप कुछ अपराधी तत्व युवकों ने बीती रात खुलेआम दहशत फैलाने के उद्देश्य को लेकर फायरिंग करते हुए पाया गया है, साथ ही अपराध कर्मी इलाके के प्रतिष्ठित ग्रामीण से रंगदारी की मांग किये जाने का मामला भी सामने आया था। उक्त वारदात की सूचना के तहत स्थल की जानकारी मिलते ही संबंधित अपराध कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु औद्योगिक परिक्षेत्र पुलिस द्वारा त्वरित घटना स्थल पर पहुंच मौके से 5 अपराध कर्मियों को एयर गन एवं बुलेट के साथ गिरफ्तार किया गया। वही पुलिस द्वारा गिरफ्तार 5 बदमाशों में से 3 बदमाशों को शराब के नशे में पाये गयें है। वहीं पुलिस ने गिरफ्तार पांचो आरोपी की पूछताछ व जांच क्रम में पुलिस ने उनके पास से एक एयर गन व बुलेट बरामद किया है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार युवक में सतीश कुमार, पवन यादव, निशांत कुमार, सुमन कुमार और चंदन कुमार के रूप में पहचान की हैं। गिरफ्तार बदमाशों के संबंधित अपराधीक इतिहास खांगाल जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेस में आयोजित प्रेसवार्ता के क्रम में एसपी सिटी अमित रंजन ने साझा कर दी है।

घूस लेते एसआई को रंगे हाथों निगरानी टीम ने किया गिरफ्तार

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। एक तरफ जहां नीतीश सरकार पूरे बिहार को सुशासन की सरकार बता ढोल पीटते नजर आती है। वहीं दूसरी तरफ बिहार में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंचा दिखाई दे रहा है, ताजा मामला बांका जिला अंतर्गत चांदन थाना से प्रकाश में आया है। मामले को लेकर बताया जा रहा है कि चांदन थाना के पुलिस अवर निरीक्षक को निगरानी की टीम ने 20 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथों पकड़ा है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक क्षेत्र इलाके के परिवादी टुनटुन यादव ने चांदन थाना में पद स्थापित पुलिस अवर निरीक्षक मनोज कुमार पासवान के विरुद्ध 30 हजार रुपये की मांग किये जाने का मामला निगरानी विभाग में शिकायत दर्ज की थी। वही उक्त मामले को लेकर निगरानी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच की और तथ्य सही पाया है। वहीं पुलिस उपाधीक्षक निगरानी अन्वेषण ब्यूरो पटना के गौतम कृष्ण ने बताया कि चांदन थाना में नियुक्त पुलिस अवर निरीक्षक मनोज कुमार पासवान को निगरानी टीम ने 20 हजार रुपये लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। जिसके विरुद्ध कार्रवाई के तहत न्यायिक हिरासत में लेते हुए आगे की प्रक्रिया के लिए भागलपुर न्यायालय निगरानी कोर्ट में पेश किया गया है।

छात्र पर अपराधियों ने चाकू से किया जनलेवा हमला

प्रात : किरण संवाददाता

सबौर (भागलपुर)। सबौर थाना परिक्षेत्र अंतर्गत एक छात्र पर जनलेवा हमला किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि स्थानीय इलाके के प्रखंड के मुख्य बाजार स्थित स्टार लाइट कंप्यूटर सेंटर से पढ़ाई कर जब छात्र अपने घर वापस लौट रहा था तभी पूर्व से घात लगाए बदमाश तत्व युवकों ने अचानक चाकू से जनलेवा प्रहार कर दिया था। जिससे 18 वर्षीय बीए के छात्र ओम कुमार चाकू के तेज प्रहार से गम्भीर रूप से जख्मी व घायल हो गया है। वही बदमाश युवक आसपास के लोगों के आने की आहट पा कर मौके से फरार होने में सफल हो गया। वही घटना के बाद स्थानीय इलाके के राहगीरों ने 112 पुलिस को मामले की सूचना दी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच घायल छात्र को लहूलुहान हालत में उठाकर त्वरित इलाज के लिए सबौर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सह अस्पताल में लेजाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा त्वरित इलाज प्रक्रिया शुरू कर दी। जिसके बाद चिकित्सक ने छात्र की हालत की गम्भीरता को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया।

वही घटना को लेकर घायल छात्र ओम कुमार ने बताया कि विगत 20 दिन पूर्व इलाके के युवक सुशांत राज और उसके एक साथी से हमारी कहां सुनी हुई थी, उसने मेरे ऊपर आरोप लगाया था कि तुम लड़की का चक्कर काटना छोड़ दो नहीं तो तुमको हम जान से मार देंगे की धमकी दी थी। मैंने इस बात की जानकारी अपने परिजनो को नहीं बताई, मैंने सोचा की हल्का– फुल्का झगड़ा है। मेरा जब किसी लड़की से कोई संबंध नहीं है तो मेरे साथ क्या होगा, जबकि मेरा किसी के साथ कोई संपर्क नहीं है।

वही उक्त विवाद को ले पूर्व से घात लगाकर बैठे हुए थे ये पता नहीं था, लेकिन जब में कंप्यूटर क्लास से वापस अपने घर मिजार्पुर जाने के लिए निकला तो इसी क्रम में ओटो से ब्लॉक चौक पर उतर रहे थे, तभी सुशांत राज और उसके एक साथी ने मिलकर मेरे साथ हाथापाई शुरू कर दी, जब बीच बचाव करने के क्रम में उन दोनों ने चाकू से बार बार प्रहार करना शुरू कर दिया, जिससे काफी बचने का प्रयास किया लेकिन में उसके चाकू से प्रहार से में गम्भीर रूप से घायल हो गया। वही दोनों युवकों ने तेज धार चाकू से मेरे गले के दाहिने तरफ प्रहार किया, उसके बाद बाएं तरफ पेट में चाकू मारकर घायल कर दिया, गरीमत रही कि में अपने बचाव के लिए जोर शोर से चिल्ला रहा था, तभी 112 पुलिस की गश्ती पुलिस मौके पर पहुंच मुझे घायल अवस्था में मौके से उठाकर त्वरित इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल लेजाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया है। वही मामले को लेकर सबौर थाना पुलिस को जानकारी मिलते ही त्वरित घायल छात्र के हालत स्थिति का जायजा लेने के साथ आरोपी युवकों के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की कवायद में जुट गई है।

बाल श्रम उन्मूलन हेतु धावा दल का किया गठन

प्रात : किरण ब्यूरो।

भागलपुर। जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार श्रम संसाधन विभाग भागलपुर द्वारा बाल श्रम उन्मूलन हेतु धावा दल का गठन किया गया। गठित दल ने शहरी परिक्षेत्र के अंतर्गत भीखनपुर क्षेत्र इलाके के 4 प्रतिष्ठानों से 5 बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया गया है, साथ ही दल के सदस्यों द्वारा संबंधित दुकान के नियोजकों के खिलाफ तिलकामांझी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। वही क्षेत्र इलाके में बाल मजदूरी पर अंकुश लगाने के लिए श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी जगदीशपुर मनोरंजन कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सबौर अखिलेश कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी बिहपुर के मनोहर कुमार, कैलाश सत्यार्थी व चिल्ड्रेन फाउंडेशन के कोऑर्डिनेटर परमानंद झा को लेकर धावा दल का गठन किया गया था।

गठित दल ने जिला शहरी क्षेत्र के दुकानों एवं प्रतिष्ठानों का गहन निरीक्षण किया। वही बाल श्रम उन्मूलन हेतु आगे भी यह अभियान जारी रहेगी। उक्त आशय की जानकारी सूचना जनसंपर्क विभाग के पदाधिकारी आलोक कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है।

जोर-शोर से की जा रही दुर्गा पूजा नवरात्रा की तैयारी

तारापुर। 15 अक्टूबर से शुरू हो रहे दुर्गा पूजा नवरात्रा की तैयारी जोर–शोर से सभी दुर्गा मंदिरों पर शुरू है । गौरतलब है कि क्षेत्र के बड़ी दुर्गा मंदिर मोहनगंज राधा गोविंद ठाकुरबारी उल्टा नाथ महादेव रत्नेश्वर नाथ महादेव रणगांव पियारपुर भागलपुर पढ़भड़ा एवं शिशुआ इत्यादि जगहों पर भव्य पंडाल के साथ–साथ दूधिया रोशनी से चकाचौंध करने वाली लाइटे इत्यादि लगाने का काम भी अब अंतिम चरण में है । सुरक्षा के साथ–साथ असामाजिक तत्वों के लिए सभी दुर्गा मंदिरों के समीप सीसीटीवी कैमरा लगाने से लेकर रंग रोगन साफ सफाई जैसे कामों को भी लगभग पूरी कर ली गई है । बताते चलें कि अभी से तारापुर एवं असरगंज के क्षेत्र में बड़े–बड़े दुकानें भी सजने लगे हैं ।

अवध सिंह हत्या मामले में एक अपराधी पुलिस के चढ़ा हत्थे

पुरानी रंजिश को लेकर अवध सिंह की हत्या की वारदात को दिया था अंजाम

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। गोराडीह थाना परिक्षेत्र के बीस पटिया बिहार इलाके में विगत दिनों अवध सिंह की हत्या कुदाल से प्रहार कर दी गई थी। वह उसके हत्या के मामले में गोराडीह थाना पुलिस ने अपनी कुशल नेतृत्व में मामले का उद्भेदन कर दिया है। वही बदमाशों द्वारा जिस कुदाल से वार कर ग्रामीण अवध सिंह की हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया था उसे पुलिस ने बरामद करने के साथ ही हत्या मामले के आरोपी अभियुक्त गोविंद कुमार सिंह को झारखंड से गिरफ्तार किया है। ज्ञात हो कि विगत 30 अगस्त को अवध सिंह की हत्या कर दी गई थी। वही मामले को लेकर सीटी एसपी अमित रंजन ने अपने कार्यालय बेस में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी दी। वही हत्या मामले में उन्होंने कहा कि विधि व्यवस्था डीएसपी डॉ.गौरव कुमार व उनकी पुलिस टीम ने हत्या कांड के आरोपी की गिरफ्तारी किये जाने के साथ ही हत्या कांड में प्रत्युक्त कुदाली को बरामदगी किये जाने के साथ मामले का उद्भेदन कर दिया है। वही उन्होंने बताया कि अवध सिंह की हत्या करते हुए दो लोगों ने देख लिया था उनमें से एक का मोबाइल फोन घटनास्थल पर ही कुछ दूरी पर छूट गया था, इसी के आधार पर तकनीकी रूप से जानकारी जुटाते हुए अपराधियों तक पुलिस पहुंची है। हत्या के मास्टरमाइंड समीर सिंह ने अवध सिंह को मारने के लिए एक लाख रुपये का सुपाड़ी दिये जाने के साथ सौदा तय किया गया था। वही हत्या के अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी करने में लगी हुई हैं, जल्द ही अन्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

जनसंवाद कार्यक्रम में जनकल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

प्रात : किरण ब्यूरो

संग्रामपुर (मुंगेर)। प्रखंड के मध्य विद्यालय मकनपुर में ददरीजाला और कटियारी का पंचायत स्तरीय जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी तारापुर राकेश रंजन कुमार ने की।

जबकि कार्यक्रम का संचालन बीडीओ अजेश कुमार ने किया। जनसंवाद कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने आम जनों को सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और उसके लाभ के बारे में बताया। मौके पर उपस्थित ददरीजाला पंचायत के मुखिया पिंटू मंडल ने कार्यक्रम में उपस्थित हुए पंचायत वासियों को सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं में आने वाली समस्याओं से विभिन्न विभाग से आए पदाधिकारियों को अवगत कराने को कहा। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी कुमार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, राजस्व, विद्युत, भूमिहीन परिवारों को पर्चा, जन वितरण प्रणाली, प्रधानमंत्री आवास योजना, आंगनवाड़ी, सामाजिक सुरक्षा योजना, मत्स्य, पशुपालन पंचायत सरकार भवन, मनरेगा सहित सरकार द्वारा संचालित सभी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई साथ ही उन्होंने लोगों से योजनाओं के लाभ लेने के भी अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने उद्योग विभाग के तहत मिलने वाले लाभ की जानकारी नहीं मिलने की बात कही ग्रामीणों ने कहा कि उद्योग विभाग के तहत आने वाली योजनाओं का प्रखंड कार्यालय से संबद्ध किये जाने की जरूरत हैं जिससे लोगों को योजनाओं की जानकारी और लाभ मिल सके। वही ग्रामीणों ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा योजना की स्वीकृति जो जिला से होती हैं। वो अगर प्रखण्ड स्तर पर की जाय तो लाभुकों को कम कठिनाई होगी। मौके पर अंचलाधिकारी स्नेहा सत्यम, बीपीआरओ अमरजीत कुमार साबरी, एमओ ऋषि कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी उपेंद्र कुमार सिंह, कार्यक्रम पदाधिकारी प्रशांत कुमार सिंह, प्रखंड परियोजना प्रबंधक जीविका निर्भय कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

लोहिया का ही समाजवादी सिद्धांत बिहार में कारगर साबित हो रहा है मनोरंजन मजूमदार

प्रात : किरण ब्यूरो, मुंगेर

मुंगेर। स्थानीय नंदकुमार पार्क मुंगेर में समाजवाद के विश्व के पोषक और समाजवाद के सबसे बड़े नेता डॉ राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि को प्रदेश सचिव संतोष सहनी के अध्यक्षता में मनाया गया। इस समारोह में प्रदेश जदयू राजनैतिक सलाहकार समिति सदस्य मनोरंजन मजूमदार ने डॉ लोहिया के जीवनी और उनके सिद्धांत और विचारों पर बोलते हुए कहा कि आज लोहिया का ही समाजवादी सिद्धांत बिहार में कारगर साबित हो रहा है और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वास्तव में लोहिया के बारिश है और उनके वारिस के रूप में उनके समाजवादी सिद्धांतों को योजनाओं के माध्यम से धरातल पर उतारने का काम कर रहे हैं प्रदेश सचिव संतोष सहनी ने डॉ राम मनोहर लोहिया को जदयू का आदर्श बताते हुए कहा है कि उन्ही के सिद्धांतों के आधार पर पार्टी काम करती है उन्हीं के विरासत को चलाने का काम बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कर रहे हैं। युवा जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवम मंडल सहित उपस्थित लोगों ने डॉ राम मनोहर लोहिया के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण चढ़ा कर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर सभी मौजूद राजनीतिक सामाजिक व्यक्तियों ने संकल्प लेते हुए कहा कि डॉक्टर लोहिया के बताए मार्ग पर हम चलकर समाजवादी विचारों को आगे बढ़ाने में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ खड़े रहेंगे। डाक्टर लोहियां के विचारों को आत्मसात कर देश प्रदेश की तरक्की में अपना योगदान देने का काम करेंगे।

चार प्रतिशत से कम आबादी वाले जातियों को मिले जातीय अल्पसंख्यक का दर्जा : केशरी

प्रात : किरण ब्यूरो, मुंगेर

मुंगेर। धार्मिक अल्पसंख्यकों के तर्ज पर चार प्रतिशत से कम आबादी वाले जातियों को जातीय अल्पसंख्यक का दर्जा मिलना चाहिए तथा उन्हें भी मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक उद्यमी योजना सहित सभी योजनाओं में अल्पसंख्यकों के समान सारी सुविधाएं मिलनी चाहिए।

ये बातें जनाधिकार मोर्चा के संस्थापक अध्यक्ष संजय केशरी ने अपने आवासीय कार्यालय में आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा है। श्री केशरी ने अपनी मांगों के समर्थन में तर्क देते हुए कहा कि जब सत्रह प्रतिशत से अधिक आबादी वालों को धार्मिक अल्पसंख्यक का दर्जा हासिल है तो चार प्रतिशत से कम आबादी वाले जातियों को जातीय अल्पसंख्यक का दर्जा क्यों नहीं मिल सकता है।

सुनील कुमार सिंह ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जातीय अल्पसंख्यक की अवधारणा आज के समय में कम आबादी वाले जातियों के लिए समय की मांग है। संयुक्ता कुमारी, सोनी सिन्हा तथा जूली शर्मा ने कहा कि जातीय अल्पसंख्यकों को भी धार्मिक अल्पसंख्यकों की सभी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हम महिलाएं भी कृतसंकल्पित हैं। अजय प्रसाद सिंह, आजाद शर्मा तथा निरंजन गुप्ता ने आक्रोशित शब्दों में कहा कि चार प्रतिशत से कम आबादी वाले सभी जातियों को जातीय अल्पसंख्यक का दर्जा सरकार को देना ही होगा क्योंकि यह खैरात नहीं बल्कि हमारा अधिकार है। विचार गोष्ठी में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि बैनर–पोस्टर लगाकर तथा जनसंपर्क अभियान चलाकर चार प्रतिशत से कम आबादी वाले सभी जातियों को जातीय अल्पसंख्यक का दर्जा दिलाने के अभियान से जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर शोभा देवी, रामबिनय मालाकार, सखीचन्द जी, कुन्दन राऊत, बबलु गुप्ता, अभिषेक कुमार और रितिकेश बिन्द सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

पालीगंज में राशन कार्ड का हुआ वितरण

पालीगंज। स्थानीय बाजार स्थित उच्च विद्यालय के खेल मैदान में एक शिविर का आयोजन कर जरूरतमन्दों के बीच राशन कार्ड का वितरण किया गया। जानकारी के अनुसार पालीगंज स्थित उच्च विद्यालय के खेल मैदान में राशन कार्ड बितरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसके दौरान पालीगंज एसडीओ जयचन्द्र यादव व विधायक सन्दीप सौरभ के मौजूदगी में जरूरतमन्दों के बीच राशन कार्ड का बितरण किया गया। मौके पर विधायक संदीप सौरभ ने कहा कि केंद्र सरकार गरीबों व आमजनों को लोक कल्याणकारी योजनाओं से बेदखल करने के लिए सुप्रीमकोर्ट में हलफनामा दायर कर रही है। वैसे में हमारा प्रयास है कि पालीगंज के हर जरूरतमंदों को राशन कार्ड मुहैया करवाया जाए। उन्होंने यह भी बताया कि इसी महीने से सभी पंचायतों में शिविर लगाकर राशन कार्ड का वितरण किया जाएगा तथा नए राशन कार्ड के लिए आवेदन लिए जाएंगे। वही बिधायक सन्दीप सौरभ ने बताया कि राशन कार्ड निर्माण हेतु पुराने सभी आवेदनों को लेकर अब तक लगभग 5000 राशन कार्ड वितरण हेतु तैयार हो चुके हैं। वही पूरे अनुमंडल में लगभग बारह हजार राशन कार्ड के फॉर्म लंबित हैं। अनुमंडलाधिकारी के अनुसार सभी लंबित फॉर्म का राशन कार्ड तैयार किया जाएगा। जबकि अबतक बनाये गए राशन कार्डो का बितरण किया जा रहा है।

मौके पर पालीगंज एसडीओ जयचन्द्र यादव, स्थानीय विधायक संदीप सौरभ उपप्रमुख धर्मेंद्र यादव, पत्रकार रामप्रवेश यादव, जिला परिषद सदस्य रामनारायण यादव, मुमताज अंसारी व अविनाश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे का किरदार निभाएंगे विक्की कौशल, सीखी घुड़सवारी और तलवारबाजी

एक्टर विक्की कौशल की इस साल दो फिल्में रिलीज हो चुकी हैं। जहां पहली फिल्म 'जरा हटके जरा बचके' हिट थी तो वहीं दूसरी फिल्म 'द ग्रेट इंडियन फैमिली' फ्लॉप रही। अब दिसंबर के फर्स्ट वीक में उनकी 'सैम बहादुर' रिलीज होगी। इन दिनों इसका पोस्ट प्रोडक्शन वर्क जारी है।

नवरात्रि में आएगा 'सैम बहादुर' का ट्रेलर

विक्की से जुड़े करीबियों ने इस बारे में खास डिटेल शेयर की है। उनका कहना है कि दिसंबर के फर्स्ट वीक में 'सैम बहादुर' का रिलीज होना तय है। यह फिल्म आगे शिफ्ट नहीं होगी। मेकर्स नवरात्रि में इसका ट्रेलर रिलीज करेंगे। वहीं नवरात्रि से ठीक पहले विक्की अपनी अगली फिल्म 'छावा' की शूटिंग पर जुट जाएंगे। ट्रेड एक्सपर्ट और फिल्म से जुड़े सूत्रों ने बताया, फिल्म छावा की शूटिंग 14 अक्टूबर से शुरू हो जाएगी। विक्की इसमें छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे संभाजी राजे के रोल में नजर आएंगे। फिल्म के पहले शेड्यूल की शूटिंग मुंबई की फिल्मसिटी, दहिसर और मड आइलैंड के बड़े ग्राउंड में की जाएगी।

विक्की ने 10 से 12 किलो वजन बढ़ाया

यह मराठा शूरवीरों की गाथा है। माना जाता है कि संभाजी राजे ने अपने समय में तकरीबन 210 युद्ध लड़े थे। इसकी शूटिंग शुरू करने से पहले ही विक्की कौशल 4 महीने का वक्त देकर तलवारबाजी और घुड़सवारी से लेकर ऑस्ट्रेलिया में खास ट्रेनिंग ले चुके हैं। इस फिल्म के लिए विक्की कौशल ने 10 से 12 किलो वजन गेन किया है। ताकि वे संभाजी महाराज की लंबी चौड़ी कद काठी को मैच कर सकें।

100 से 150 दिनों तक चलेगी छावा की शूटिंग

वहीं देखा जाए तो छावा और सैम बहादुर में एक और चीज कॉमन है। दोनों ही फिल्मों के साथ दिलचस्प संयोग यह है कि छावा भी लंबे समय तक शूट होने वाली फिल्म बनने वाली है। इस फिल्म की शूटिंग के लिए कलाकारों और क्रू मेंबर्स के कुल 100 से 150 दिन बुक किए गए हैं।

अपने बच्चों की हिफाजत के लिए मां को राक्षस बनना पड़ता है

सुष्मिता सेन की सबसे फेमस सीरीज आर्या सीज़न 3 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। सुष्मिता सेन का कभी न देखा गया अवतार इस बार भी नजर आ रहा है। आर्या अपने बच्चों कि लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। तीसरा सीजन हर बार से ज्यादा भंयकर लग रहा है। एक ज़बरदस्त टीज़र शेयर करने के बाद आर्या सीज़न 3 के मेकर्स ने सुष्मिता सेन और राम माधवानी की सीरीज का ट्रेलर रिलीज किया है। आर्या 3 का ट्रेलर 12 अक्टूबर को रिलीज़ किया गया। सीरीज कई ट्विस्ट के साथ एक अलग मोड़ पर ले जाती है और कहानी को पूरी तरह बदल देती है। आर्या के रूप में वापसी करने वाली सुष्मिता ने राम माधवानी की सीरीज में अपनी भयानक पर्सनैलिटी दिखाई है और सिंगल मदर बनकर सबकुछ किया है। वो अपने बच्चों को बचाने के लिए कुछ भी कर सकती है। आर्या को पहले से भी कहीं ज्यादा भयंकर अतवार में दिखाया गया है। वह अब वह सब कुछ कर रही है जिससे वह कभी नफरत करती थी और अपने पिता के नक्शे कदमों में पर चल रही हैं। सुष्मिता के किरदार को रूसियों के साथ बिजनेस करते हुए देखा जा सकता है जो उनकी जान के पीछे पड़े थे। लेकिन, इसी बीच उन्हें शो में नए कलाकार इला अरुण और इंद्रनील सेनगुप्ता मिल गए हैं। ट्रेलर में, सुष्मिता का किरदार एक शेरनी की तरह मजबूत, अधिक दृढ़ और भयंकर है। उन्हें यह कहते हुए सुना जा सकता है, कभी-कभी अपने बच्चों की हिफाजत के लिए एक मां को राक्षस बनना पड़ता है। पहले एक इंटरव्यू में सुष्मिता सेन ने सीरीज के बारे में खुलकर बात की थी। आर्या सरीन अब मेरे जीवन का हिस्सा बन गई है। सभी सीज़न में उन्होंने मेरे दिल को छू लिया है। आर्या सीज़न 3 के लिए अपने रोल में वापस आना एक सम्मान की बात है।

गुड्डू नहीं पहले मुन्ना का रोल ऑफर हुआ था

मिर्जापुर के लिए रोज 3 घंटे एक्सरसाइज करते थे अली

अली फजल ने बताया कि मिर्जापुर में उन्हें पहले मुन्ना का रोल ऑफर किया गया था, पर उन्होंने मना कर दिया था। इसके बाद उन्हें गुड्डू का रोल मिला। इस रोल के लिए उन्हें बहुत मेहनत करनी पड़ी थी। दिन में वो 3 घंटे सिर्फ एक्सरसाइज करने में बिता दिया करते थे।

गुड्डू का नहीं पहले मुन्ना का रोल ऑफर किया गया था

छ्वद्वह्यद्ध को दिए इंटरव्यू में अली फैजल ने मिर्जापुर से जुड़े अपने एक्सपीरियंस शेयर किए। अली ने बताया कि शुरुआत में उन्हें मुन्ना का रोल ऑफर किया गया था। उन्हें भी ये रोल पसंद आया था। मगर उनका मानना था कि वो गुड्डू के किरदार में ज्यादा बेहतर दिखेंगे। इसी वजह से उन्हें मुन्ना का रोल ठुकरा दिया और गुड्डू के रोल में छा गए।

गुड्डू के रोल के लिए हर दिन 3 घंटे एक्सरसाइज करते थे

अली ने आगे बताया कि फिल्म के हिसाब से लुक बनाने में उन्हें काफी मेहनत करनी पड़ी थी। हर दिन वो लगभग 3 घंटे बिना रुके एक्सरसाइज किया करते थे। हालांकि इस दौरान बॉडी बनाने के लिए उन्होंने प्रोटीन पाउडर और सप्लीमेंट्स का परहेज किया था। इस दौरान वो ढंग से रात में सो भी नहीं पाते थे।

शूटिंग के वक्त डरे रहते थे

अली ने आगे बताया कि शूटिंग के शुरुआती दिनों में वो बहुत डरे हुए रहते थे। हालांकि वक्त के साथ उन्होंने इससे निजात पा लिया। अली को लगता था कि उस वक्त जिस तरह उनकी बॉडी थी, उसमें में वो गुड्डू के रोल में बिल्कुल नहीं जचते। इस कारण वो सेट पर बुझे-बुझे रहते थे। जब वो सेट पर पहले दिन आए थे, तब डायरेक्टर ने उनके चलने की स्टाइल की तारीफ की थी और कहा था- हमेशा ऐसे ही चलना। अली ने इस बात को भी कबूला है कि शॉट देते वक्त भी वो बहुत डरे रहते थे।

एक्टर नहीं बनने का था सपना, स्पोर्ट्स में थे माहिर

इस दौरान अली ने ये भी बताया कि उनका सपना एक्टर बनने का नहीं था। 11वीं-12वीं की पढ़ाई उन्होंने बोर्डिंग स्कूल से की थी। यहां पर वो स्पोर्ट्स में चैंपियन थे। एक दिन उनका सोल्डर डिसलोकेट हो गया था। तभी से उनका खेलना बंद हो गया। तब उनके एक दोस्त ने सलाह दी कि वो कल्चरल एक्टिविटी का रुख करें। दोस्त की सलाह मान अली थिएटर प्ले करने लगे। वक्त के साथ उनका रुझान एक्टिंग में हो गया। मुंबई आने पर भी उन्होंने प्ले करना जारी रखा। एक दिन वो प्ले कर रहे थे, तभी राजकुमार हिरानी की नजर उन पर पड़ी। उन्हें अली का काम बहुत पसंद आया जिसके बाद अली को फिल्म 3 इडियट्स ऑफर की गई थी।

राखी सावंत के खिलाफ तनुश्री दत्ता ने करवाई एफआईआर

तनुश्री दत्ता ने राखी सावंत के खिलाफ लीगल एक्शन लिया है। एक्ट्रेस ने मुंबई पुलिस स्टेशन में राखी सावंत के खिलाफ एफआईआर करवाई है। वहीं नाना पाटेकर को गैंगस्टर का भाई बताया और भी कई गंभीर आरोप लगाए हैं। आइए बताते हैं तनुश्री दत्ता ने क्या कुछ कहा है। तमाम आरोप-प्रत्यारोप के बाद अब तनुश्री दत्ता, राखी सावंत के खिलाफ लीगल एक्शन लेने जा रही हैं। एक्ट्रेस ने मुंबई के ओशिवारा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज करवाई है। तनुश्री दत्ता ने राखी सावंत पर आरोप लगाया कि उन्होंने उन्हें मेंटली परेशान किया। उनकी इमेज और करियर को खराब कर दिया।आइए बताते हैं तनुश्री दत्ता ने राखी सावंत के अलावा नाना पाटेकर पर क्या कुछ कहा है। तनुश्री दत्ता ने मीडिया से बातचीत में कहा, मैं यहां राखी सावंत के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने आई हूं। उन्होंने साल 2018 में मीटू आंदोलन के वक्त उन्हें काफी परेशान किया था। अब कई धाराओं में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। आशिक बनाया आपने से फेमस होने वाली तनुश्री दत्ता ने कहा कि उन्होंने पांच साल के सभी स्टेटमेंट और सबूतों को इकट्ठा करके रखा हुआ है। तमाम वीडियो के आधार पर पुलिस ने आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस को उन्होंने एक एक छोटी बात बता दी है।

दहाड़ के लिए विजय वर्मा को मिला बेस्ट एक्टर अवॉर्ड

अभिनेता विजय वर्मा डायरेक्टर सुजॉय घोष के निर्देशन में बनी फिल्म जाने जां को लेकर सुर्खियों में हैं। इसके अलावा अभिनेता अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी काफी चर्चा में रहते हैं। अब हाल ही में, अभिनेता ने दहाड़ में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए एशियन अकादमी क्रिएटिव अवार्ड्स में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता है। इस अवॉर्ड को जीतकर अभिनेता ने एक प्यारा सा नोट भी साझा किया है। पिछले कुछ वर्षों में अपने दमदार प्रदर्शनों से विजय वर्मा ने खुद को हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में अपनी अच्छी खासी जगह बना ली है। अभिनेता की इन फिल्मों में डार्लिंग्स और दहाड़ भी शामिल है। इन फिल्मों में विजय के नेगेटिव रोल ने दर्शकों की खूब तारीफें बटोरी थी। अब हाल ही में, विजय ने दहाड़ में एक सीरियल किलर के रूप में अपने रोल के लिए एशियाई अकादमी क्रिएटिव अवार्ड्स में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता है। इस अवॉर्ड को पाकर विजय सातवें आसमान पर हैं। अभिनेता ने अपनी खुशी को अपने फैंस के साथ भी साझा की है। विजय ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर दहाड़ से अपनी एक तस्वीर साझा की है और उसके कैप्शन में लिखा है, इतना बड़ा सम्मान! एशियन एकेडमी को धन्यवाद। अभिनेता के फैंस भी उनकी इस पोस्ट पर जमकर प्यार बरसा रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, विजय आफ यह डिजर्व करते हैं, वाकई में आपका कोई मुकाबला नहीं है। दूसरे यूजर ने लिखा, विजय आपको बहुत-बहुत बधाई। आप इसी तरह आगे बढ़ते रहे। एक और यूजर ने लिखा, विजय ऐसे की आगे बढ़ते जाइए। यह तो बस शुरुआत है।

प्रशंसकों का आशीर्वाद ही मेरे जीवित रहने और काम करने का कारण है

मेगास्टार अमिताभ बच्चन बुधवार को 81 वर्ष के हो गए हैं। उन्होंने अपने प्रशंसकों को शुभकामनाएं देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यही उनके जीवित रहने और काम करने का कारण है। बिग बी ने अपने ब्लॉग में घर के बाहर प्रशंसकों का अभिवादन करते हुए कई तस्वीरें साझा की। एक फोटो में सिने आइकन को माला पहने हुए दिखाया गया है। अपने प्रशंसकों को धन्यवाद देते हुए उन्होंने लिखा, जब अभिभूत हो तो उन भावनाओं को व्यक्त करना सबसे मुश्किल काम होता है। बिग बी ने कहा कि सभी का आशीर्वाद ही मेरे जीवित रहने और काम करने का कारण है, और क्या मैं कभी भी इन आशीर्वादों के योग्य बन पाऊंगा। अपने जन्मदिन की पूर्व संध्या पर अमिताभ ने आधी रात को अपने प्रशंसकों को आश्चर्यचकित कर दिया, जब वह उनसे मिलने के लिए अपने घर के बाहर आए। अमिताभ कृति सेनन और टाइगर श्रॉफ अभिनीत गणपत में दिखाई देंगे। उनके पास रजनीकांत के साथ कल्कि 2898 एडी और थलाइवर 170 भी हैं।

बेटे जुनैद की प्रोडक्शन डेब्यू फिल्म प्रीतम प्यारे में कैमियो करेंगे आमिर खान

बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान ने अपने सबसे बड़े बेटे जुनैद खान के निर्माता के रूप में डेब्यू की घोषणा की है। फिल्म, जिसका नाम प्रीतम प्यारे है, में बॉलीवुड सुपरस्टार पांच मिनट की कैमियो भूमिका में भी नजर आएंगे। जुनैद, जो एक अन्य फिल्म के साथ अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने के लिए भी तैयार हैं, ने सिनेमा में कदम रखने से पहले छह साल तक थिएटर में काम किया है। उन्होंने अगस्त 2017 में निर्देशक क्वासर ठाकोर पदमसी के मार्गदर्शन में जर्मन थिएटर प्रैक्टिशनर, मदर करेज एंड हर चिल्ड्रन की प्रस्तुति के साथ अपनी थियेट्रिकल जर्नी शुरू की। अपने बेटे के बारे में बात करते हुए, आमिर ने साझा किया, जुनैद अब मेरे पिता की तरह एक निर्माता के रूप में बॉलीवुड में प्रवेश कर रहा है। नए निर्देशक और नई टीम के साथ, मैं उनके काम से खुश हूं। मैं उनकी फिल्म में पांच मिनट का कैमियो कर रहा हूं। बता दें कि आमिर खान एक निर्माता के रूप में कई फिल्मों की तैयारी कर रहे हैं।

सेंसेक्स
66282.74 पर बंद
निफ्टी
19751.00 पर बंद

सोना
58,330
चांदी
69,839

पेटीएम पेमेंट बैंक पर आरबीआई की बड़ी कार्रवाई

नियमों का उल्लंघन करने पर लगाया करोड़ो का जुर्माना

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड पर 'अपने ग्राहक को जानो (केवाईसी) नियमों समेत कुछ प्रावधानों का पालन नहीं करने पर 5.39 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय बैंक ने भुगतान बैंकों को लाइसेंस देने के लिए आरबीआई के दिशानिर्देशों, बैंकों में साइबर सुरक्षा ढांचे और यूपीआई परिवेश सहित मोबाइल बैंकिंग अनुप्रयोगों को सुरक्षित करने से संबंधित कुछ प्रावधानों का अनुपालन नहीं होना भी पाया है।

आधिकारिक बयान के अनुसार, बैंक की केवाईसी/एएमएल (धनशोधन रोधी) परिप्रेक्ष्य से एक विशेष जांच की गई और आरबीआई द्वारा चिह्नित लेखा परीक्षकों ने बैंक का व्यापक ऑडिट किया। आरबीआई के बयान के अनुसार रिपोर्ट का निरीक्षण करने के बाद पाया गया कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक भुगतान सेवाएं प्रदान करने के लिए शामिल संस्थाओं के संबंध में लाभार्थी को नहीं पहचान सका। बयान में कहा गया कि बैंक ने भुगतान लेनदेन की निगरानी नहीं की और भुगतान सेवाओं का लाभ उठाने वाली संस्थाओं की जोखिम का निर्धारण नहीं किया।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक ने भुगतान सेवाओं का लाभ ले रहे कुछ ग्राहक अग्रिम खातों में दिन के अंत में शेष राशि की नियामक सीमा का उल्लंघन किया। इसके बाद बैंक को एक कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। बैंक के जबाव मिलने के बाद आरबीआई इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि बैंक पर उपरोक्त आरबीआई निर्देशों का अनुपालन न करने का आरोप प्रमाणित हुआ और इसके बाद बैंक पर मौद्रिक जुर्माना लगाया गया।

इस वजह से लगाया जुर्माना

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि उसने पेटीएम पेमेंट बैंक लिमिटेड पर नो योर कस्टमर (केवाईसी) नियमों सहित कुछ प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने के लिए 5.39 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने भुगतान बैंकों के लाइसेंस के लिए आरबीआई दिशानिर्देश, बैंकों में साइबर सुरक्षा ढांचा और यूपीआई पारिस्थितिकी तंत्र सहित मोबाइल बैंकिंग अनुप्रयोगों को सुरक्षित करने से संबंधित कुछ प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने का भी पता लगाया है।

नेट प्रॉफिट बढ़ा, डिविडेंड का भी किया ऐलान, फिर बाजार खुलते ही औंधे मुंह गिरे इंफोसिस के शेयर

नई दिल्ली, एजेंसी। देश की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी इंफोसिस का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 3.1 प्रतिशत बढ़कर 6,215 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का पिछले वित्त वर्ष में इसी दौरान में नेट प्रॉफिट 6,026 करोड़ रुपये रहा था। इंफोसिस ने डिविडेंड देने का ऐलान भी किया है। लेकिन इस बावजूद भी कंपनी के शेयरों में गिरावट देखने को मिली है। कंपनी के शेयरों में आज 4 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखने को मिली है।

इंफोसिस ने निर्णय लेने में सुस्ती और विवेकाधीन खर्चों पर निरंतर दबाव के कारण पूरे साल के रेवन्यू अनुमान को 1-3.5 प्रतिशत से घटाकर 1-2.5 प्रतिशत कर दिया। इसी एक खबर ने निवेशकों को जोर का झटका दिया है। जिसका असर आज कंपनी के शेयरों में साफ दिखाई दे रहा है। बता दें, बीएसई में इंफोसिस के शुक्रवार की सुबह 1419.95 रुपये के लेवल पर ओपन हुए थे। लेकिन 4.2 प्रतिशत की गिरावट के बाद ये 1402.10 रुपये के इंट्रा-डे लो लेवल पर पहुंच गए थे। तिमाही नतीजे आने के बाद अमेरिकी शेयर बाजार में लिस्टेड इंफोसिस की कंपनी के शेयर करीब 7 प्रतिशत तक लुढ़क गए थे। अमेरिकन डिपॉजिटरी रिसिप्ट में गिरावट के बाद से आज कंपनी के शेयरों के नीचे आने की संभावना बढ़ गई थी। और मार्केट ओपन होने के बाद पुराना ट्रेंड दोबारा देखने को मिला है।

भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस में संयुक्त उद्यम भागीदार की 49 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगा भारती समूह

bharti AXA

नई दिल्ली, एजेंसी। भारती ग्रुप भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी में फ्रांसीसी बीमा कंपनी एक्सा की 49त्न हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगा। लगभग दो दशकों से संयुक्त रूप से चलाए जा रहे उद्यम का पूर्ण नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया है। यह तुरंत स्पष्ट नहीं था कि क्या यह सौदा फ्रांसीसी बीमाकर्ता के दक्षिण एशियाई देश से बाहर निकलने का प्रतीक है। इस बीच, भारती ने कहा कि वह अन्य निवेशकों के साथ उनकी संस्थाओं के साथ साझेदारी या संयोजन करके कारोबार को बढ़ाने के लिए बातचीत कर रही है। भारती और एक्सा ने सौदे पर अतिरिक्त जानकारी के लिए रॉयटर्स के अनुरोधों का तुरंत जवाब नहीं दिया और न ही वित्तीय विवरण का खुलासा किया। इस वर्ष इस क्षेत्र में सौदों की बाढ़ देखी गई है क्योंकि तेजी से बढ़ता शेयर बाजार बीमाकर्ताओं को अपने निवेश से मुनाफा कमाने और राज्य समर्थित भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रभुत्व वाले बाजार में अपने परिचालन को मजबूत करने में मदद कर रहा है। संयुक्त उद्यम में पीई फर्म ट्रू नॉर्थ की हिस्सेदारी का एक हिस्सा खरीदने का सौदा करने के बाद ब्रिटिश यूनाइटेड प्रोविडेंट एसोसिएशन (बीयूपीए) निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस का बहुमत मालिक बनने के लिए तैयार है। भारत का अरबपति बर्मन परिवार भी देश के बड़े पैमाने पर अप्रयुक्त बीमा क्षेत्र को भुनाने के लिए रेलिगेयर एंटरप्राइजेज में लगभग 26त्न की अतिरिक्त हिस्सेदारी खरीदना चाहता है। भारती की भारती लाइफ वेंचर्स शाखा के माध्यम से किया गया संयुक्त उद्यम सौदा, विनियामक अनुमोदन के अधीन, इस साल दिसंबर तक बंद होने की उम्मीद है। बीमा नियामक निकाय की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी दुनिया में नौवें स्थान पर मौजूद बाजार में एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और एलआईसी के साथ प्रतिस्पर्धा करती है।

इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन में आया उछाल, 14 महीनों के हाई लेवल पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी। विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन से देश में औद्योगिक उत्पादन अगस्त में 10.3 प्रतिशत बढ़कर 14 महीनों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापा जाने वाला औद्योगिक उत्पादन में पिछले साल अगस्त में 0.7 प्रतिशत की गिरावट आई थी।इससे पहले, जून, 2022 में औद्योगिक उत्पादन में सर्वाधिक 12.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। इस बीच, जुलाई के लिए आईआईपी वृद्धि के अनुमान को संशोधित कर छह प्रतिशत कर दिया गया है। पहले इसके 5.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था।

चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान आईआईपी वृद्धि 6.1 प्रतिशत रही, जो पिछले साल इसी अवधि में 7.7 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार, विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादन में अगस्त में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि अगस्त, 2022 में इसमें 0.5 प्रतिशत की गिरावट आई थी। आलोच्य महीने में खनन उत्पादन 12.3 प्रतिशत बढ़ा, जबकि पिछले साल अगस्त में इसमें 3.9 प्रतिशत की गिरावट आई थी। वहीं बिजली उत्पादन में 15.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले साल इस दौरान 1.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। उपयोग-आधारित वर्गीकरण के अनुसार, पूंजीगत सामान खंड में इस साल अगस्त में 12.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो पिछले साल अगस्त में 4.3 प्रतिशत थी।

भोपाल में खुला व्रेडेस्टीन ब्रांड का एक्सक्लूसिव आउटलेट

भोपाल, । देश में व्रेडेस्टीन ब्रांड के एक्सक्लूसिव आउटलेट्स के लिए अगला पड़ाव भोपाल है जहाँ अपोलो टायर्स लिमिटेड ने डीबी सिटी मॉल के बाहर स्थित अरिहंत टायर्स में व्रेडेस्टीन के रिटेल आउटलेट का उद्घाटन किया। यह भारत में खुला व्रेडेस्टीनकादूसरा आउटलेट है, जो कि अन्य प्रीमियम टायर ब्रांडों के लिए एक हब भी है।

आउटलेट का उद्घाटन अपोलो टायर्स लिमिटेड के सेल्स एंड सर्विस के वाईस प्रेसिडेंट राजेश दहिया एवं अरिहंत टायर्स के मालिक अशोक जैन पितलिया ने क्षेत्र के कार और बाइक प्रेमियों के साथ किया।

इस अवसर पर अपोलो टायर्स लिमिटेड के सेल्स एंड सर्विस के वाईस प्रेसिडेंट राजेश दहिया ने कहा, भोपाल तेजी से एक प्रीमियम टायर बाजार के रूप में उभरा है, जहां यूज़र्स अपनी प्रीमियम कार और सुपरबाइक्स के लिए अच्छी क्वालिटी के टायर पसंद कर रहे हैं। अरिहंत टायर्स पिछले दो दशकों के अपने शानदार अनुभव और शहर भर में अपने 4 आउटलेट्स के साथ, व्रेडेस्टीन ब्रांड के लिए बिल्कुल सही विकल्प है, इसका लक्ष्य अपने उत्साही ग्राहकों को अल्ट्रा-हाई परफोरमेंस वाहन के लिए बेहतर सेवा देना है। हमें विश्वास है कि इस हाई फुटफ़ॉल ज़ोन में उपस्थिति और अधिक ब्रांड विजिबिलिटी, अरिहंत टायर्स के साथ हमारे लिए भी काफी लाभदायक सिद्ध होगी।

व्रेडेस्टीन के लिए यह विशेष काउंटर, टायर बेचने के नए अप-मार्केट रिटेल फॉर्मेट में काम करता है - ग्राहकों के लिए पर्याप्त विसुअल अपील, आराम और सुविधा देता है, और खरीदारी करने से पहले प्रोडक्ट की एप्लीकेशन और परफोर्मेंस के बारे में जानने का मौका देता है। इस प्रकार, वे विशेषज्ञों के मार्गदर्शन की जरूरत और लो इन्वोल्वमेंट केटेगरी प्रोडक्ट के बीच के अंतर को पाटते हैं, ताकि ग्राहक अपने वाहन, ड्राइविंग शैली और उपयोग के हिसाब से सही टायर खरीद सकें।

कंपनी व्रेडेस्टीन ब्रांड के टायर बेचने के लिए अपने बिज़नेस पार्टनर के फैले हुए नेटवर्क, विशेष रूप से प्रीमियम टियर ड्ढ काउंटरों का उपयोग कर रही है। बेंगलुरु के बाद, यह दूसरा एक्सक्लूसिव काउंटर है जो व्रेडेस्टीन टायर्स का भोपाल में खोला गया है। व्रेडेस्टीन टायर एक प्रीमियम यूरोपीय ब्रांड है जो भारत में कंपनीकी अत्याधुनिक सुविधाओं वाले फैक्ट्री में बनाया जाता है, यह कारों में प्रीमियम और लक्जरी सेगमेंट के साथ साथ भारत में सुपरबाइकिंग सेगमेंट की बढ़ती जरूरतों को भी पूरा करता हैं। व्रेडेस्टीन ब्रांड लक्जरी कारों और सुपरबाइक के मालिकों द्वारा चुने जाने वाले दो सबसे महत्वपूर्ण कारक प्रीमियम स्टाइलिंग और अल्ट्रा-हाई परफॉर्मेंस का दूसरा नाम है।

लैपटॉप, कंप्यूटर के आयात के लिए लाइसेंस नहीं, अब मंजूरी लेनी होगी!

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार लैपटॉप, टैबलेट एवं पर्सनल कंप्यूटरों के आयात के लिए एक नवंबर से लाइसेंसिंग प्रक्रिया की जगह आयात प्राधिकार प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी में है। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। हालांकि वाणिज्य मंत्रालय को इस संबंध में अभी तक इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से अंतिम सहमति मिलने का इंतजार है। सरकार ने अगस्त महीने में लैपटॉप, टैबलेट एवं कंप्यूटरों के आयात पर बंदिशें लगा दी थीं। यह कदम चीन जैसे देशों से इन उत्पादों के आयात को हतोत्साहित करने और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया था। वाणिज्य मंत्रालय के मातहत निकाय विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की अधिसूचना के मुताबिक, आयात से जुड़ी बंदिशें एक नवंबर से लागू हो जाएंगी। इस अधिसूचना पर आईटी हार्डवेयर उद्योग ने कई तरह की चिंताएं जताई थीं।एक सूत्र ने कहा कि इन उपकरणों के आयात के लिए लाइसेंस जारी करने की जगह एक आयात प्रबंधन व्यवस्था लागू करने की तैयारी है। इस व्यवस्था के तहत कारोबारियों को आयात का मंजूरी पत्र जारी किया जाएगा। सूत्र के मुताबिक, इच्छुक कंपनी एक तय संख्या में इन उपकरणों के आयात के लिए अनुरोध करेगी और उसे इसका प्राधिकार दे दिया जाएगा। सूत्रों ने कहा कि बदली व्यवस्था लागू होने पर डीजीएफटी तीन अगस्त को जारी अधिसूचना को लेकर एक स्पष्टीकरण भी जारी कर सकता है।

इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन में आया उछाल, 14 महीनों के हाई लेवल पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी। विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन से देश में औद्योगिक उत्पादन अगस्त में 10.3 प्रतिशत बढ़कर 14 महीनों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापा जाने वाला औद्योगिक उत्पादन में पिछले साल अगस्त में 0.7 प्रतिशत की गिरावट आई थी।इससे पहले, जून, 2022 में औद्योगिक उत्पादन में सर्वाधिक 12.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। इस बीच, जुलाई के लिए आईआईपी वृद्धि के अनुमान को संशोधित कर छह प्रतिशत कर दिया गया है। पहले इसके 5.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था।

चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान आईआईपी वृद्धि 6.1 प्रतिशत रही, जो पिछले साल इसी अवधि में 7.7 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार, विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादन में अगस्त में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि अगस्त, 2022 में इसमें 0.5 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

आलोच्य महीने में खनन उत्पादन 12.3 प्रतिशत बढ़ा, जबकि पिछले साल अगस्त में इसमें 3.9 प्रतिशत की गिरावट आई थी। वहीं बिजली उत्पादन में 15.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले साल इस दौरान 1.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। उपयोग-आधारित वर्गीकरण के अनुसार, पूंजीगत सामान खंड में इस साल अगस्त में 12.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो पिछले साल अगस्त में 4.3 प्रतिशत थी।

वस्तुओं का उत्पादन बढ़ा

अगस्त में टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन में 5.7 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि एक साल पहले की अवधि में इसमें 4.4 प्रतिशत की गिरावट आई थी। गैर-टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन में अगस्त में नौ प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले साल इसी महीने में नौ प्रतिशत की गिरावट आई थी। बुनियादी ढांचे/निर्माण वस्तुओं के मामले में अगस्त में 14.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले साल अगस्त में तीन प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। प्राथमिक वस्तुओं का उत्पादन आलोच्य महीने में 12.4 प्रतिशत बढ़ा जबकि एक साल पहले इसी महीने में इसमें 1.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। आंकड़ों के अनुसार मध्यवर्ती वस्तुओं के उत्पादन में अगस्त महीने में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि एक साल पहले इसी महीने में इसमें 1.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

एक लाख करोड़ रुपये क्लब की दहलीज पर सैमसंग इंडिया, स्मार्टफोन मार्केट में कोई नहीं है टक्कर में

नई दिल्ली, एजेंसी। कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और अप्लायंसेज बनाने वाली दक्षिण कोरिया की दिग्गज कंपनी सैमसंग भारत में एक लाख करोड़ रुपये के सालाना रेवेन्यू के करीब पहुंच गई है। कंपनी ने 27 साल पहले भारत में अपना ऑपरेशन शुरू किया था। सैमसंग के पूर्ण स्वामित्व वाली सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड की 2022-23 में कुल इनकम 98,924 करोड़ रुपये रही। कंपनी ने हाल में रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज को दी गई जानकारी में यह जानकारी दी है। सैमसंग इंडिया की फाइनेंशियल ईयर 2023 में सेल दिग्गज एफएमसीजी कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड से 65 फीसदी और आईटीसी लिमिटेड से 35 परसेंट ज्यादा है।

सैमसंग इंडिया की सेल में फाइनेंशियल ईयर में 2023 में 16 परसेंट की तेजी आई जबकि इसका नेट प्रॉफिट गिरकर 3,452 करोड़ रुपये रहा। फाइनेंशियल ईयर 2021-22 में यह 3,844 करोड़ रुपये रहा था। पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही से स्मार्टफोन, टेलीविजन और हाउसहोल्ड अप्लायंसेज की डिमांड में गिरावट आई है। कंपनी ने आरओसी फाइलिंग में फाइनेंशियल ईयर 2023 की अर्निंग परफॉरमेंस के कारणों के बारे में नहीं बताया है। इस बारे में सैमसंग इंडिया को भेजे गए ईमेल का कोई जवाब नहीं आया। लगातार दूसरे साल सैमसंग इंडिया के प्रॉफिट में गिरावट आई है। सैमसंग देश की सबसे बड़ी मोबाइल कंपनी है। फाइनेंशियल ईयर 2023 में कंपनी का मोबाइल फोन बिजनस से रेवेन्यू 70,292 करोड़ रुपये रहा। यह आईटीसी (70,251 करोड़) और एचयूएल (59,144 करोड़) के स्टैंडअलोन रेवेन्यू से अधिक है। पिछले साल सैमसंग इंडिया को मोबाइल फोन की बिक्री में 27 फीसदी बढ़ी है। जानकारों का कहना है कि अल्ट्रा-प्रीमियम गैलेक्सी जेड सीरीज की सफलता का इसमें अहम योगदान है। तरुण पाठक ने कहा कि ओवरऑल मार्केट में गिरावट के बावजूद पिछले साल सैमसंग को स्मार्टफोन की बिक्री में तेजी आई। इस दौरान सैमसंग ने शाओमी को पछाड़कर मार्केट लीडरशिप की पोजीशन हासिल कर ली। भारत में सैमसंग की कुल बिक्री में मोबाइल बिजनस की हिस्सेदारी 71 परसेंट है जो फाइनेंशियल ईयर 2022 में 67 परसेंट थी। देश में कंपनी का दूसरा सबसे बड़ा बिजनस होम अप्लायंसेज का है। फाइनेंशियल ईयर 2023 में इस बिजनस में कंपनी की सेल 11,844 करोड़ रुपये रही जो पिछले साल के मुकाबले 18 परसेंट अधिक है। भारत के स्मार्टफोन मार्केट में सैमसंग की हिस्सेदारी 18 परसेंट है।

भारत के सबसे अमीर डॉक्टर हैं केरल के शमशीर, संपत्ति में 68 फीसद की उछाल

नई दिल्ली, एजेंसी। फोर्ब्स लेटेस्ट सूची के मुताबिक डॉक्टर से उद्यमी बने केरल के शमशीर वायलिल 3.7 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 57वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस साल उनकी संपत्ति 68 फीसद बढ़ गई है, जिससे वह भारत के सबसे अमीर डॉक्टर बन गए हैं। शमशीर इस सूची में सबसे तेजी से बढ़ने वाला प्रवासी भारतीय भी हैं। शमशीर अपनी मेडिकल पढ़ाई के बाद मिडिल ईस्ट चले गए और एक स्थानीय अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट के रूप में काम किया। शुरुआत में अपने अमीर ससुर के समर्थन से उन्होंने 2007 में आबू धाबी में एक अस्पताल से शुरुआत की। वीपीएस दिल्ली में रॉकलैंड हॉस्पिटल चेन और कोच्चि में वीपीएस लक्षेशोर हॉस्पिटल के भी मालिक हैं। वायलिल निवेश फर्म अमानत होल्डिंग्स के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक भी हैं।

अडानी को बढ़ा झटका

फोर्ब्स की लिस्ट में रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी 92 अरब डॉलर की कुल संपत्ति के साथ एक बार फिर सबसे अमीर भारतीय रूप में काबिज हैं। वहीं, अडानी ग्रुप के गौतम अडानी इस नई सूची में दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। पिछले साल अंबानी को पछाड़कर अडानी पहली बार भारत के सबसे अमीर व्यक्ति बने थे। जनवरी 2023 में अमेरिकी कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट आने के बाद अडानी समूह के शेयरों में बड़ी गिरावट आई। इससे अडानी एवं उनके परिवार की कुल संपत्ति 82 अरब डॉलर की भारी गिरावट के साथ 68 अरब डॉलर हो गई। फोर्ब्स की 2023 सूची के मुताबिक भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की सामूहिक संपत्ति इस साल 799 अरब डॉलर पर स्थिर बनी रही।

फोर्ब्स ने कहा, जियो फाइनेंशियल सर्विसेज को अलग कर शेयर बाजार में लिस्ट होने फौरन बाद अगस्त में अंबानी ने अपने तीनों बच्चों को रिलायंस के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में जगह देकर अपनी उत्तराधिकार योजना को मजबूती दी। यह सूची परिवारों एवं व्यक्तियों, शेयर बाजारों, विश्लेषकों और नियामकीय एजेंसियों से मिली जानकारी के आधार पर तैयार की गई है। सॉफ्टवेयर कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज के प्रमुख शिव नादर इस लिस्ट में दो पायदान चढ़कर 29.3 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ तीसरे स्थान पर वापस आ आए हैं। पिछले साल एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयरों में 42 फीसद का उछाल आने से उनकी संपत्ति बढ़ी है। बिजली और इस्पात क्षेत्र में सक्रिय ओपी जिंदल समूह की प्रमुख सावित्री जिंदल इस सूची में चौथे स्थान पर मौजूद हैं। उनकी संपत्ति 46 फीसद बढ़कर 24 अरब डॉलर हो गई है। एवेन्यू सुपरमार्ट्स के राधाकिशन दमानी सबसे अमीर भारतीयों की सूची में पांचवें स्थान पर हैं। पिछले साल उनकी संपत्ति 27.6 अरब डॉलर से घटकर 23 अरब डॉलर हो गई।

साइरस पूनावाला 20.7 अरब डॉलर संपत्ति के साथ सूची में छठे और हिंदुजा परिवार 20 अरब डॉलर संपत्ति के साथ सातवें स्थान पर है। दिलीप सांघवी 19 अरब डॉलर संपत्ति के साथ आठवें, कुमार मंगलम बिड़ला 17.5 अरब डॉलर संपत्ति के साथ नौवें और शापूर मिस्त्री एवं परिवार 16.9 अरब डॉलर के साथ दसवें स्थान पर मौजूद है। फोर्ब्स एशिया की एशिया संपत्ति संपादक एवं भारत संपादक नाजनीन करमाली ने कहा, भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और वैश्विक निवेशकों के बीच इसे काफी पसंद किया जाता है। उस तेजी ने इस साल भारत के 100 सबसे अमीरों के विशिष्ट क्लब को और भी खास बना दिया है। इस सूची में शामिल होने के लिए न्यूनतम संपत्ति का कटऑफ रिकॉर्ड 2.3 अरब डॉलर हो गया है।

वर्ल्ड कप 2023

भारत में जीतना बेहद कड़ी चुनौती, इंग्लैंड के ऑलराउंडर क्रिस वोक्स का बड़ा बयान

नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑलराउंडर क्रिस वोक्स ने कार्य की कठिनता को स्वीकार करते हुए कहा कि इंग्लैंड मौजूदा विश्व कप में भारत को करारी शिकस्त देने में सक्षम है। भारत ने प्रत्येक चार साल में होने वाले विश्व कप में अपने अभियान का आगाज शुरुआती दो मैच में ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के खिलाफ दो आसान जीत के साथ किया। गत चैंपियन इंग्लैंड हालांकि बांग्लादेश को मात देने से पहले न्यूजीलैंड से हार गया।

वोक्स ने कहा, 'भारत में जीतना बेहद कठिन चुनौती है। मुझे लगता है कि उपमहाद्वीप की टीमें घरेलू परिस्थितियों में अधिक सहज महसूस करेंगी। इंग्लैंड की 2019 की विश्व चैंपियन टीम के सदस्य वोक्स ने हालांकि कहा कि उनके पास भारत को मात देने की क्षमता है। भारत और इंग्लैंड 29 अक्टूबर को लखनऊ में आमने-सामने होंगे। वोक्स ने कहा, 'इससे हमारे लिए उन्हें उनकी सहजता से बाहर करना बेहद कठिन हो जाता है। लेकिन हमारे पास प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम टीम और खिलाड़ी हैं।

उन्होंने कहा, 'लोगों ने कुछ समय से हमें देखा है और सफेद गेंद के प्रारूप की टीम के रूप में दुनिया भर में हमारे से कुछ उम्मीदें हैं। वारविकशर के इस खिलाड़ी ने कहा कि टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए इंग्लैंड को खिलाड़ियों से अपेक्षाओं पर काबू पाना होगा। वोक्स ने कहा, 'जीतने के लिए यह एक कठिन प्रतियोगिता है, क्या ऐसा नहीं है? खासकर यहां। लेकिन हम अच्छी चुनौती देंगे। हम एक बार में एक मैच पर ध्यान दे रहे हैं। स्वाभाविक रूप से लोगों को हमारे से उम्मीदें हैं और हमें निश्चित रूप से खुद से उम्मीदें हैं। अपने अगले मुकाबले में इंग्लैंड रविवार को नई दिल्ली में अफगानिस्तान से भिड़ेगा। वोक्स ने कहा कि वह अपने गेंदबाजी प्रदर्शन में सुधार करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे निश्चित रूप से लगता है कि मैं थोड़ा बेहतर गेंदबाजी करना पसंद करता। लेकिन यह लंबी प्रतियोगिता है और आप इतनी जल्दी शीर्ष स्तर पर नहीं पहुंचना चाहते।

अपने कोटे के टिकट प्रशंसकों में बांट रही अफगानिस्तान क्रिकेट टीम

नईदिल्ली (एजेंसी)। अफगानिस्तान हाल के दिनों में क्रिकेट में सबसे तेजी से सुधार करने वाले देशों में से एक है। बहुत ही कम समय में वे दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों के साथ आमने-सामने खड़े होने में कामयाब रहे हैं। हालांकि परिणाम हमेशा अधिक कट्टर विरोधियों के खिलाफ उनके अनुरूप नहीं रहे हैं। अफगानिस्तान अपने देश में नहीं खेलता इसलिए प्रशंसक टीम के साथ यात्रा करने का निश्चय करते हैं, चाहे वे कहीं भी खेलें। अफगानिस्तान के खिलाड़ी भी प्यार का बदला ले रहे हैं और मौजूदा वनडे विश्व कप 2023 के मैचों के दौरान अपने कोटे के टिकट प्रशंसकों को दे रहे हैं।

टीम के अधिकारी ने बताया, परंपरा कुछ समय से चली आ रही है। हमने दुबई में प्रशंसकों को टिकट दिए हैं। हमने ऐसा ही किया था जब अफगानिस्तान ने पाकिस्तान और श्रीलंका की सह-मेजबानी में 2023 एशिया कप में भाग लिया था। यह प्रवृत्ति विश्व कप में भी जारी है।

उन्होंने कहा, खिलाड़ी आम तौर पर मुझसे टिकटों के लिए अनुरोध करते हैं। हमें आम तौर पर प्रति खिलाड़ी/अधिकारी तीन से पांच टिकट मिलते हैं। एक बार जब मैं उन्हें उनका कोटा प्रदान करता हूं, तो खिलाड़ी प्रशंसकों के लिए अपने टिकट एक साथ रख देते हैं। प्रशंसकों से अनुरोध प्राप्त होने पर हम इन टिकटों को एक में लिफाफे में रखते हैं और इसे टीम होटल के रिसेप्शन पर छोड़ देते हैं। फिर प्रशंसक इसे वहां से ले लेते हैं।

हशमतुल्लाह शाहिदी की टीम की वनडे विश्व कप 2023 अभियान में अच्छी शुरुआत नहीं रही है। 10 टीमों की प्रतियोगिता के अपने पहले मैच में उन्हें बांग्लादेश का सामना करना पड़ा और अपने दूसरे मैच में दो बार के चैंपियन भारत ने करारी शिकस्त दी। एशियाई टीम अब अपने अगले मैच में रविवार 15 अक्टूबर को दिल्ली में गत चैंपियन इंग्लैंड से भिड़ेगी। वर्तमान में अफगानिस्तान -1.907 के नेट रन रेट (एनआरआर) के साथ अंक तालिका में सबसे नीचे है।

आज भारत-पाकिस्तान मैच पर बारिश का साया

मौसम विभाग ने दी जानकारी

अहमदाबाद (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व कप का महामुकाबला शनिवार (14 अक्तूबर) को खेला जाएगा। दोनों टीमें अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आमने-सामने होंगी। वनडे विश्व कप के मौजूदा संस्करण में दोनों टीमों का फॉर्म शानदार रहा है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के खिलाफ जीत हासिल की है। वहीं, पाकिस्तान ने नीदरलैंड और श्रीलंका को हराया था। अब रोहित शर्मा और बाबर आजम की नजरें जीत की हैट्रिक लगाने पर होंगी। इसी बीच, मौसम को लेकर बड़ी खबर सामने आई है।

प्रशंसकों को लंबे समय से इस मुकाबले का इंतजार है। एक लाख से ज्यादा दर्शक मैच के दौरान स्टेडियम में मौजूद रह सकते हैं। सभी एक रोमांचक मैच देखना चाहते हैं, लेकिन उम्मीदों पर बारिश पानी फेर सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मैच के दौरान अहमदाबाद शहर और उत्तरी गुजरात में हल्की बारिश की भविष्यवाणी की है।

मौसम विभाग ने क्या-क्या कहा?

आईएमडी द्वारा साझा किए गए नवीनतम मौसम अपडेट के अनुसार, 14 और 15 अक्तूबर को उत्तरी गुजरात और अहमदाबाद के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने कहा, गुजरात में अगले पांच दिनों के दौरान मौसम शुष्क रहने की उम्मीद है। 14 अक्तूबर को अहमदाबाद जिले में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। अहमदाबाद में मौसम विज्ञान केंद्र की निदेशक मनोरमा मोहंती ने कहा, आसमान में बादल छाए रहेंगे। अगले दिन अहमदाबाद और अन्य उत्तरी जिलों जैसे बनासकांठा, साबरकांठा और अरवल्ली में हल्की बारिश हो सकती है।

अगर बारिश के कारण मैच रद्द हुआ तो क्या होगा?

अगर बारिश के कारण मैच रद्द होता है तो भारत और पाकिस्तान को एक-एक अंक मिलेंगे। इस मैच के लिए कोई रिजर्व डे नहीं है। टूर्नामेंट के नॉकआउट मैचों के लिए रिजर्व डे हैं। प्रशंसक चाहेंगे कि ऐसी नौबत नहीं आए और उन्हें पूरा मैच देखने को मिले।

दिग्गज गायक करेंगे परफॉर्म

जहां एक तरफ विश्व कप शुरू होने से पहले ओपनिंग सेरेमनी का आयोजन नहीं किया गया था, वहीं अब भारत-पाकिस्तान मैच से पहले कार्यक्रम रखा जा रहा है। इसमें कई दिग्गज बॉलीवुड गायकों और अभिनेताओं को भी आमंत्रण दिया गया है। गुरुवार रात को बीसीसीआई ने ट्वीट कर बताया कि उस कार्यक्रम में दिग्गज गायक अरिजीत सिंह, सुखविंदर सिंह और गायक-संगीतकार शंकर महादेवन भी परफॉर्म करते नजर आएंगे। दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में यह तीनों गायक अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगे।

इन तीन गायकों के अलावा मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन और रजनीकांत यह मैच देखने स्टेडियम पहुंचेंगे। वहीं, दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर भी स्टेडियम में रहकर ही यह मुकाबला देखेंगे। विश्व कप की शुरुआत से पहले खबरें आई थीं कि इस टूर्नामेंट की ओपनिंग सेरेमनी होगी, जिसमें रणवीर सिंह, तमन्ना भाटिया, आशा भोसले, अरिजीत सिंह और श्रेया घोषाल परफॉर्म करेंगे। हालांकि, ऐसा कुछ नहीं हुआ और विश्व कप की ओपनिंग सेरेमनी नहीं हुई। उसकी जगह 'कैप्टंस डे' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

दोनों टीमें इस प्रकार है

भारत- रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या (उप-कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, रविचंद्रन अश्विन, ईशान किशन ,सूर्यकुमार यादव।

पाकिस्तान- बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान, फखर जमान, इमाम-उल-हक, अब्दुल्ला शफीक, मोहम्मद रिजवान, सऊद शकील, इफ्तिखार अहमद, सलमान अली आगा, मोहम्मद नवाज, उसामा मीर, हारिस रऊफ, हसन अली, शाहीन अफरीदी, मोहम्मद वसीम।

ओलंपिक 2028

128 साल बाद ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी, आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाख ने की घोषणा

मुंबई (एजेंसी)। आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाख ने मुंबई में कार्यकारी बोर्ड की बैठक के दूसरे दिन के बाद कहा कि अधिकारियों ने बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, स्क्वैश और लैक्रोस के साथ क्रिकेट को शामिल करने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है।

क्रिकेट को 128 साल बाद ओलंपिक में शामिल किए जाने की मंजूरी मिल चुकी है। 2028 के लॉस एंजिलस ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के कार्यकारी द्वारा क्रिकेट को लॉस एंजिलस ओलंपिक में शामिल करने की मंजूरी दे दी गई है। इसकी घोषणा शुक्रवार को मुंबई में कार्यकारी बोर्ड की बैठक के दूसरे दिन के बाद की गई। क्रिकेट इससे पहले 1900 के पेरिस ओलंपिक में खेला गया था। यानी 128 साल बाद इसकी ओलंपिक में वापसी होगी।

आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाख ने कहा कि कार्यकारी बोर्ड के अधिकारियों ने बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, स्क्वैश और लैक्रोस के साथ क्रिकेट को ओलंपिक में पांच नए खेलों में से एक के रूप में शामिल करने के लॉस एंजिलस आयोजकों के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। हालांकि, सभी नए खेलों को 2028 खेलों में जगह सुनिश्चित करने से पहले आईओसी सदस्यता द्वारा सोमवार को होने वाले मतदान में मत हासिल करने की आवश्यकता होगी।

आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाख ने कहा- 2028 ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने पर हम अभी भी प्रस्ताव मोड में हैं। भाग लेने वाली टीमों की संख्या अभी स्पष्ट नहीं है। हम आईसीसी के साथ काम करेंगे। हम किसी भी देश के व्यक्तिगत क्रिकेट अधिकारियों के साथ काम नहीं करेंगे। आईसीसी के सहयोग से हम देखेंगे कि क्रिकेट को और अधिक लोकप्रिय कैसे बनाया जा सकता है। थॉमस बाख ने कहा- लॉस एंजिल्स 2028 के खेल कार्यक्रम के संबंध में आईओसी को तीन निर्णय लेने थे। सबसे पहले, यह लॉस एंजिल्स आयोजन समिति थी जिसने पांच नए खेल शुरू करने का प्रस्ताव रखा था, जिसे मंजूरी मिल गई है। ये पांच खेल हैं क्रिकेट, बेसबॉल, सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल और स्क्वैश।

1900 में पिछली बार ओलंपिक में खेला गया था क्रिकेट

क्रिकेट इससे पहले 1900 के पेरिस ओलंपिक में खेला गया था, जहां इंग्लैंड और फ्रांस स्वर्ण पदक के लिए भिड़े थे। हालांकि, लंबे समय से क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल करने की कोशिशें चल रही हैं और अब जाकर यह सफल हो पाया है। दरअसल, आईओसी क्रिकेट की लोकप्रियता को ध्यान में रखते हुए भारतीय उपमहाद्वीप के बाजार को भुनाने की कोशिश करेगा।

इसके लिए पुरुष और महिला टी-20 क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल किया जाएगा। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, क्रिकेट के शामिल होने पर 2024 के पेरिस ओलंपिक में प्रसारण अधिकार 158.6 करोड़ रुपये के मुकाबले 2028 में 1525 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है।

आईसीसी ने जताई थी खुशी

इससे पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने लॉस एंजिलस ओलंपिक आयोजन समिति की ओर से ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किए जाने की सिफारिश पर खुशी जाहिर की थी। आईसीसी चेयरमैन ग्रेग बार्कले ने कहा था कि दो वर्ष की प्रक्रिया और लॉस एंजिलस आयोजन समिति के साथ काम करने के बाद ओलंपिक समिति ने क्रिकेट को इन खेलों की सूची में शामिल किया है। इसे खेल को ओलंपिक में शामिल किए जाने पर हमें बेहद खुशी होगी।

दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में खेलने को तैयार बाबर

कहा– टीम पर दबाव नहीं, नसीम शाह की कमी खलेगी

अहमदाबाद (एजेंसी)। वनडे विश्व कप के मौजूदा संस्करण में दोनों टीमों का फॉर्म शानदार रहा है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के खिलाफ जीत हासिल की है। वहीं, पाकिस्तान ने नीदरलैंड और श्रीलंका को हराया था। अब रोहित शर्मा और बाबर आजम की नजरें जीत की हैट्रिक लगाने पर होंगी। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शनिवार (14 अक्तूबर) को भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व कप का महामुकाबला खेला जाएगा। इस मैच के लिए दोनों टीमों की तैयारियां जोरों पर हैं। मुकाबले से एक दिन पहले पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि दोनों टीमों के बीच विश्व कप में अब तक जो हुआ है वह ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं है। बाबर ने यह भी कहा कि उनकी टीम अहमदाबाद के बड़े स्टेडियम में खेलने के लिए तैयार है और इसे लेकर कोई दबाव नहीं है।



बाबर ने कहा, मुझे लगता है कि अतीत में जो हुआ वह महत्वपूर्ण नहीं है। हम वर्तमान में जीना चाहते हैं। मुझे लगता है कि हम अच्छा कर सकते हैं। भारत-पाकिस्तान मैच जोरदार है। बड़ी संख्या में प्रशंसक आ रहे हैं। मुझे लगता है कि हमारे पास प्रशंसकों के सामने अच्छा प्रदर्शन करने का अवसर है। हम उसी के अनुसार योजना बनाएंगे क्योंकि पहले 10 ओवर में विकेट अलग होता है और 10 ओवर के बाद अलग होता है।

भारत-पाकिस्तान मैच से पहले गिल से बोले युवराज

खड़ा हो जा और खेल, मैं दो बार डेंगू में खेला हूं

अहमदाबाद (एजेंसी)। वनडे विश्व कप 2023 में भारत का अगला मैच पाकिस्तान के साथ है। भारतीय टीम सात साल बाद अपने घर में पाकिस्तान से खेल रही है। दुनियाभर के क्रिकेट फैंस इस मैच को देखने के लिए उत्साहित हैं। अहमदाबाद में एक लाख से ज्यादा दर्शक स्टेडियम से मैच देखेंगे। इस मैच के लिए दोनों टीमें अहमदाबाद पहुंच चुकी हैं और अभ्यास कर रही हैं। भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल यह मैच खेल सकते हैं। डेंगू की वजह से वह भारत के लिए शुरुआती दो मैच नहीं खेल पाए थे। ऐसे में युवराज सिंह ने उन्हें फोन किया और मैच खेलने के लिए कहा।

युवराज ने एक इंटरव्यू में बताया कि उन्होंने शुभमन गिल को फोन किया और पाकिस्तान के खिलाफ खेलने के लिए कहा। युवी ने गिल को यह भी बताया कि वह खुद अपने करियर में दो बार डेंगू से संक्रमित होने के बावजूद खेले हैं। इसके बाद गिल ने गुरुवार को एक घंटे तक अहमदाबाद में अभ्यास भी किया। अब पाकिस्तान के खिलाफ मैच में उनके खेलने की संभावना काफी ज्यादा है।

युवराज ने गिल से कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ मैच महत्वपूर्ण है और उन्हें यह मुकाबला खेलना चाहिए। युवी ने कहा मैंने उसे फोन किया और उससे कहा मैं दो बार डेंगू में खेला हूं, विश्व कप में भी मेरी तबीयत ठीक नहीं थी। तो खड़ा हो जा और खेल क्योंकि यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण मैच है। वैसे भी अगर वह बेहतर महसूस कर रहा होता तो वह खेलता। लेकिन वायरल या डेंगू से उबरना वाकई मुश्किल है। यह आपके शरीर से सब कुछ चूस लेता है। मुझे लगता है कि वह वास्तव में उस मैच को खेलने के लिए उत्सुक है।

युवराज ने इस दौरान टीम इंडिया की काफी तारीफ की। उन्होंने कहा कि भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद मैच जीता। वहीं, अगले मैच में रोहित ने एकतरफा जीत दिलाई। भारतीय टीम दबाव भरे हालातों के लिए भी तैयार है और सभी खिलाड़ी रन बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेमीफाइनल और फाइनल मैच में दबाव होगा। टीम इसके लिए तैयार है, यह अच्छी बात है।

वहीं, भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर उन्होंने कहा यह इस समय शहर में चर्चा का विषय है। भारत बनाम पाकिस्तान मैच हमेशा खास होते हैं। जब भी मैं लोगों से बात करता हूं, मैं उनसे कहता हूं कि वे इसका इंतजार करें क्योंकि यह एक बड़ा अवसर है। आप नहीं जानते कि ये समय वापस आएगा या नहीं। वनडे विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ टीम इंडिया कोई मैच नहीं हारी है। दोनों टीमें क्रिकेट के महाकुंभ में सात बार आमने-सामने आई हैं और हर बार टीम इंडिया जीत हासिल करने में सफल रही है।

शुभमन गिल ने सिराज और मलान को पछाड़ा, दूसरी बात जीता आईसीसी का ये बड़ा अवॉर्ड

दुबई (एजेंसी)। शुभमन गिल ने अपने हमवतन मोहम्मद सिराज और इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज डेविड मलान को हराकर साल में दूसरी बार आईसीसी पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड जीता। गिल को प्लेयर ऑफ द मंथ के रूप में नामित किया गया था।

शुभमन गिल एक से अधिक बार आईसीसी प्लेयर ऑफ द अवॉर्ड जीतने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर भी बने। शुबमन को जनवरी 2023 में इस सम्मान से पुरस्कृत किया गया था जिसमें उन्होंने वनडे क्रिकेट में अपना पहला दोहरा शतक बनाया था। डेंगू के कारण भारत के विश्व कप अभियान के पहले दो मैच नहीं खेलने वाले शुबमन गिल 1230 रन और 5 शतक के साथ 2023 में वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

इस बीच श्रीलंकाई आइकन चमारी अथापथु ने पिछले महीने अपनी टी20आई बल्लेबाजी और गेंदबाजी के प्रदर्शन के बाद अपनी टीम को अंग्रेजी धरती पर पहली श्रृंखला जीतने के बाद आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ के ताज जीता। सितंबर में वनडे क्रिकेट में 24 साल की खिलाड़ी के लिए रनों की बाढ़ आ दी। उन्होंने महीने की शुरुआत नेपाल और पाकिस्तान के खिलाफ अर्धशतकों के साथ की और फाइनल के रास्ते में कोलंबो में बांग्लादेश के खिलाफ स्टाइलिश अंदाज में शतक लगाया।

एशिया कप के समापन के बाद गिल एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में चमके उन्होंने मोहाली में 74 रन और इंदौर में 104 रन बनाए। कैलेंडर माह के दौरान उनके 480 रन 80 के औसत और 99.37 के स्ट्राइक रेट से बने। आईसीसी सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए गिल ने कहा कि यह पुरस्कार उन्हें भारत के लिए आगामी मैचों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा।

उन्होंने कहा, सितंबर महीने के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीतकर मुझे खुशी हो रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करना और टीम के हित में योगदान देना एक बड़ा सौभाग्य है। यह पुरस्कार मुझे उत्कृष्टता की तलाश जारी रखने और देश को गौरवान्वित करने के लिए प्रेरित करेगा।

उन्होंने कहा, मैं उस टीम के लिए एक उपयोगी योगदान देने में कामयाब रहा जिसे एशिया कप 2023 जीतने का सौभाग्य मिला और फिर सितंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला जीतने का सौभाग्य मिला। मैं इस अवसर पर अपने सभी साथियों, परिवार और कोच को धन्यवाद देता हूं जिनके बिना यह उपलब्धि संभव नहीं होती।

संक्षिप्त समाचार

दिल्ली की प्लास्टिक फैक्ट्री में आग लगी, दमकल की 26 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं

नईदिल्ली, एजेंसी। पश्चिमी दिल्ली के उद्योग नगर इलाके में शुक्रवार को सुबह प्लास्टिक की एक फैक्टरी में मामूली आग लग गई। दमकल विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आग से किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। दिल्ली दमकल सेवा के अधिकारियों ने बताया कि उद्योग नगर मेट्रो स्टेशन के निकट स्थित फैक्टरी में सुबह छह बजे आग लग गई। सूचना मिलने पर 26 दमकल वाहनों को आग बुझाने के लिए रवाना किया गया। आग पर अब काबू कर लिया गया है। फिलहाल आग लगने की वजह का भी पता नहीं चल सका है।

अशोक गहलोत के करीबी कांग्रेस नेता दिनेश खोड़निया के ठिकानों पर ईडी के छापे

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान में चुनाव से पहले ईडी के निशाने पर कांग्रेस नेता आ गए है। सीए अशोक गहलोत के करीबी कांग्रेस नेता दिनेश खोड़निया और उनके रिश्तेदार अशोक जैन के आवासीय ठिकानों पर ईडी ने छापे मारे हैं। कार्रवाई चल रही है। बता दें दिनेश खोड़निया कांग्रेस के वरिष्ठ नेता है। सीएम गहलोत के करीबी माने जाते हैं। डूंगरपुर कांग्रेस जिला अध्यक्ष रह चुके है। ईडी की टीम अशोक जैन और स्पर्धा चौधरी के ठिकानों पर भी पहुंची है। डूंगरपुर-जयपुर समेत कई ठिकानों पर ईडी की टीम सर्च कर रही है। पेपरलीक से जुड़े आरोपों को लेकर कार्रवाई हो रही है। कांग्रेस नेता दिनेश खोड़निया पर पेपर लीक के मुख्य आरोपी सुरेश ढाका को राजनीतिक संरक्षण देने का आरोप है। जबकि आरपीएससी सदस्य रहे बाबूलाल कटारा की आरपीएससी की सदस्यता के तौर पर सिफारिश करने के आरोप दिनेश खोड़निया पर है। सागवाड़ा के कांग्रेस नेता दिनेश खोड़निया अशोक जैन के घर के बाहर सीआरपीएफ के जवान तैनात है। हालांकि, रेड का कारण पता नहीं चला है, लेकिन माना जा रहा है कि पेपर लीक से जुड़े मामले पर ही रेड मारी जा रही है। बता दें आरपीएसी सेंकेंड ग्रेड भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हो गया था। जिसकी वजह से आयोग को परीक्षा रद्द करनी पड़ी थी। पेपर लीक मामले में की एसओजी जांच कर रही है। एसओजी ने आरपीएससी सदस्य रहे बाबूलाल कटारा को गिरफ्तार भी किया था। शुक्रवार सवेरे से ही सागवाड़ा की पुनर्वास कॉलोनी स्थित घर के बाहर हथियार बंद सीआरपीएफ के जवान तैनात हैं। ईडी ने ये कार्रवाई ऐसे समय पर की है जब प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और निर्वाचन आयोग ने तारीखों का ऐलान करते हुए आचार संहिता लागू कर दी है। इस वक्त अशोक जैन के घर के बाहर और अंदर हथियारों से लैस सीआरपीएफ जवानों को सुरक्षा के मद्देनजर खड़ा देख जा सकता है। घर के बाहर 3 से 4 गाड़ियां भी नजर आ रही हैं, जिसमें से दो पर पीले रंग की नंबर प्लेट। घर के बाहर दिख रही है। दरअसल, ईडी को पेपर लीक मामले में भूपेंद्र सारण द्वारा पूछताछ में दिनेश खोड़निया का नाम सामने आया है। यह भी पता चला है कि दिनेश खोड़निया की बाबूलाल कटारा को आरपीएससी सदस्य बनवाने में अहम भूमिक रही है। ईडी को इस बात के सबूत मिले हैं कि खोड़निया को बाबूलाल कटारा मंथली पैसे देता था। ईडी ने सुरेश ढाका की महिला मित्र स्पर्धा चौधरी के ठिकानों पर रेड मारी है। इन पर ढाका को भागने और भूमिगत होने में की का आरोप है। खोड़निया के बेटे के ससुर के घर भी ईडी ने रेड डाली है। ईडी को पेपर लीक में शामिल होने और पैसे के लेनदेन के पुख्ता सबूत मिले है।

छत्तीसगढ़ के स्कूल में गुब्बारों में हवा भरते समय हुआ धमाका

सरगुजा, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में एक स्कूल में गैस सिलेंडर फटने से 33 बच्चे घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिला कलेक्टर ने पुलिस और शिक्षा विभाग के अफसरों को इस घटना की जांच के आदेश दिए हैं। जानकारी के अनुसार, पुलिस ने बताया कि गुरुवार को सरगुजा जिले के अंबिकापुर शहर में विवेकानंद विद्या निकेतन स्कूल परिसर के अंदर हीलियम गैस सिलेंडर फटने से 33 बच्चे घायल हो गए। उन्हें तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने कहा कि यह घटना दोपहर 2.15 बजे के बाद स्कूल के मैदान में लंच टाइम के दौरान हुई, जब तीन लोग, जो गुब्बारे में हवा भरने के लिए हीलियम सिलेंडर का उपयोग कर रहे थे, सिलेंडर और गुब्बारे के फटने से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि इस घटना में करीब 33 स्कूली बच्चों को भी मामूली चोटें आईं। सरगुजा कलेक्टर कुंदन कुमार ने कहा कि कोई भी बच्चा गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है और वे सभी डॉक्टरों की निगरानी में हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस और जिला शिक्षा अधिकारी घटना की जांच करेंगे और आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

छत्तीसगढ़ चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने जारी की उम्मीदवारों की तीसरी सूची, 11 नामों का ऐलान

रायपुर, एजेंसी।
आम आदमी पार्टी (आप) ने आगामी छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए अपनी तीसरी सूची जारी कर दी है। गुरुवार देर रात जारी गई इस लिस्ट में आप की ओर से 11 लोगों के नाम की घोषणा की गई है। छत्तीसगढ़ की कुल 90 विधानसभा सीटों के लिए दो चरणों में सात और 17 नवंबर को मतदान होगा तथा 3 दिसंबर को मतगणना होगी।

अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए तीसरी लिस्ट में जिन 11 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की गई है उनमें- डॉ. आकाश जशवाल (बैकुंठपुर), चंद्रकांत डिकसेना (कटघोरा), मनभजन टंडन (लोरमी), दीपक पात्रे (मुंगेली), दुर्गालाल केवट (निषाद) (जैजैपुर),

लेखराम साहू (कसडोल), जशवंत सिन्हा (गुंडरदेही), संजीत विश्वकर्मा (दुर्ग ग्रामीण), चमेली कुर्रे (पंडरिया), जगमोहन बघेल (बस्तर) और नरेंद्र भवानी (जगदलपुर) के नाम शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा चुनाव पूरी ताकत के साथ लड़ने का फैसला करते हुए आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को कहा कि लोकतंत्र को बचाने के लिए विपक्षी दलों इंडिया ब्लॉक का गठन किया गया है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को कांग्रेस शासित राज्य में खनन घोटाला करने की छूट मिल जाए।

आप और कांग्रेस विपक्ष के इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं, लेकिन दोनों दलों ने छत्तीसगढ़ सहित चुनावी राज्यों में चुनाव पूर्व गठबंधन के बारे में अपना रुख साफ नहीं किया है। सोमवार को पांच राज्यों में साल के अंत में विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा के कुछ घंटों बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि उनकी पार्टी राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में पूरी ताकत से लड़ेगी। जब उनसे यह पूछा गया कि क्या उनकी पार्टी इंडिया गठबंधन के हिस्से के रूप में चुनाव लड़ेगी, तो उन्होंने कहा कि जो भी होगा उसके बारे में बताया जाएगा।

7 नवंबर को 20 सीटों पर होगी वोटिंग: बता दें कि, नक्सल प्रभावित कुछ क्षेत्रों के चलते संवेदनशील माने जाने वाले छत्तीसगढ़ में पहले चरण में सात नवंबर को 20 सीटों पर मतदान होगा तथा दूसरे चरण में 17 नवंबर को 70 सीटों पर मतदान होगा। राज्य विधानसभा चुनाव के पहले चरण लिए 13 अक्टूबर को अधिसूचना जारी होगी तथा 20 अक्टूबर तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे।

पहले चरण में नामांकन पत्रों की जांच 21 अक्टूबर को की जाएगी तथा 23 अक्टूबर तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। वहीं, दूसरे चरण के लिए 21 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जाएगी तथा 30 अक्टूबर तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण के लिए 31 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की छानबीन होगी तथा दो नवंबर तक नामांकन पत्र वापस लिए जा सकेंगे।

गौरतलब है कि, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार है। भाजपा मुख्य विपक्षी दल की भूमिका में है। 2018 के विधानसभा चुनाव में आप ने छत्तीसगढ़ में 85 उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन उनमें से सभी की जमानत जब्त हो गई थी। 90 सदस्यीय सदन के चुनावों में कांग्रेस की जीत हुई थी, जिसने 90 में से 68 सीटें जीतकर 15 साल की सत्ता के बाद भारतीय जनता पार्टी को बाहर कर दिया था। भाजपा को केवल 15 सीटें हासिल हुई थीं।

6 महीने के मेडिकल वीजा पर आए, दिल्ली-एनसीआर से लेकर बेंगलुरु तक खड़ा किया अंतरराष्ट्रीय रैकट

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मादक पदार्थों की तस्करी के अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने दो महिलाओं और एक पुरुष को दबोचा है। इनसे 6.044 किलो मेथाक्वालीन और 2.058 किलो हेरोइन बरामद हुई है। बरामद ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 40 करोड़ है। आरोपी छह महीने के मेडिकल वीजा पर भारत आए थे और अपने देश नहीं लौटे। तीनों अवैध रूप से दिल्ली में रहकर राजधानी, एनसीआर से लेकर बेंगलुरु और मुंबई तक ड्रग्स की तस्करी कर रहे थे। पुलिस इनसे पूछताछ कर पूरे नेटवर्क का पता लगाने का प्रयास कर रही है। गिरफ्तार आरोपियों में सिएरा लियोन निवासी पॉल जॉय दिल्ली में उत्तम नगर के ओम विहार में रहती थी। नाइजीरिया निवासी पीस इलोबे, दिल्ली की विकासपुरी और तीसरा आरोपी नाइजीरिया निवासी स्टीफन, दिल्ली के मोहन गार्डन में रहता था। स्पेशल सेल के मुताबिक, मादक पदार्थों की तस्करी में अफ्रीकी मूल के कुछ लोगों के दिल्ली में इकट्ठा होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने रंगपुरी इलाके में घेराबंदी की और महिपालपुर की तरफ से आते हुए पॉल जॉय और पीस इलोब को पकड़ लिया। आरोपियों से पुलिस ने 5.032 किलो मेथाक्वालीन बरामद किया।

महिलाओं ने बताया कि वे दिल्ली-एनसीआर में अफ्रीकी मूल के लोगों द्वारा चलाए जा रहे अंतरराष्ट्रीय ड्रग नेटवर्क की सदस्य हैं। वे अहमदाबाद की बस पकड़ने की तैयारी में थीं। मेथाक्वालोन की खेप दिल्ली स्थित अफ्रीकी नागरिक स्टीफन से खरीदी थी। पुलिस ने स्टीफन को 10 अक्तूबर को मोहन गार्डन से गिरफ्तार किया। महिला आरोपियों ने बताया कि वे सरगना स्टीफन के निर्देश पर दिल्ली-एनसीआर से बेंगलुरु और मुंबई ड्रग्स ले जाती थीं। सिंडिकेट के सदस्य महिला वाहकों को सिर्फ लंबे रूट की बसों द्वारा अहमदाबाद के रास्ते बेंगलुरु और मुंबई भेजते थे।

दो नहीं सिर्फ एक बोतल शराब की ही मेट्रो में हो इजाजत, विभाग बदलना चाहती है नियम

नईदिल्ली, एजेंसी।
दिल्ली मेट्रो में दो बोतल शराब ले जाने को लेकर दोबारा आबकारी विभाग ने नियमों में बदलाव करने की बात कही है। आबकारी विभाग ने दिल्ली मेट्रो कारपोरेशन को पत्र लिखा है कि वो मेट्रो में शराब की दो बोतल ले जाने संबंधी आदेश को वापस ले। आबकारी विभाग का कहना है कि यह फैसला नियमों के खिलाफ है। आबकारी नीति के तहत शराब सिर्फ एक सीलबंद बोतल को ही एक राज्य से दूसरे राज्य तक ले जाने की छूट है। डीएमआरसी के फैसले के बाद दिल्ली और एनसीआर के बीच चलने वाली मेट्रो से दो सीलबंद बोतलें ले जाने की अनुमति देना नियमों का उल्लंघन है। ऐसे में डीएमआरसी अपने फैसले को तत्काल बदले।

इससे पहले जुलाई में आबकरी विभाग ने नियमों में बदलाव करने की बात कही थी। आबकारी विभाग ने दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के सामने चिंता जाहिर की और कहा कि दो बोतल की जगह सिर्फ एक बोतल ले जाने की इजाजत दी जाए। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली एक्साइज एक्ट के अनुसार, 25 साल या उससे ज्यादा की उम्र के व्यक्ति को अन्य राज्यों से दिल्ली में केवल 1 लीटर शराब ले जाने की अनुमति मिलनी चाहिए और बोतल भी सीलबंद हो।

बता दें कि डीएमआरसी के फैसले में कहा गया था कि दिल्ली मेट्रो के सभी रूटों पर दो बोतल ले जाने की अनुमति होगी। हालांकि मेट्रो में शराब पीकर बवाल करने या झगड़ा करने पर सीआरपीएफ को यात्री को मेट्रो स्टेशन से बाहर निकालने का अधिकार है। इसके साथ ही नियम तोड़ने वाले यात्री पर सीआरपीएफ या मेट्रो कर्मचारी की ओर से 200 रुपये का जुर्माना भी लगाया जा सकता है। इसके साथ ही हालात ज्यादा बिगड़ने पर कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है। बता दें कि डीएमआरसी की तरफ से यात्रियों को अपने साथ शराब की दो सीलबंद बोतल लेकर चलने की अनुमति तो है, लेकिन स्टेशन के बाहर निकलते ही शराब लेकर आने वाले यात्री पर कार्रवाई होगी। दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा आबकारी विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि कोई भी यात्री विदेशी या किसी अन्य राज्य की शराब की सीलबंद बोतल लेकर नहीं आ सकता है। विदेशी या अन्य राज्य की एक सील खुली हुई बोतल लेकर व्यक्ति चल सकता है। जिस प्रदेश से शराब खरीदी गई है, उसके अलावा किसी भी दूसरे राज्य में शराब लेकर पहुंचना अपराध की श्रेणी में आएगा और व्यक्ति पर न्यूनतम 200 रुपये अर्थदंड लगाए जाने के साथ बोतल जब्त करने और जेल भेजने की कार्रवाई भी की जा सकती है।

गाजा में लगातार खराब हो रही मानवीय स्थितिः संयुक्त राष्ट्र

वाशिंगटन, एजेंसी।
संयुक्त राष्ट्र के मानवतावादियों ने कहा है कि इजरायली हवाई हमलों के परिणामस्वरूप गाजा में मानवीय स्थिति लगातार बिगड़ रही है। अब तक 338,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) के हवाले से कहा कि 218,000 से अधिक विस्थापित लोग फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) द्वारा संचालित स्कूलों में शरण लिए हैं।

कार्यालय ने कहा, 2,500 से अधिक आवास इकाइयां नष्ट हो गई हैं या गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गई हैं और रहने लायक नहीं रह गई हैं, जबकि लगभग 23,000 इकाइयों को मध्यम से मामूली क्षति हुई है। बताया गया कि कम से कम 88 शिक्षा सुविधाएं प्रभावित हुई हैं, इनमें 18 यूएनआरडब्ल्यूए स्कूल भी शामिल हैं, इनमें से दो का उपयोग विस्थापितों के लिए आपातकालीन आश्रय के रूप में किया गया था। इसका मतलब है कि लगातार छठे दिन, 600,000 से अधिक बच्चों को गाजा में सुरक्षित स्थान पर शिक्षा तक पहुंच नहीं मिली है।

गाजा के एकमात्र बिजली संयंत्र का ईंधन खत्म हो गया और उसने काम करना बंद कर दिया है। शनिवार को संघर्ष शुरू होने के बाद से, 10 लाख से अधिक लोगों की सेवा करने वाली सात महत्वपूर्ण जल और सीवेज सुविधाएं हवाई हमलों की चपेट में आ गईं और गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गईं। कहा गया है कि आधी बेकरियों में गेहूं के आटे की आपूर्ति एक सप्ताह से भी कम है, जबकि 70 प्रतिशत दुकानों में खाद्य स्टॉक में काफी कमी आई है। मानवीय सहायता प्रदान करने में मानवीय एजेंसियों को बड़ी बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। ओसीएचए ने कहा, असुरक्षा प्रभावित क्षेत्रों और गोदामों तक सुरक्षित पहुंच को रोक रही है।

चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद, मानवीय कार्यकर्ताओं ने कुछ सहायता प्रदान की है। इनमें 137,000 विस्थापित लोगों को ताजा रोटी का वितरण, पानी और स्वच्छता सुविधाओं के लिए 70 हजार लीटर ईंधन की डिलीवरी और मनोसामाजिक सहायता हेल्पलाइन की सक्रियता शामिल है। मानवीय मामलों के लिए संयुक्त राष्ट्र के अवर महासचिव मार्टिन ग्रिफिथ्स ने बुधवार को राहत प्रयासों को तत्काल मदद के लिए केंद्रीय आपातकालीन प्रतिक्रिया कोष से 9 मिलियन डॉलर आवंटित किए।

इजरायल ने गाजा पर अब तक गिराए 6000 बम, 2800 लोगों की मौत

जेरुशलम, एजेंसी।
इजरायली सेना ने कहा कि उसने इजरायल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से गाजा पर अब तक करीब 6,000 बम गिराए हैं। साथ ही यह भी कहा है कि वह हमास के ठिकानों पर हमला कर रहा है। इस हमले को दौरान गाजा पट्टी के अस्पताल और संयुक्त राष्ट्र द्वारा बनाए गए आश्रय स्थल भी प्रभावित हुए हैं। हवाई हमलों ने उनके घरों में मौजूद पूरे परिवारों को भी मार डाला गया है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि पूरे 22 परिवार मारे गए हैं।

स्थानीय समाचार आउटलेट्स ने दमिश्क और अलेप्पो में हवाई अड्डों पर इजरायली बलों द्वारा ताजा हमलों की सूचना दी है। ये हमले ऐसे समय में हुए जब अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन इजराइल पहुंचे थे। यहां उन्होंने इजरायल को हर तरीके से समर्थन देने का वादा किया। उन्होंने कहा, मैं अपने साथ संदेश लेकर आया हूं। आप अपनी रक्षा करने के लिए अपने आप में काफी मजबूत हो सकते हैं, लेकिन जब तक अमेरिका मौजूद है आपको ऐसा कभी नहीं करना पड़ेगा। आपको बता दें कि युद्ध में अब तक दोनों पक्षों के 2,800 लोगों की जान जा चुकी है।

इजराइल ने गुरुवार को कहा कि जब तक बंधकों को रिहा नहीं किया जाता तब तक गाजा पट्टी को बिजली, पानी या ईंधन नहीं मिलेगा। इजराइल के ऊर्जा मंत्री इजराइल काट्ज कहा, गाजा को मानवीय सहायता? जब तक इजरायली बंधकों की घर वापसी नहीं हो जाती, तब तक कोई बिजली का स्विच ऑन नहीं किया जाएगा। कोई जल हाइड्रेंट नहीं खोला जाएगा और कोई ईंधन ट्रक प्रवेश नहीं करेगा। मानवतावादी के लिए मानवतावादी। किसी को भी हमें नैतिकता का उपदेश नहीं देना चाहिए।

लड़की की ना सुन भड़का सनकी आशिक, दिल्ली में सरेराह 13 बार चाकू मारा

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के लाडो सराय में 23 साल की प्राची पर एकतरफा प्यार में सनकी आशिक ने 13 बार चाकू से वार किया। अब अस्पताल में वह जिंदगी और मौत की जंग लड़ रही है। एक एमएनसी में रिक्रूटर के रूप में काम करने वाली प्राची मलिक गुरुवार सुबह विश्वास नगर में एक इंटरव्यू वर्कशॉप के लिए निकली थी। लेकिन उसके इंतजार में पहले से खड़े गौरव पाल ने उसे अस्पताल के आईसीयू तक तक पहुंचा दिया। डीसीपी साउथ चंदन चौधरी ने घटना की पूरी जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को गौरव पाल ने सुबह करीब 8 बजे प्राची से बात की थी। प्राची ने उसे बताया था कि वह ऑफिस आ चुकी है। उसने गौरव को यह भी कहा था कि वह 6- 6:30 तक ही निकल जाती है। इसके बाद उसने गौरव का नंबर भी ब्लॉक कर दिया। गौरव ने प्राची से 10-12 दिन पहले मुलाकात भी की थी। लेकिन प्राची उससे बातचीत में दिलचस्पी नहीं ले रही थी। गाजियाबाद में रहने वाला गौरव गुरुवार को प्राची से मिलने के लिए सुबह करीब 5:30 बजे ही उसके घर के पास आकर खड़ा हो गया। लड़की की मां शकुंतला मलिक ने कहा कि जब बेटी नमस्ते करती हुई घर से सुबह वर्कशॉप के लिए निकली तो वह सो ही रही थीं। डीसीपी के मुताबिक, पाल ने प्राची से बात करने की कोशिश की और उसे काम पर छोड़ने की पेशकश भी की। लेकिन प्राची ने उससे बात करने से इनकार कर दिया। इसके बाद दोनों में बहस हुई और प्राची ने उसे थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद लड़के ने उसके हाथ से फोन छीन लिया तो प्राची चोर-चोर चिल्लाने लगी। फिर वह कैब में जाकर बैठ गई। तमतमाया गौरव उसके पीछे कैब तक गया और जेब से चाकू निकालकर उसने ताबड़तोड़ वार शुरू कर दिए। वह घर से जेब में रखकर चाकू लाया था। प्राची की चीखें सुनकर लोग कैब की ओर दौड़े। आसपास के लोगों और कैब चालक ने आरोपी को पकड़ लिया।

इंसानों से ज्यादा टेक्नोलॉजी पर भरोसा मोसाद को पड़ा भारी

येरूसलम एजेंसी। डिफेंस और इंटेलिजेंस के मामले में इजराइल दुनियाभर में मशहूर है। एक साथ 6 अरब देशों को जंग के मैदान में मात देने वाला इजराइल। यहूदियों के जनसंहार के जिम्मेदार अडोल्फ आईकमैन को अर्जेंटीना से अगवा कर लाने वाला इजराइल।

आखिर 7 अक्टूबर 2023 की सुबह अपने देश पर होने वाले इतने बड़े हमले को कैसे नहीं भांप पाया? दुनिया की टॉप इंटेलिजेंस एजेंसी मोसाद से कहां और कैसे चूक हुई?

इजराइल सरकार के अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा- यह बहुत ही बड़ी चूक है। इसकी तह तक जाने में कुछ सालों का समय लग सकता है। इसकी जांच शुरू की जा चुकी है। इस साल के अंत तक इंटेलिजेंस फेलियर से जुड़ी कुछ जानकारी हाथ लग सकती है। फिलहाल कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा।

वहीं, लंबे समय तक रॉ के साथ काम कर चुके अधिकारी ने बताया कि मोसाद, ज्यादा देशों के साथ मिलकर काम नहीं करती है, जबकि भारत की रॉ के साथ मिलकर कई दशकों से काम कर रही है। इजराइल चारों तरफ से उसे चुनौती देने वाले देशों से घिरा है। ये देश इजराइल के बनने के वक्त से ही उसे नुकसान पहुंचना चाहते हैं।

यही वजह है कि इजराइल में खुफिया तंत्र पर वहां की सरकार खूब पैसा खर्च करती है। इजराइल में इंटेलिजेंस इकट्ठा करना उतना ही जरूरी है जितना किसी और देश में रोटी, कपड़ा और मकान। 7 अक्टूबर का हमला बहुत बड़ी नाकामयाबी है, इजराइल की सरकार जितना भी इसके लिए दूसरे देश को जिम्मेदार माने, लेकिन सत्ता में बैठे लोग इस फैक्ट को नहीं नकार सकते कि वो अपने लोगों को सुरक्षा देने में नाकामयाब रहे। मामले से जुड़े जानकारों का कहना है कि इजराइल पर हमला किसी नए संगठन ने नहीं, बल्कि इजराइल के ही पुराने दुश्मन, हमास ने किया। यह ठीक वैसा ही है जैसे की हमने 1999 में कारगिल में देखा था। जब पाकिस्तान के सैनिक और आतंकवादी हमारे सीमा में घुस गए थे और हमें पता भी नहीं चला।

उन्होंने कहा- मुझे जानकारी मिली है कि हमला नहीं रोक पाने की वजह से मोसाद के काफी अधिकारियों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। मामले पर नजर रख रहे एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि मोसाद , शिन बेट और अमन इस गलतफहमी के शिकार हो गए की हमास काफी कमजोर हो चुका है और ईरान , जो हमास का सबसे बड़ा समर्थक है, वो चुप बैठा है। 2020 में इजराइल और 2 अरब देशों के बीच एक समझौता हुआ था। इसके तहत फिलिस्तीन के समर्थक रहे,श्व और बहरीन ने इजराइल से संबंध सुधारने की शुरुआत की थी। इसके लिए अमेरिका ने मध्यस्थता कराई थी, जिसे अब्राहम एकॉर्ड के नाम से जानते हैं। तब ये माना गया था कि और भी अरब देश इस समझौते में शामिल होंगे। इसका असर ये हुआ कि मोसाद और इजराइल के बाकी खुफिया संगठन ये मान बैठे की अब हमास के समर्थक घटने की वजह से उससे कम खतरा रहेगा। मोसाद ये भूल गया था कि डिप्लोमेसी और राजनीति अपना काम करती है और खुफिया संगठन अपना। हमास कम से कम 15 से 19 महीने से इस ऑपरेशन पर काम कर रहा था पर जिसकी भनक किसी को भी नहीं लगी। हूवर इन्स्टिट्यूट और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में सीनियर फेलो एमी जेगार्ट ने हमास के हमले पर लिखा की मोसाद टेक्नोलॉजी पर ज्यादा भरोसा करने लगा है। ह्यूमन इंटेलिजेंस से दूर हो गए हैं, उन्हें इसी बात का खामियाजा भुगतना पड़ा है।

पूर्व इजराइली प्रधानमंत्री एहुद बराक ने भी इजराइली खुफिया एजेंसियों की आलोचना की है। उन्होंने कहा है कि हमास का हमला खुफिया एजेंसियों और राजनीतिक नेतृत्व की बड़ी विफलता है। एक रिटायर्ड रॉ के अधिकारी ने बताया ह्यूमन इंटेलिजेंस, जासूसी की दुनिया में सबसे मेहनत का काम होता है। इसमें सबसे ज्यादा जोखिम भी होता है, पर जो रिजल्ट आपको ह्यूमन इंटेलिजेंस से मिल सकता है, वो कोई और नहीं दे सकता। फर्ज कीजिए कि आपने एक दुश्मन देश में ऊंचे पद पर बैठे एक अफसर को अपने लिए काम करने के लिए तैयार कर लिया हो। उसके बाद आप सोचिए कि वो किस स्तर की खबर आपको देगा। उसके आगे बाकी सारी इंटेलिजेंस फेल है। उन्होंने बताया कि कुछ साल पहले तक मोसाद ने गाजा पट्टी में हमास के बीच में अपने लोगों को बैठाया था, पर पिछले 4-5 साल से मोसाद ने इस तरह की इंटेलिजेंस पर ध्यान देना कम कर दिया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129